सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 21 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 167, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1046 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स में 1046 अंक उछलकर 82,408 .17 पर बंद हुआ । } 14

## 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में पीएम मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की। } 16



### संक्षेप

## यूपी : सड़क हादसों में सात लोगों की मौत

लखनऊ। उन्नाव, सुल्तानपुर, बिजनौर और मैनपुरी जिले में हुए सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 9 घायल हो गए। उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पुलिस टीम को ले जा रही एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार और एक निजी बस के बीच टक्कर होने से 35-वर्षीय एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई और छह घायल हो गए। शुक्रवार को यह दुर्घटना सुबह करीब छह बजे बांगरमऊ थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 238 के पास हुई। अमेठी पुलिस की टीम एक लापता लड़की को लेकर लौट रही थी। कार में पुलिसकर्मी और लड़की के परिवार के सदस्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिजली गिरने से चार बच्चों की मौत

कौशांबी। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सराय अकिल थाने के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि जुगराजपुर गांव के चार बच्चे- सतीश कुमार, मनी, पवन दास और दीपांजलि बकरियां चरा रहे थे। इस दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और चारों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। झुलस गए इन बच्चों को परिजन तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सतीश और मनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन और दीपांजलि को प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया है। अधिकारी के अनुसार इस घटना की जानकारी आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दी गई है और मृतक बच्चों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी घटना कौशांबी थाना क्षेत्र के तारा का पूरा गांव की है। तारा का पुरा गांव में तीन बच्चे- गोविंद, रूपा देवी और मोहित भैंस चराने गए थे।

## ईरान ने भारतीयों को निकालने के लिए हवाई प्रतिबंध हटाया

नयी दिल्ली। ईरान ने एक खास कदम उठाते हुए ईरानी शहर मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों, जिनमें अधिकतर छात्र हैं, को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक निकासी उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी पर इजराइली हमलों के बाद भारतीय नागरिकों को तेहरान से मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- युवाओं को दक्ष बनायेगा 'हुनर हाथ' प्रोजेक्ट (पृष्ठ-02)
- गोरखपुर एक्सप्रेस-वे नहीं, फोरलेन : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- विदेशी मुद्रा भंडार 698.95 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़ा (पृष्ठ-14)
- एडीबी, विश्व बैंक बांग्लादेश को देंगे कर्ज (पृष्ठ-14)


# एअर इंडिया के विमान से पक्षी टकराया, वापसी की उड़ान रद्द

एजेंसी

मुंबई। दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए एअर इंडिया के विमान से शुक्रवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद विमानन कंपनी को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित उतर गया और उसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली।

एअर इंडिया ने कहा कि विमान को खड़ा कर दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम विस्तृत जांच कर रही है। उसने कहा 20 जून को पुणे से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई2470 को पक्षी के टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है। आने वाली उड़ान के पुणे में सुरक्षित उतरने के बाद पक्षी के टकराने का पता चला। विमानन कंपनी ने कहा कि वह फंसे हुए यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने समेत समस्त इंतजाम कर रही है। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रा रद्द करने या पुनर्निर्धारण का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एयर इंडिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि वह 21 जून से 15 जुलाई के बीच हर सप्ताह 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कटौती करेगी और तीन विदेशी मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी। इसने बताया कि दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-लंदन और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) पर 15 जुलाई तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। विमानन कंपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा को दी 18600 करोड़ की सौगात

❍ ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का किया अनावरण ❍ नयी ट्रेन को दिखायी हरी झंडी ❍ लखपति दीदी सहित कई लोगों को किया सम्मानित

एजेंसी

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नयी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाशिंगटन आने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया और इसके बजाय भगवान जगन्नाथ की पवित्र भूमि ओडिशा आने का विकल्प चुना। भुवनेश्वर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, मैं जी 7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मुझे फोन किया और चर्चा तथा दोपहर के भोजन के लिए वाशिंगटन आमंत्रित किया। मैंने निमंत्रण के लिए उन्हें



धन्यवाद दिया और कहा कि मुझे भगवान जगन्नाथ की भूमि ओडिशा जाना है। मैंने विनम्रतापूर्वक उनके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। जून 2024 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं में पेयजल और सिंचाई, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे अवसंरचना शामिल हैं। मोदी ने सोनपुर-पुरुणाकटक रेलवे लाइन का उद्घाटन करने के बाद बौध जिले के लिए पहली यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सरला-सासन के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन और झारसुगुड़ा-जामगा के बीच चौथी रेल लाइन जैसी रेलवे परियोजनाओं को भी शुरू किया। इसके अलावा, मोदी ने पर्यावरण अनुकूल शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) प्रणाली के तहत 100 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने ओडिशा दृष्टि दस्तावेज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का भव्य लोकार्पण

## आजमगढ़ से गोरखपुर तक 91.352 किमी लंबा लिंक एक्सप्रेसवे 7,283 करोड़ की लागत से किया गया तैयार

एस.के. सत्येन

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आजमगढ़ में 91.352 किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य लोकार्पण किया। 7,283 करोड़ की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रतीक बना है। सीएम योगी ने फीता काटकर इसे जनता को समर्पित किया और अपने काफिले के साथ गोरखपुर के लिए रवाना हुए। इससे पहले, सलारपुर, फूलपुर में आयोजित जनसभा में उन्होंने आजमगढ़ की बदलती पहचान और डबल इंजन सरकार के प्रयासों की सराहना की। सीएम योगी ने कहा कि पहले आजमगढ़ पहचान के संकट से जूझता था, लेकिन अब यह अदम्य साहस और विकास का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को ...शेष पृष्ठ 14 पर







## जाति और धर्म की राजनीति के बिना उत्तर प्रदेश का विकास किया : सीएम योगी

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (ढांचागत विकास) की गति बढ़ेगी तो प्रगति भी तेजी से होगी। प्रगति तेज होने पर समृद्धि अपने आप आएगी। समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि उसके अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज गति से विकास किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रोड इंफ्रास्ट्रक्रर का उत्कृष्ट उपहार देने के सिलसिले को जारी रखते हुए 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से बने 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के अवसर पर भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के विकसित देशों का विकास उनके बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर की ही देन है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया गया, उसका ही परिणाम है कि यूपी अब बीमारू राज्य की बदनामी से उबरकर इमर्जिंग स्टेट के रूप में पहचाना जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारतीय संस्कृति में निहित है करूणा व प्रेम

## मुर्मू ने किया तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन को जनता को किया समर्पित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। भारत का इतिहास संवेदनशीलता और समावेशिता की प्रेरक घटनाओं से भरा पड़ा है। हमारी संस्कृति और सभ्यता में मानवीय करुणा और प्रेम के तत्व हमेशा मौजूद रहे हैं। यह विचार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून प्रवास के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देहरादून में राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया और स्मारिका दुकान सहित सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया और राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला



रखी। राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन क्रमशः 24 जून और 1 जुलाई, 2025 से आम जनता के लिए खुले रहेंगे। इन अवसरों पर राज्यपाल गुरुमीत सिंह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विशिष्ट उपस्थिति रही। राष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि सुगम्य भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इजराइल-ईरान ने एक दूसरे पर बरसायीं मिसाइलें

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध में सैन्य भागीदारी पर कर रहे हैं विचार

एजेंसी

तेल अवीव। इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है। इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि





ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की पर्याप्त संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने व्हाइट हाउस में अमेरिका के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### विशेष खबर — आज योग व स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का होगा संचालन

# यूपी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 पार्क तैयार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को हजारों की संख्यां में लोग एक साथ योग करेंगे। योग पार्कों को इस रूप में विकसित किया गया है, जहां स्थानीय लोग योग दिवस के बाद भी योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी।



नगर विकास विभाग ने प्रदेश स्तर पर योग पार्कों का विकास किया है। इन योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के निर्देशों के मुताबिक प्रदेश के नगरीय निकायों में योग पार्क विकसित किये गये हैं। इनमें नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास, कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है। नगर विकास विभाग ने राजधानी लखनऊ... शेष पृष्ठ 14 पर

# ग्रीन सिटी बनेंगे यूपी के शहर

## शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मंजूरी, गार्डन, पार्क और फॉरेस्ट भी बनेंगे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने शुक्रवार को नगर विकास विभाग की ओर से प्रस्तावित शहरी हरित नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह नीति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी। यूपी शहरी हरित नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सतत और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में हरित पहलों और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो प्रदेश के शहरों को उनकी हरित



पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिंग प्रदान करेगा। साथ ही शहरों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए वर्टिकल और रूफटॉप गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को विकसित किया जाएगा। शहरी हरित नीति, प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाएगी। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम ने लिंक एक्सप्रेस वे से किया घाघरा सेतु का निरीक्षण



जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर घाघरा सेतु का निरीक्षण किया। यह दीर्घ सेतु कम्हरियाघाट में घाघरा नदी पर बना है।मुख्यमंत्री ने यहां नदी की धारा मोड़ने के लिए किए गए और हो रहे कार्यों को भी देखा और जरूरी निर्देश दिए।

शुक्रवार पूर्वाह्न आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री इस एक्सप्रेसवे के सफर पर निकले। इस दौरान उनका पहला पड़ाव कम्हरियाघाट रहा। उनके साथ प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, स्थानीय विधायक श्रीराम चौहान, प्रदेश के मुख्य सचिव और यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह, प्रदेश सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री कम्हरियाघाट में घाघरा नदी पर बने दीर्घ सेतु पर रुके। उन्होंने पुल से घाघरा नदी और पुल को नदी की धारा से सुरक्षित रखने के लिए नदी तट पर हुए कार्यों का जायजा लिया। यूपीडा और सेतु निगम के अधिकारियों ने उन्हें नदी की धारा से बचाव और सुरक्षात्मक कार्यों की जानकारी दी। करीब दस मिनट तक घाघरा सेतु का निरीक्षण करने और आवश्यक दिशानिर्देश देने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दूसरे लोकार्पण स्थल भगवानपुर टोल प्लाजा के लिए रवाना हो गए।

## तिरंगा लहराकर बोली जनता, आभार महाराज जी



**गोरखपुर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह के लिए आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक्सप्रेसवे पर जगह-जगह जोरदार अभिवादन किया गया। इस दौरान जनता में गजब का उत्साह देखा गया। एक्सप्रेसवे का शानदार उपहार मिलने से आह्लादित जनसमूह ने हाथ में तिरंगा लेकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उनके सम्मान में नारे लगाते हुए कहा, बहुत बहुत आभार महाराज जी।

- **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर जगह-जगह जुटे जन समूह ने सीएम योगी का किया अभिवादन**

शुक्रवार को आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने काफिले के साथ एक्सप्रेसवे पर यात्रा करते हुए लोकार्पण समारोह के दूसरे स्थान भगवानपुर टोल प्लाजा पर आए। इस दौरान अनेक स्थानों पर क्षेत्रीय जनता ने एक्सप्रेसवे के किनारे खड़े होकर उनका अभिवादन किया। गोरखपुर में कम्हरियाघाट से लेकर भगवानपुर टोल प्लाजा तक पंद्रह स्थानों पर जुटे जनसमूह ने सीएम का स्वागत किया। कम्हरियाघाट पर खजनी के विधायक श्रीराम चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया जबकि अन्य स्थानों पर स्वागत की अगुवाई स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने की। सभी स्थानों पर स्वागत के लिए जुटे लोगों के हाथ में तिरंगा लहरा रहा था। मुख्यमंत्री का वाहन पास आते ही लोगों ने उनके सम्मान में गगनभेदी नारे लगाए। मुख्यमंत्री ने भी मुस्कुराते हुए हाथ उठाकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। कम्हरिया घाट के अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 42, 37.20, 31, 29.30, 26.80, 24.60, 22.80, 20.80, 17.50, 15.50, 12.80, 10, 8.20 और 7 किलोमीटर पर मुख्यमंत्री का क्षेत्रीय जनता से जोरदार स्वागत किया। एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 10 पर सांसद रविकिशन शुक्ल और सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल के नेतृत्व में, किलोमीटर 7 पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह और गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह के नेतृत्व में सीएम योगी का अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने जगह जगह हुए स्वागत के लिए मंच से जनता के जोश की सराहना की और आभार जताया।

# राजभवन में मना पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से शुक्रवार राजभवन में पश्चिम बंगाल राज्य का स्थापना दिवस गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय धरोहर को स्मरण करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया।

- **राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक चलचित्र का भी हुआ प्रदर्शन**

प्रदर्शित चलचित्र में नेताजी के बलिदान, अद्भुत नेतृत्व क्षमता, असाधारण देशभक्ति एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके ऐतिहासिक योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। चलचित्र ने यह संदेश दिया कि कैसे नेताजी ने अपने पूरे जीवन को मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। आजाद हिंद फौज के गठन से लेकर ब्रिटिश सत्ता को सीधी चुनौती देने तक, उनका साहसिक और तेजस्वी व्यक्तित्व देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। चलचित्र प्रदर्शन के माध्यम से राजभवन में उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों, कर्मियों एवं अतिथियों ने नेताजी के जीवन दर्शन उनके आदर्शों एवं भारत के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को निकटता से अनुभव किया। यह आयोजन पश्चिम बंगाल की उस गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करने का प्रयास था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में महानायकों को जन्म दिया और भारतीय राष्ट्रीय चेतना को एक नई दिशा प्रदान की। राजभवन में आयोजित यह सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करता है, जिसमें विभिन्न राज्यों की पहचान, परंपराएं एवं योगदान साझा कर राष्ट्रीय एकता को और भी मजबूत बनाया जाता है। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल वह पुण्य भूमि है, जहां आध्यात्म, क्रांति और संवेदनशीलता एक साथ फलीभूत होते हैं। यह राज्य स्वामी विवेकानन्द, रवीन्द्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, जगदीश चंद्र बोस और अमर्त्य सेन जैसे महान विभूतियों की जन्मभूमि रहा है, जिन्होंने भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन को दिशा दी। उन्होंने कहा कि बंगाल की साहित्य, संगीत, सिनेमा और कला की परंपरा भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का दर्पण है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक चलचित्र के माध्यम से उनकी वीरता, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और त्याग को याद किया गया, जिन्होंने जय हिन्द का उद्घोष कर देशवासियों में आजादी की ज्वाला प्रज्वलित की।

# युवाओं को दक्ष बनायेगा 'हुनर हाथ' प्रोजेक्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और नवाचारी पहल करते हुए युवाओं को घरेलू सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत पांच जिलों में की जाएगी, जिसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। 'हुनर हाथ' योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, देखभाल, घरेलू उपकरणों का रखरखाव जैसी सेवाओं में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय एवं अनावासीय दोनों रूपों में होगा। इसके अंतर्गत सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थानों की साझेदारी से योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। युवाओं को एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जहां से आम नागरिक उनकी सेवाएं ले सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डा. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

- **यूपी के 5 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगी शुरुआत**
- **प्रदेश के प्रशिक्षित युवाओं को घरेलू सेवाओं में मिल सकेगा रोजगार**
- **आवासीय एवं अनावासीय दोनों रूपों में होगा युवाओं का प्रशिक्षण**

# देश में बने हर 10 में 6 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे होंगे यूपी में

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत के बुनियादी ढांचे के नक्शे पर उत्तर प्रदेश अब सबसे दमदार हस्ताक्षर कर रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के राष्ट्र को समर्पण के साथ ही उत्तर प्रदेश देश के कुल एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 42 प्रतिशत हिस्सा अकेले अपने नाम कर चुका है। अभी तक यह 38 प्रतिशत था। यही नहीं, मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी) का उद्घाटन होने के बाद उत्तर प्रदेश में अकेले देश का एक्सेस कंट्रोल्ड नेटवर्क 62 प्रतिशत हो जाएगा। यानी देश में बने हर 10 किलोमीटर एक्सप्रेसवे में से 6 किलोमीटर एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में होंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के अनुसार, देशभर में जहां कुल 2900 किमी एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे मौजूद हैं, वहीं 1200 किमी से ज्यादा एक्सप्रेसवे अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। यह पूरे देश के कुल एक्सप्रेसवे के नेटवर्क का 38 प्रतिशत है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के जुड़ने से यह आंकड़ा अब बढ़कर 42 इसके अतिरिक्त यूपी में वर्तमान में संचालित एक्सप्रेसवे और उनकी लंबाई हो गया है। मनोज कुमार सिंह के अनुसार, जल्द ही गंगा एक्सप्रेसवे भी इसका हिस्सा होगा, जिसके जुड़ने से उत्तर प्रदेश का कुल शेयर 62 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण न सिर्फ भौगोलिक बाधाओं को पार कर हुआ है, बल्कि यह पूर्वांचल की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर को भी बदलने जा रहा है। इसे बनाने में 7200 करोड़ रुपए की लागत आई है, जिसमें 3400 करोड़ रुपए इसे बनाने में और शेष भूमि अधिग्रहण और अन्य मदों में खर्च किया गया है। इसके लिए 22 हजार किसानों से 1100 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

**यूपी में वर्तमान में संचालित एक्सप्रेस-वे और उनकी लंबाई**

| | |
|---|---|
| पूर्वांचल एक्सप्रेसवे | 341 किमी |
| बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे | 296 किमी |
| आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे | 302 किमी |
| यमुना एक्सप्रेसवे | 165 किमी |
| दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे | 96 किमी |
| नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे | 25 किमी |
| गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे | 91 किमी |

उत्तर प्रदेश देश का पहला और इकलौता राज्य है जहां सबसे अधिक एक्सप्रेसवे न केवल बनकर तैयार हो चुके हैं, बल्कि कई निर्माणाधीन और प्रस्तावित भी हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का सातवां एक्सप्रेसवे है। इसके अतिरिक्त 3 निमार्णाधीन और 8 प्रस्तावित हैं। प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी), बलिया लिंक एक्सप्रेसवे (35 किमी) और लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (63 किमी) तेजी से पूर्ण हो रहे हैं। वहीं, चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को वाया फर्रूखाबाद, गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे तथा जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण गतिमान है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है, जहां 2000 किमी से अधिक एक्सप्रेसवे नेटवर्क की योजना पर काम हो रहा है। यूपी में एक्सप्रेसवे न केवल राजधानी या बड़े शहरों तक सीमित हैं, बल्कि बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई जैसे क्षेत्रों को भी जोड़ रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने जिस गति और दृष्टिकोण के साथ एक्सप्रेसवे नेटवर्क का विस्तार किया है, वह न केवल प्रदेश को जोड़ता है, बल्कि पूरे भारत के विकास को गति देता है। उत्तर प्रदेश के ये एक्सप्रेसवे सिर्फ सीमेंट और कंक्रीट से बनी रोड नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की धमनियां हैं जो उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच को सुलभ बना रही हैं। उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेसवे के जरिए देश को जोड़ने वाला इंजन बन चुका है। जहां बाकी राज्य शुरूआत में हैं, वहीं यूपी नेशनल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का बेस कैम्प बन चुका है और अब यह सफर रुकने वाला नहीं है। यह एक्सप्रेसवे उम्मीदों, सपनों और नए अवसरों की चमकती सड़क है जो उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेस स्टेट ऑफ इंडिया' बना रही है।उत्तर प्रदेश में कई और एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं, जबकि कई नए एक्सप्रेसवेज को शासन द्वारा मंजूरी दी गई है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे नहीं, फोरलेन है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह जो ट्रिलियन डालर का बजट है वह शिक्षा स्वास्थ्य और गरीब कल्याण पर नही, लूट के हाइवे में जा रहा है। जो लोग समाजवादी सरकार में बने एक्सप्रेस-वे पर अगुंलियां उठा रहे थे सरकार में आते ही जमीनों की रजिस्ट्री चेक करा रहे थे वे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे में गोरखधंधे पर क्यों खामोश है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे कब बन जाना चाहिए था। 91 किलोमीटर का एक्सप्रेस-वे सात हजार करोड़ रुपए से ज्यादा में बना है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे नहीं है, फोरलेन है। मुख्यमंत्री को पता ही नही है कि फोरलेन और एक्सप्रेस-वे क्या होता है अंतर, जानना हो तो कभी किताब उठाकर देख लें कि इंडियन रोड कांग्रेस क्या कहती है। क्या यह सड़क इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों के अनुसार बनी है, जिसने मानकों से खिलवाड़ किया है क्या सरकार ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी?

- **सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता के दौरान एक्सप्रेस वे को लेकर सरकार को कठघरे में किया खड़ा**

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा सरकार में बंटवारे और लेनदेन का झगड़ा चल रहा है। अधिकारी अपने मन से काम करना चाहते हैं, मंत्री अपने मन से। मंत्री और अधिकारियों का झगड़ा चल रहा है। एक डिप्टी सीएम ने लिखकर शिकायत की है उनके विभाग के अधिकारी ने उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई। स्वास्थ्य विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सीएमओ और डीएम के बीच लड़ाई में विधायकों में भी बंटवारा हो गया। शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग हर जगह ट्रांसफर का रेट है। नगर विकास विभाग में भारी भ्रष्टाचार है। बारिश से शहरों में नाले, नालियां चोक हो गयीं। स्मार्ट शहरों के लिए अलग बजट आया था, सब बजट कहां चला गया? स्मार्ट शहरों में ड्रेनेज नहीं है। गोरखपुर की बात छोड़िये, मथुरा, आगरा, उन्नाव में भी नाले चोक हो गये। स्मार्ट नगरों में दिल्ली और लखनऊ दोनों सरकारों से बजट मिला। मंत्री से लेकर मेयर तक सब भाजपा के है। प्रदेश और दिल्ली में भाजपा की सरकार है लेकिन यह लोग नाले तक नहीं बना पा रहे है। नदी-नाली का पैसा खा गए। उत्तर प्रदेश में इस समय जितना भ्रष्टाचार है ऐसा भ्रष्टाचार कभी नहीं हुआ था। भ्रष्टाचार में लिप्त एक अधिकारी अभी भी लापता है।

# 23 को वाराणसी में रहेंगे जयंत चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी आगामी 23 जून को वाराणसी के दौरे पर रहेंगे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। इस दौरे को पूर्वांचल में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क अभियान के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बढ़ते जनसमर्थन और संगठन की मजबूती को देखते हुए रालोद अब इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और प्रभावी बनाने जा रही है। जयंत चौधरी अपने दौरे के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं से संवाद, सामाजिक संगठनों से मुलाकात, तथा पूर्वांचल के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। रालोद की यह पहल स्पष्ट संकेत देती है कि अब पार्टी केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे राज्य में एक सशक्त विकल्प के रूप में उभर रही है। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि वाराणसी दौरे के दौरान जयंत चौधरी कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम, प्रेस कांफ्रेंस तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और युवाओं से भेंट करेंगे। इस दौरे के माध्यम से रालोद पूर्वांचल में अपनी जड़ों को और गहरा करेगा।

## सीएम योगी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए उनके सुदीर्घ, स्वस्थ व यशस्वी जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, कि सेवा और सादगी की प्रतीक, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, कि भगवान जगन्नाथ से आपके सुदीर्घ, स्वस्थ व यशस्वी जीवन की प्रार्थना है। मुर्मू ने 2022 में राष्ट्रपति पद संभाला था और वह आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली पहली राष्ट्रपति हैं।

## निलंबित निधि सिंह कम्प्यूटर सहायक सेवा से पदच्युत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन, सचिवालय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव फूल चंद्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार निधि सिंह, कम्प्यूटर सहायक (निलंबित) को अनधिकृत अनुपस्थिति, शासन स्तर पर प्राप्त विभिन्न शिकायतों और नौकरी दिलाने के नाम पर धन लेने के गंभीर आरोपों में दोषी पाए जाने पर सेवा से पदच्युत कर दिया गया है। प्रकरण में विभाग द्वारा वर्ष 2022 से विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गई थी। आरोपों की जांच के लिए कई बार प्रयास किए गए, नोटिस तामील कराने, समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कराने और जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से पता लगाने के बावजूद निधि सिंह न तो जांच में सम्मिलित हुईं और न ही किसी प्रकार का उत्तर या स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। जांच अधिकारी द्वारा एकपक्षीय जांच के माध्यम से आरोपों की पुष्टि की गई। विभागीय अभिलेखों के सम्यक परीक्षण के उपरांत शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि श्रीमती निधि सिंह का कृत्य सरकारी सेवा के आचरण के विपरीत है। अतः उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पदच्युत किया जाता है। यह पदच्युतिकरण भविष्य में पुनर्नियोजन से निरहित नहीं होगा।

# लखनऊ में डिजिटल युग की शुरुआत : डॉ. राजेश्वर सिंह

## भारत की पहली एआई सिटी से ब्रह्मोस तक ,सरोजनीनगर बन रहा आत्मनिर्भर भारत का टेक-दुर्ग : डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ ।सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर एक विस्तृत और दूरदर्शी वक्तव्य साझा किया, जिसमें उन्होंने लखनऊ को एक प्रमुख डिजिटल और टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की अपनी स्पष्ट और साहसी दृष्टि प्रस्तुत की। डॉ. सिंह के अनुसार, जो लखनऊ कभी सांस्कृतिक राजधानी था, वह अब भारत की सबसे बहुप्रतीक्षित तकनीकी पहचान में बदल रहा है। शहर की पहचान अब परंपरा से परिवर्तन की ओर, विरासत से हाई-टेक की ओर अग्रसर हो रही है।

- **बेंगलुरु की टेक इंडस्ट्री में 35% यूपी के युवा, अब उन्हें लखनऊ लौटने के अवसर**
- **एआई सिटी, 240 करोड़ का अनुसंधान केंद्र और वैश्विक कंपनियां सरोजनीनगर को बना रहीं टेक हब**

डॉ. सिंह ने बताया कि भारत का पहला ₹आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी₹ लखनऊ में 70 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, यह एक अत्याधुनिक परिसर होगा, जिसमें एआई , मशीन लर्निंग, और डाटा एनालिटिक्स में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनियां, स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थान स्थापित होंगे। उन्होंने इसे एक ₹कल्पना से निकल कर डिजिटल वास्तविकता में बदलता सपना₹ बताया। डॉ. सिंह ने इस परियोजना को ₹उत्तर प्रदेश की डिजिटल महत्वाकांक्षा का एक केंद्रीय स्तंभ बताते हुए इसकी प्रगति को शीघ्रता से सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि मात्र 6 महीनों के भीतर, IBM, Deloitte, Sify, Genpact, inMobi, UsefulBI, और Teleperformance जैसी वैश्विक कंपनियों ने लखनऊ में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। उन्होंने बताया कि HCLTech, जो इस समय लखनऊ में 10,000 से अधिक पेशेवरों को रोजगार दे रही है, और TCS पहले से शहर में मजबूत आधार बना चुके हैं, जबकि kpmg और Acceture भी शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने जा रहे हैं। डॉ. सिंह ने इस बदलाव को एक आकस्मिक घटना नहीं बल्कि योगी आदित्यनाथ सरकार की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता, स्पष्ट नीति और बुनियादी ढांचे की तैयारियों का परिणाम बताया।



डॉ. सिंह ने साझा किया कि कैलिफोर्निया स्थित usefulbi ने भारत में अपना दूसरा कार्यालय लखनऊ में खोलने का निर्णय लिया है, जो क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दशार्ता है। इसी प्रकार, Dassault Systèmes ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में ?240 करोड़ की लागत से एक Centre of Excellence स्थापित करने की घोषणा की है, जो राज्य में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक मजबूती देगा। डॉ. सिंह ने कहा, ये सिर्फ व्यापारिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि यह लखनऊ के भविष्य में विश्वास का संकेत हैं, जो इसे वैश्विक टेक्नोलॉजी अर्थव्यवस्था में एक गंभीर खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

डॉ. सिंह ने गर्व के साथ बताया कि बेंगलुरु के 35% टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स उत्तर प्रदेश से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह जनसांख्यिकीय शक्ति अब राज्य में लौट रही है, क्योंकि अब यहाँ उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने 2023 की NASSCOM–Deloitte रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें लखनऊ को भारत के अगले उभरते टेक्नोलॉजी हब्स में स्थान दिया गया है। रिपोर्ट ने लखनऊ को चार मुख्य आधारों पर यह मान्यता दीः कुशल जनशक्ति, लागत प्रतिस्पर्धा, परिपक्व होता स्टार्टअप ईकोसिस्टम, सरकार का सशक्त समर्थन। डॉ. राजेश्वर सिंह ने गर्व से बताया कि सरोजिनी नगर अब एक राष्ट्रीय स्तर का टेक्नोलॉजी और रक्षा हब बन रहा है। उन्होंने उन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सूची साझा की, जो इस क्षेत्र को बदल रही हैंः भारत का सबसे बड़ा एरोसिटी (1,500 एकड़), एआई सिटी (भारत की पहली), इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर, कृषि संकाय, आईटीआई नीवा, एनसीडीसी प्रशिक्षण केंद्र, नेवल शौर्य म्यूजियम, ब्रह्मोस उत्पादन इकाई और डीआरडीओ प्रयोगशालाएं, यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से एकीकरण। डॉ. सिंह ने कहा, यह केवल विकास नहीं है, यह सरोजिनी नगर को भारत के वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा नक्शे पर रणनीतिक रूप से स्थापित करने की प्रक्रिया है।

## राजभवन में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से शनिवार को राजभवन में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' निर्धारित की गई है, जो योग के माध्यम से वैश्विक एकता और समग्र स्वास्थ्य को प्रेरित करती है। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे से राजभवन परिसर स्थित बड़े लॉन में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन निर्धारित है, जिसमें राज्यपाल स्वयं भाग लेंगी। उनके साथ बड़ी संख्या में योग साधक, राजभवन के अधिकारी.कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित होंगे।

## किसानों से उच्च जीएसवी वाली फसलें उगायें

**लखनऊ।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि और खरीफ मौसम में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि निदेशक की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के सभी मंडलों के संयुक्त कृषि निदेशक और सभी जनपदीय उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि निवेश की व्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की, ताकि किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत तकनीक और अनुदान का लाभ समय पर मिल सके और प्रदेश कृषि उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित कर सके।

प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को साकार करने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि क्षेत्र प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी को रोजगार प्रदान करता है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 20 प्रतिशत का योगदान देता है। कृषि क्षेत्र के इस 20 प्रतिशत योगदान में, फसल उत्पादन का योगदान 9.3 प्रतिशत है।

संक्षेप

## किसानों के खिले चेहरे

प्रतापगढ़। क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे दिखे। धान की रोपाई को लेकर शुक्रवार सुबह किसान खेतों में काम करते नजर आये। किसानों का कहना था कि बारिश ने धान की रोपाई के लिए संजीवनी का काम किया है। नहरों में पानी न आने से व बारिश न होने से धान की नर्सरी सूख रही थी और रोपाई का कार्य नहीं हो पा रहा था। क्षेत्र के लालगंज, तिना चितरी, सगरा सुंदरपुर, रानीगंज कैथौला, सांगीपुर आदि इलाकों में गुरूवार की रात हुई तेज बारिश ने धान की रोपाई में खासी मदद कर दी है। किसान जितेन्द्र सिंह, रामराज वर्मा, जमुना तिवारी, हरिश्चंद्र पाण्डेय, रघुवीर कुमार, रामभरोस आदि ने बताया कि तेज बारिश हो जाने से अब खेतों में धान की रोपाई का काम तेजी से शुरू हो सकेगा।

## मंदिर स्थापना उत्सव में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। पूरे हरिकिशुन वार्ड में श्रीराधिकेश्वर मंदिर स्थापना उत्सव में शुक्रवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं की उत्साहजनक सहभागिता दिखी। कार्यक्रम में भगवान श्रीराधेकृष्ण का भव्य श्रृंगार हुआ। वहीं श्रीराधे भक्तों द्वारा राधे बिहारी संकीर्तन का भी मनोहारी आयोजन दिखा। कार्यक्रम का संयोजन कल्लू तिवारी एवं सालिकराम तिवारी ने किया। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र, राजू पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी, अधिवक्ता संजय द्विवेदी आदि रहे।

## दारोगा पर गलत चालान काटने व अभद्रता का आरोप

प्रतापगढ़। सांगीपुर थाने के एक दरोगा पर गलत चालान काटने व अभद्रता करने के आरोप को लेकर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है। वहीं पुलिस पुलिस के आरोप को निराधार बता रही है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के कमयनपुर गांव निवासी सोनू वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा सीएचसी सांगीपुर में रूरल हेल्थ केयर फामेर्सी के अन्तर्गत छः माह की ट्रेनिंग कर रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि बीती बुधवार को दोपहर करीब ढाई बजे वह अस्पताल से घर जा रहा था। देउम चौराहे के पास चेकिंग कर रहे एक दरोगा ने उसे रोका। आरोप है कि बाइक के कागजात दिखाने व हेलमेट पहने होने के बावजूद दरोगा द्वारा जबरन चालान काट दिया गया। पीड़ित के विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता भी की गयी। प्रकरण को लेकर एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ित का आरोप निराधार है। हेलमेट न होने के कारण उसका चालान किया गया। उसके द्वारा की गयी शिकायत पूरी तरह मनगढ़ंत है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। मार्ग दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। रायबरेली जनपद के नूरूददीनपुर कोतवाली सलोन निवासी पैंसठ वर्षीय सत्य नारायण पटेल पुत्र गंगादीन पटेल लालगंज कोतवाली के अपने बार्डर गांव से शुक्रवार सुबह मार्निग वाक पर निकले थे। कोतवाली के दपकापुर के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल भेजवाया और परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के तीन पुत्र व दो विवाहित बेटियां हैं। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम है। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज विवेक यादव ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। मृतक के बेटे शौकलाल की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## कार्यकर्ताओं से आज मुलाकात करेंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में डेढ़ बजे लालगंज में पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात व जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी मध्यान्ह बारह बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन के उपरान्त पर्यटन से जुड़ी स्थानीय विकास परियोजनाओं की प्रगति का अवलोकन करेंगे।

# युवक को जिंदा जलाने के दो दोषियों को उम्रकैद

गोंडा। जिले की एक अदालत ने वर्ष 2019 में एक व्यक्ति को पेट्रोल डालकर जिंदा जला देने के जुर्म में दो दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दो सह अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने दोषमुक्त कर दिया। उक्त जानकारी देते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अमित कुमार पाठक ने शुक्रवार को बताया कि जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मुगलजोत चिश्तीपुर गांव के निवासी राजकुमार गोस्वामी ने 14 मई 2019 को स्थानीय थाने पर सूचना दी कि उसके ममेरे भाई विष्णु गोस्वामी और महेश गोस्वामी रात्रि साढ़े आठ बजे के आसपास गोंडा-फैजाबाद मार्ग स्थित एक दुकान पर थे। गोस्वामी के अनुसार, तभी दुकान में पहुंचे तुफैल, रमजान उर्फ मास्टर, निजामुद्दीन (सभी निवासी चिश्तीपुर) तथा इमरान (निवासी खोरहंसा) ने पहले उनसे झगड़ा किया और फिर पास खड़े टैंकर से पेट्रोल निकालकर विष्णु गोस्वामी पर छिड़क दिया तथा आग लगा दी। राजकुमार गोस्वामी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया कि वहां मौजूद पंकज कुमार पांडेय, राजकुमार पांडेय तथा महेश गोस्वामी ने आग बुझाने का प्रयास किया और गंभीर रूप से झुलसे विष्णु को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा स्थिति गम्भीर बताने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान 19 मई 2019 को विष्णु ने दम तोड़ दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पाठक के अनुसार, पुलिस ने प्रकरण की विवेचना कर सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश कुमार ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों के बयान, चिकित्सकीय अभिलेखों तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों तुफैल व इमरान को हत्या का दोषी ठहराया।

## वंदे भारत ट्रेन में विधायक से हाथापाई, केस दर्ज

झांसी। नयी दिल्ली-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों के बीच हुए विवाद के संबंध में झांसी के बबीना से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजीव सिंह ने जीआरपी थाने में एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज कराई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम कथित तौर पर सीट बदलने और ट्रेन के अंदर आपत्तिजनक ढंग से बैठने को लेकर विवाद शुरू हुआ। झांसी स्टेशन पर स्थिति और बिगड़ गई, जहां भाजपा विधायक के कुछ समर्थकों ने कथित तौर पर एक यात्री की पिटाई कर दी। झांसी के रेलवे पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव ने संवाददाताओं को बताया कि पीड़ित यात्री ने पहले संकेत दिया था कि वह भोपाल पहुंचने के बाद शिकायत दर्ज कराएगा। हालांकि, शुक्रवार दोपहर तक भोपाल रेलवे पुलिस को इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली थी। श्रीवास्तव ने कहा कि दूसरे पक्ष से तहरीर मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उचित कार्वाई की जाएगी। इस बीच, झांसी में जीआरपी ने विधायक राजीव सिंह की शिकायत मिलने की पुष्टि की है और कहा कि उनके लिखित आवेदन के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली गई है।

## जियो कॉल सेटअप दर बेहतर, डाटा स्पीड भी अधिक

वाराणसी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की नवीनतम इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में जियो दूरसंचार सेवा के सभी प्रमुख मानकों पर अग्रणी ऑपरेटर साबित हुआ है। ट्राई ने वाराणसी में 22 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2025 के बीच लगभग 245.9 कि.मी. की दूरी में सारे टेलीकॉम ऑपरेटरों की सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। रिपोर्ट में पता चला है कि वाराणसी में जियो की सेवाएं अधिकतम मानकों पर सबसे बेहतर हैं। रिपोर्ट ये बताती है कि वाराणसी शहर में जियो की कॉल सेटअप सफलता दर 100% है यानी कि जियो नेटवर्क पर सारी कालें आसानी से कनेक्ट होती हैं और कॉल जोड़ने में जियो नेटवर्क सबसे कम समय लेता है। रिपोर्ट के अनुसार जियो नेटवर्क पर कॉल सेटअप समय सबसे कम लगता है। जो कि लगभग 0.65 सेकंड है। वाराणसी में केवल जियो ऐसा नेटवर्क है जिसपे कॉल म्यूट दर यानी कि कोई भी कॉल म्यूट (मौन) रहने की संभावना 0.00 प्रतिशत है, वहीं दूसरे ऑपरेटरों पर यही दर अधिक थी। इसी तरह इंटरनेट स्पीड में भी जियो की सेवाएं सबसे उत्तम पायी गयीं। अप्रैल 2025 में जियो पूरे उत्तर प्रदेश पूर्व क्षेत्र में 4.20 करोड़ ग्राहक आधार के साथ शीर्ष पर है।

## भगवान श्रीजगन्नाथ जी की रथ यात्रा 27 जून को, तैयारियां जोरों पर



मेरठ। भगवान श्रीजगन्नाथ जी की वार्षिक रथ यात्रा आगामी 27 जून को श्रद्धा, भक्ति और परंपरा के साथ भव्य रूप में आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को मंदिर समिति द्वारा प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि श्रीभगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट अध्यक्ष गणेश दत्त शर्मा महामंत्री राशि शर्मा मुख्य पुजारी विष्णु दत्त शर्मा एवं मुख्य सेवक दिनेश गोयल के मार्गदर्शन में इस रथ यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था एवं तैयारिया की जा रही है। उन्होंने बताया भगवान श्रीजगन्नाथ जी का रथ, जिसमें वे वर्षों से यात्रा करते आ रहे हैं, उसके पहिए पिछले 40 वर्षों से पुराने थे और अब उनमें असंतुलन उत्पन्न हो गया था। इस कारण से रथ के चारों पहियों को नवीन रूप से बदलने का कार्य इस ट्रस्ट द्वारा किया गया है। यह सभी नए पहिए शीशम की लकड़ी से सिकंदराबाद के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित किए गए, जिन्हें लाकर रथ में सुरक्षित रूप से स्थापित कर दिया गया है। इसका उद्देश्य रथ यात्रा 2025 को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है। साथ ही विशेष जानकारी दी कि वर्तमान समय में केवल यही ट्रस्ट (श्रीभगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट) ही मंदिर परिसर में सक्रिय है और मंदिर की सेवा, सुरक्षा एवं व्यवस्था की देखरेख कर रहा है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अनुरोध व अपील कि वे 27 जून 2025 को आयोजित होने वाली रथ यात्रा में सपरिवार एवं श्रद्धा के साथ सम्मिलित हों तथा इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

## बारिश से तहसील व अस्पताल लबालब, घरों में पहुंचा पानी



प्रतापगढ़। नगर पंचायत लालगंज क्षेत्र में गुरूवार की रात हुई तेज बारिश में साफ सफाई की व्यवस्था की पोल खोल दी। करीब दो घंटे की तेज बारिश में तहसील परिसर, अस्पताल, कोतवाली, प्राथमिक विद्यालय से लेकर कई वार्डो में जलभराव हो गया। वही कस्बे में कई लोगों के घरों में भी पानी पहुंच गया। जिससे लोग हलाकान दिखे। क्षेत्र में गुरूवार की रात करीब दो बजे से दो ढाई घंटे तक तेज बारिश हुई। जल निकासी में साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू न होने से कई लोगों के घरों व दुकानों में पानी पहुंच गया। नेताजीपुरम वार्ड व शीतलमऊ वार्ड में भी जलजमाव हो गया। इससे लोग हलाकान दिखे। वहीं तहसील परिसर में जलभराव से शुक्रवार सुबह अधिवक्ताओं, वादकारियों व कर्मचारियों में परेशानी बनी दिखी। जलभराव का स्थायी समाधान न होने से अधिवक्ताओं में आक्रोश दिखा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर परिसर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। इधर सीएचसी में जलभराव से मरीज तीमारदार के साथ ही स्वास्थ्यकर्मी भी हलाकान दिखे।

## पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र का सांसद, डीएम ने किया निरीक्षण

### आरोग्य मां, आशा एएनएम को किया सम्मानित



मेरठ। शुक्रवार को पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र पर भाजपा सांसद अरुण गोविल एवं जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की उपस्थिति में 108 मां आरोग्य मित्र को फर्स्ट एड किट और रामचरितमानस भेंट कर एक अनूठी पहल की गयी। हर घर स्वस्थ कब होगा हर घर आरोग्य मित्र मां जब होगा। के लिए मां आरोग्य मित्रों को अनूठी पहल की बधाई देते हुए डॉक्टर अंकुर त्यागी के नेतृत्व में हुए इस पहल के न केवल पुलिस लाइन बल्कि समस्त मेरठ में हर घर की मां तक यह संदेश पहुंचाने के प्रयास की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर सांसद अरूण गोविल एवं जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कटारिया द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया जिसमें पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र पर हो रहे नवीन कार्यों का विस्तृत रूप से निरीक्षण कर पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों का उत्साह वर्धन भी किया। डॉ अंकुर त्यागी के द्वारा न केवल स्वास्थ्य कार्यक्रमों बल्कि कायाकल्प और नवीन भवन निर्माण जैसे कार्यों की प्रशंसा सांसद अरुण गोविल, जिलाधिकारी मेरठ ने की। कार्यक्रम में आशा वर्कर, ए एन एम, आंगनबाड़ी, पीएचसी स्टाफ, एच डब्ल्यू सी स्टाफ, को प्रशस्ति पत्र और रामायण देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुनील पोसवाल ने योगाभ्यास कराया तथा संचालन विपेन्द्र सुधा बाल्मीकि ने किया, तथा प्रतेश कुमार, मुकन्द वल्लभ शर्मा संदर्भ व्यक्ति बीआईएस को भी सम्मान पत्र एवं रामायण भेंट कर सम्मानित किया गया।

## यूपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई को लगातार असहयोग बेहद चिंताजनक: प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने यूपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई की जांच को असहयोग करने को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर कडा हमला बोला है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह गंभीर सवाल है जिस भारतीय जनता पार्टी ने 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद इसकी जांच सीबीआई से कराने की उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्तुति की। उन्होने कहा कि 2019 से सीबीआई ने उत्तर प्रदेश की सबसे बडी प्रतियोगी परीक्षा की जांच भी शुरू कर दी। उन्होने भाजपा पर तंज कसा कि जिस यूपीएससी भर्ती घोटाले की जांच के आंदोलन में हजारों प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रो के साथ भाजपा खुद भी शामिल हुई और भरपूर राजनैतिक लाभ भी उठाया। उन्होने कहा कि अब सवाल यह गंभीर है कि भाजपा उत्तर प्रदेश में सत्ता में आयी तो अब इस प्रकरण की जांच में सीबीआई का अपेक्षित सहयोग न करके रोड़ा क्यूं बन रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि इस भर्ती घोटाले के मुददे पर आज प्रदेश के हजारों छात्रों और युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होने कहा कि सीबीआई के निदेशक प्रवीण कुमार सूद ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को बीती छब्बीस मई को चौदहवीं बार इस मामले में पत्र लिखकर यूपीएससी के असहयोग पर गंभीर चिन्ता जतायी है।

## 11अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा योगाभ्यास कार्यक्रम

- प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग को बनाया गया नोडल अधिकारी

बलरामपुर। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग श्री अनिल कुमार सागर एवं डीएम श्री पवन अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में जनपद स्तर , तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें की बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जनपद स्तर पर स्पोर्ट स्टेडियम बलरामपुर में प्रातः 7:00 बजे योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगा योगाभ्यास योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया जाएगा। जनपद स्तर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। तहसील स्तर पर सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगे , जिसमें की बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर सभी विकास खंड परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके साथ ही साथ सभी परिषदीय विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## प्रवर्तन अभियान में 20 लीटर शराब बरामद



**बलरामपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह के निर्देशन में राजेश्वर सिंह सहायक आबकारी आयुक्त ई.आई.बी. , अलंकार सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 उतरौला अतिरिक्त चार्ज क्षेत्र प्रथम सदर, हरेंद्र यादव आबकारी निरीक्षक, अयाज अहमद ई.आई.बी. प्रधान आबकारी सिपाही, प्रधान आबकारी सिपाही क्षेत्र प्रथम सदर बलरामपुर बाल गोविंद चौधरी, प्रधान आबकारी सिपाही उमेश कुमार, आबकारी सिपाही कविता गुप्ता, आबकारी सिपाही अतुल कुमार गौड़ आदि के साथ थाना कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम हसुवाडोल, लालाजोत पुरवा व उदयराज पुरवा मे दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई और आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किया।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को सजा

सिद्धार्थनगर-आपरेशन कन्विक्शन के तहत एक पिता को अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी अशोक कुमार चौधरी को कोर्ट ने 2.05 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। थाना त्रिलोकपुर में दर्ज मामले में पुलिस ने विवेचनात्मक कार्यवाही पूरी करने के बाद आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपी सेहरी गांव का निवासी है। न्यायालय ने मात्र दो महीने में विचारण प्रक्रिया पूरी की। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, वीरेंद्र कुमार ने यह फैसला सुनाया। यह भारतीय न्याय संहिता के तहत सिद्धार्थनगर में पहली सजा है। मामले में जिला मॉनिटरिंग सेल, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन जयहिंद त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चल रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक और न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी रामभरत प्रसाद ने प्रभावी पैरवी की।

## फूड सेफ्टी ऑन व्हील अभियान, 27 खाद्य पदार्थों की जांच में 24 मानक अनुरूप, 3 की जांच जारी



सिद्धार्थनगर- आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील अभियान चलाया गया। यह अभियान आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ और जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर शुरू किया गया। गुरुवार और शुक्रवार की शाम को डुमरियागंज और बर्डपुर बाजार में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। कुल 27 विभिन्न खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच में 24 नमूने मानकों के अनुरूप पाए गए। शेष 3 नमूनों में संभावित गड़बड़ी की जांच चल रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जय प्रकाश और नीरज कुमार चौधरी ने अभियान का संचालन किया। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की सलाह दी। व्यापारियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों और खुले पिसे मसालों की बिक्री से बचने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नियमित जांच और निगरानी से ही शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

## डीएम ने जांची सड़क निर्माण की गुणवत्ता



सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सरौली विन्देशरपुर मार्ग के किलोमीटर-2 से हंसराजपुर सम्पर्क मार्ग का दौरा किया। सड़क के किनारे मिट्टी निकालने से बने गड्ढों को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने जूनियर इंजीनियर से स्पष्टीकरण मांगा और गड्ढों को तत्काल भरने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने सोहांस मोहाना के बलुही चौराहा गोवर्धनपुर सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सड़क की चौड़ाई और ऊंचाई की माप करवाई। सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए लैब टेस्टिंग के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने बिरहा से बैरखी भरवलिया होते हुए मुड़िला सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने सड़क की माप और निर्माण सामग्री की जांच के निर्देश दिए। सड़क के कई हिस्सों में टूट-फूट देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने दो दिन के भीतर सड़क की मरम्मत का आदेश दिया।

## यातायात जनजागरूकता के लिए चला सघन चेकिंग अभियान



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी मो. शमीम एवं उनकी टीम द्वारा जनपद में सघन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान जनपद के प्रमुख स्थानों पर यातायात नियमों के पालन हेतु किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना सिरसिया क्षेत्र के चिल्हरिया मोड़, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं टैक्सी स्टैंड आदि पर ई-रिक्शा/ऑटो चालकों को एकत्र कर कलर कोडिंग एवं नंबरिंग व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट के प्रयोग एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसी आवश्यक हिदायतें दी गईं। साथ ही, बिना बीमा, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखी गई। इस अवसर पर यातायात से संबंधित पंपलेट्स का वितरण किया गया एवं लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई कि वे सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे।

## सीएमआईएस पोर्टल पर योजनाओं की प्रगति समीक्षा संपन्न



जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यो की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं ने भाग लिया। बैठक में एक करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाएं शीघ्र हैण्डओवर की जाएं और एक वर्ष से अधिक समय से लंबित योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि विलंबित और निमार्णाधीन परियोजनाओं को गति प्रदान करें तथा धन आवंटन के लिए नियमित रूप से उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) भेजवाते रहें, जिससे कार्यों में रुकावट न आए। सीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। उन्होंने जल निगम को पाइप पेयजल योजना को शीघ्र हैण्डओवर करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। साथ ही 01 करोड़ से अधिक लागत वाली महत्वपूर्ण योजनाओं का नामांकन पोर्टल पर कराने और प्रभारी मंत्री के भ्रमण के दौरान सेतु निगम को लेकर दिए गए निर्देशों को शीघ्र क्रियान्वित करने पर बल दिया। बैठक में ग्राम्य विकास विभाग, राजकीय पॉलिटेक्निक, सीएनडीएस, राजकीय पौधशाला समेत अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने जल निगम, लोक निर्माण विभाग, सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कर उन्हें हैण्डओवर किया जाए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के0पी0 मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र के युवक ने डुमरियागंज में की आत्महत्या

सिद्धार्थनगर- जिले के डुमरियागंज में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। नगर पंचायत डुमरियागंज के महाराजा अग्रसेननगर में एक सोना-चांदी रिफाइनिंग की दुकान पर काम करने वाले 27 वर्षीय कारीगर ने आत्महत्या कर ली। महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापुर थाना क्षेत्र के गुजरकी मल्लाकरंजे गांव का रहने वाला सचिन छगन चव्हाण अपने मालिक योगेश तामवड़े की दुकान पर काम करता था। सचिन ने निमार्णाधीन मकान के दूसरे तल पर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा ली। सचिन अविवाहित था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता का देहांत हो चुका है और दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। महाराष्ट्र में उसकी बीमार मां अकेली रहती हैं। घटना वाले दिन सचिन रात 11 बजे अपने साथी अबासो दादासो पाटिल के साथ दुकान में सोया था।

## योग दिवस पर जिलेभर में होंगे व्यापक योगाभ्यास कार्यक्रम



श्रावस्ती। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण के अवसर पर 21 जून को जनपद श्रावस्ती में व्यापक स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस अवसर को भव्य व प्रभावशाली रूप देने हेतु सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिनगा तथा जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना में आयोजित होंगे। साथ ही जिले के तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व इन स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस विभाग, सीमा सुरक्षा बल (62वीं बटालियन), स्वास्थ्य विभाग, शैक्षिक संस्थान एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों को भी कार्यक्रम से जोड़ा गया है। सभी विद्यालयों को 20 जून को ही खोला जाएगा, ताकि साफ-सफाई के साथ योग अभ्यास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। बच्चों को मिष्ठान, फल व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जा चुकी है। साथ ही जनपद के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, प्रेस प्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों व आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे योग दिवस में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# योगी सेवा, सुशासन और विकास के ब्रांड एंबेसडर

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह में बोले औद्योगिक विकास मंत्री



गोरखपुर। भगवानपुर टोल प्लाजा पर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए औद्योगिक विकास विभाग के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सेवा, सुशासन और विकास के ब्रांड एंबेसडर हैं। उनके नेतृत्व में आठ साल में विकास के नित नए आयाम छूते हुए उत्तर प्रदेश देश में निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य बना है। श्री नंदी ने कहा कि विकास में कनेक्टिविटी की सीधी भूमिका होती है। कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, विकास की रफ्तार उतनी तेज होगी। उन्होंने कहा कि आज यूपी रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी में बेजोड़ है। यही नहीं लैंड लॉक माने जाने वाले इस प्रदेश में वाराणसी-हल्दिया वाटरवे भी बन गया है। श्री नंदी ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सिर्फ सड़क नहीं है बल्कि विकास की नई दिशा और समृद्धि का नया मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज यूपी भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना है तो इसमें कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है।

## संक्षेप

### यूपीडा की फोटो गैलरी का सीएम ने किया अवलोकन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल भगवानपुर टोल प्लाजा पर यूपीडा द्वारा लगाई गई फोटो गैलरी का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने पैकेज-1 में काम करने वाली फर्म एपको इंफ्राटेक के निर्माण कार्मिकों के साथ फोटो खिंचाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### सीएम योगी ने सुरक्षा फ्लीट को किया रवाना

गोरखपुर। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह में मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीडा की सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस फ्लीट में 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं।

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आरामदायक सफर

गोरखपुर। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर सफर आरामदायक है और इस पर समय की भी बचत होगी। गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लखनऊ जाने में सिर्फ तीन घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा कि यह लिंक एक्सप्रेसवे विकास की गति को भी बढ़ाने वाला है। एक्सप्रेसवे के संजाल से उद्योग लगेंगे और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या कोई सोचता था कि बेलघाट, खजनी, सिकरीगंज जैसे क्षेत्र एक्सप्रेसवे से जुड़ पाएंगे। पर, आज यह सोच साकार हुई है। 100 वर्ष पूर्व गोरखपुर के दक्षिणांचल से पलायन हुआ था अब वहां उद्योगों में नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। इसके लिए निवेश प्रस्ताव अभी से मिलने लगे हैं।

## सीएम योगी ने दिखाया प्रगति का रास्ता: स्वतंत्रदेव



गोरखपुर। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री और गोरखपुर जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुरक्षा का माहौल देकर उत्तर प्रदेश को प्रगति का रास्ता दिखाया है।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह में श्री सिंह ने कहा कि जनता ही सीएम योगी की ताकत है और इसी ताकत के दम पर आठ साल में एक दिन छुट्टी लिए बिना उन्होंने प्रदेश को गुंडागर्दी से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में बम फटते थे अब बम न फटने की गारंटी है। 2017 के पूर्व शाम पांच बजे के बाद बेटी घर से नहीं निकल पाती थी जबकि आज रात बारह बजे भी वह सुरक्षित है। श्री सिंह ने कहा विकास करने के साथ मुख्यमंत्री ने थारू, मुसहर, वनटांगिया सहित सभी का उत्थान किया है।

## सीएम योगी ने यूपी में बनवा दीं अमेरिका जैसी सड़कें : रविकिशन



गोरखपुर। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह में गोरखपुर के सांसद रविकिशन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में अमेरिका जैसी सड़कें बनवा दीं हैं। यह प्रदेश की जनता को वोट के बदले सौगात है। रविकिशन ने कहा मोदी और योगी की सरकार जनता का पैसा जनता पर ही खर्च करती है। एक्सप्रेसवे इसी का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सुविधानजक और सुरक्षित एक्सप्रेसवे प्रदेश के विकास को भी गति देगा। इसके किनारे उद्योग लगेंगे और बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल के विकास को नई उड़ान मिलेगी।

## सीएम योगी ने दिलाई यूपी को एक्सप्रेसवे प्रदेश की पहचानः मुख्य सचिव

गोरखपुर। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री व अन्य अभ्यागतों का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव एवं यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश की पहचान दिलाई है। मुख्य सचिव ने कहा कि देश में 42 प्रतिशत एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे की सर्वाधिक भागीदारी अकेले उत्तर प्रदेश की है। गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य पूरा होते ही यह बढ़कर 62 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। इसके लिए गोरखपुर में 150 एकड़ और अंबेडकर नगर में एक हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे उम्मीदों और अवसर का मार्ग बनेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की कुंजी है योग : डॉ. सुरिंदर सिंह



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ह्ययोग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्व विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम वैज्ञानिक पद्धति है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की भी कुंजी है। यह केवल व्यायाम का माध्यम नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन, चेतना और आत्मज्ञान की ओर एक यात्रा है। डॉ. सिंह ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धा-युक्त जीवन में योग अपनाना एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि विश्वविद्यालय स्तर पर योग को केवल गतिविधि के रूप में नहीं, बल्कि अकादमिक और व्यवहारिक शिक्षा के रूप में भी स्थान मिलना चाहिए। इसके लिए विश्वविद्यालय में योग अनुसंधान, योग शिक्षक प्रशिक्षण एवं योग आधारित पाठ्यक्रमों को और अधिक सुदृढ़ करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. योगेन्द्र तिवारी, सहायक आचार्य नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बडहलगंज ने बताया कि योग तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अवसाद जैसी बीमारियों के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावशाली है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा प्रणाली में योग को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एकीकृत किया जाए, तो एक सशक्त, स्वस्थ और जागरूक युवा पीढ़ी का निर्माण संभव है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. मंजू सिंह ने कहा कि योग केवल शरीर की क्रिया नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है जो आत्मानुशासन, एकाग्रता और आंतरिक स्थिरता प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि अपनी जीवनशैली का अंग बनाने की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से योग को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि समर दीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक स्वीकृति की सराहना करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। संचालन एवं स्वागत भाषण डॉ. रश्मि झा ने तथा आभार ज्ञापन अनिल कुमार ने किया।

## विधायक ने प्राचीन के मंदिर सुंदरीकरण का किया शिलान्यास



उरुवा, गोरखपुर। आदर्श नगर पंचायत उरुवा के वार्ड संख्या पांच के पचोहा में स्थित प्राचीन झारखंडी महादेव मंदिर के जीर्णोद्वार और कायाकल्प कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से लोग लाभान्वित हो रहे है। चेयरमैन प्रतिनिधि नवीन उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए वह प्रतिबद्ध है। सभी कार्यों को पूरा कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर चेयरमैन रामफेर कन्नौजिया, प्रतिनिधि नवीन उर्फ मुन्ना सिंह, त्रिलोकीनाथ यादव, गौरीशंकर उर्फ डिंकू मिश्र, विजेंद्र तिवारी, वेद प्रकाश सिंह, इंद्रजीत पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, महेंद्र तिवारी, वीरेंद्र यादव, संदीप सिंह, संदीप यादव, सर्वेश मिश्र, जब्बर चंद, मंजीत सिंह, प्रशांत शाही सहित कई लोग मौजूद रहे।

## डॉ सिबा प्रसाद मोहंती को एफएआई के सह-अध्यक्ष चुने जाने पर एचयूआरएल में खुशी



सरहरी, गोरखपुर। हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (एच यू आर एल) के प्रबंध निदेशक डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती को फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफ ए आई) के सह-अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति उर्वरक क्षेत्र में टिकाऊ कृषि और नवाचार को बढ़ावा देने में डॉ. मोहंती के निरंतर नेतृत्व को दर्शाती है। डॉ. मोहंती की नियुक्ति उर्वरक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो देश में कृषि विकास और खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है। सह-अध्यक्ष के रूप में, डॉ. मोहंती एफ ए आई सदस्य कंपनियों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि संतुलित उर्वरक उपयोग और खाद्य सुरक्षा के मिशन को आगे बढ़ाया जा सके। डॉ. मोहंती की नेतृत्व क्षमता और अनुभव उर्वरक क्षेत्र के नये आयाम लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति से उर्वरक उद्योग को नई दिशा और गति मिलेगी, जो देश के कृषि विकास और खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है। एच यू आर एल के लिए यह गर्व का क्षण है कि उसके प्रबंध निदेशक डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती को एफ ए आई के सह-अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। यह नियुक्ति एच यू आर एल की प्रतिष्ठा और उर्वरक क्षेत्र में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

## डॉ. विभ्राट चन्द कौशिक को भ्रातृ शोक



मझगांवा, गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व निवर्तमान राज्य मंत्री डॉ विभ्राट चंद कौशिक के बड़े भाई प्रणव प्रकाश चंद उर्फ बिल्लू बाबू का शुक्रवार को दोपहर में लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। मालूम हो कि उनका गत 18 मई को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुल्तानपुर के पास इनकी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी जिसमे इनको गंभीर चोटें आई थी इनका इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा था शुक्रवार को दोपहर में उन्होंने अंतिम सास ली। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे 68 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बडहलगंज स्थित मुक्तिपथ पर शनिवार को सुबह 09 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के पिछौरा निवासी 35 वर्षीय अनिल पुत्र स्व मंगल का शव शुक्रवार को छत की कुंडी से लटका मिला। स्वजनों की सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिछौरा निवासी मंगल के तीन पुत्रों में सबसे बड़ा अनिल का किसी बात को लेकर पत्नी से दिन में विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गयी।

## सीएम ने लगाया हरिशंकरी का पौधा

गोरखपुर। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवानपुर टोल प्लाजा के समीप हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) पौध का रोपण किया।

# पारपट्टी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बदहाल

**● हल्की बरसात से ही गुल हो जाती है 24 से 36 घंटे की बिजली आपूर्ति**

**उदी, इटावा।** बढ़पुरा पारपट्टी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था का बुरा हाल। हल्की बरसात मात्र से ही चौबीस से छत्तीस घंटे हो जाती है गायब। बीते बुधवार की रात्रि 11 बजे करीब हुई बरसात के बाद जो विद्युत आपूर्ति बाधित हुई तो उसके बाद शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। जिससे क्षेत्र में स्थापित दो उपकेंद्र उदी व पछायगांव के करीब एक सैकड़ा गांव के लोगों को जहां रातें अंधेरे में काटनी पड़ी तो वहीं लोग एक-एक बूंद पानी को भटके। वहीं विद्युत अधिकारी कुछ देर में विद्युत आने का आश्वासन देते रहे।

उक्त उदी एवं पछायागांव दोनों विद्युत उपकेंद्रों से पारपट्टी के करीब ढाई दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के वाशिंदो को विधुत सप्लाई होती है।बीते बुधवार की रात हुई बरसात के चलते विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई थी। पूछने पर उपकेंद्र के एसएचओ द्वारा 33 केवीए लाइन फाल्ट बताया गया तथा जल्द ठीक होने का लोगों को आश्वासन दिया गया लेकिन गुरुवार को एक बजे तक सप्लाई नहीं हो सकी, एक बजे के बाद विद्युत टेस्टिंग में कुछ देर क्षेत्र में विधुत सप्लाई चली लेकिन जब तक लोग पानी भी नहीं भर सके कि विद्युत सप्लाई गोल हो गई तो उसके बाद शुक्रवार दोपहर बाद तक दर्शन नहीं हुए।

बताया गया कि 33 केवीए लाइन पुनःफाल्ट में आ गई है जिसकी जांच पड़ताल व फाल्ट खोजने काम शुरू हो गया है।लेकिन उसके बाद दोनों उपकेंद्र के जिम्मेदार एसएचओ आदि कर्मचारियों, अधिकारियों के मोबाइल बन्द हो गए रात भर कोई फोन नहीं लगा। गुरुवार रात करीब 8.30बजे एसडीओ उदी से बात हुई तो उन्होंने 33 के वी ए लाइन पर इंशुलेटर पंचर होना बताया और एक घंटे में लाइन आने की बात कही गयी।

लेकिन उसके बाद उनका नंबर भी व्यस्त हो गया और सप्लाई भी नहीं हुई। जिस कारण बरसात की अंधेरी रात काटना लोगों के लिए मुश्किल हो गया। मालूम हो कि बुधवार रात से सप्लाई गायब होने के कारण इनवर्टर एकदम पहले ही दगा दे गए थे और मिट्टी का तेल किसी भाव मिलता नहीं है तो ऐसे में लोगों को रात काटनी मुश्किल हुई तो वहीं बूंद बूंद पानी को तरस गए। परेशान ग्रामीण जनता को बुधवार की रात से लगातार आश्वाशन की घुट्टी पिलाई जाती रहीं और आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक विधुत दर्शन नहीं हुए।दोपहर बाद विधुत के दर्शन तो हुए लेकिन एक घंटा बाद पुनः सप्लाई बन्द हो गयी। अब आज रात में विधुत सप्लाई मिलेगी यह भी संदेह के घेरे में है। बताया जाता है कि पारपट्टी क्षेत्र में विधुत सप्लाई बीहड़ी रस्ते से होकर कुनेरा पावर हाउस से 33 केवीए लाइन के माध्यम से दी जाती है जिसमें करीब 19 किमी से अधिक रास्ता बीहड़ का है, जहां फाल्ट होने के बाद कर्मचारियों को फाल्ट खोजने में लिए काफी मुश्किलों से जूझना पड़ता है। तो वहीं उच्च अधिकारियों की अनदेखी के चलते उपरोक्त 33 केविए ही नही सभी विधुत लाइनों पर जर्जर पुराने तार से सप्लाई होती आ रही है। उक्त 33 के वी ए लाइन पर तो डॉग तार के स्थान पर जनरल व हल्के तार से काम चलाया जा रहा है।इंसुलेटर वर्षो से बदले नहीं जाते हैं। जिस कारण क्षेत्र में विधुत सप्लाई मजाक बानी हुई है जबकि क्षेत्र में विकास खंड कार्यालय,पांच -पांच पेट्रोल पंप, महत्वपूर्ण बैंकों के अलावा पी जी एवं अन्य बड़े -बड़े स्कूल -कालेज तथा सरकारी गैर सरकारी तमाम संस्थाएं भी है जिनके काम भी प्रभावित होते आ रहे हैं।

## एसएसपी ने परेड की सलामी ली



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी इसके बाद परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया एवं परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए। पुलिस लाइन में स्थित जेटीसी, आरटीसी बैरिक, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया पुलिस लाइन में स्थित पुलिस मेस का निरीक्षण किया गया एवं मेस बने में भोजन को ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गयी साथ ही कहा कि बुनियादी प्रशिक्षण न केवल आपके कर्तव्यों की समझ को विकसित करेगा, बल्कि आपको अनुशासन, नैतिकता तथा कर्तव्यपरायणता के उच्च मानकों के अनुरूप तैयार करेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासित रहकर रहन-सहन, व्यवहार एवं भाषा में मयार्दा और शिष्टाचार बनाए रखें तथा गंभीरता, लगन एवं निष्ठा से प्रशिक्षण पूर्ण करे, समय-समय पर दिए जाने वाले सभी निदेर्शों का पूर्णतः पालन करें। परेड के बाद पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

## डीएम ने किया योग संगम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

इटावा। 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में योग सप्ताह के शष्ठ दिवस में जिलाधिकारी के द्वारा योग संगम कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के समस्त जिम्मेदार अधिकारियों को प्रदर्शनी पंडाल में योग संगम संगम कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने समस्त जन मानस को अधिकाधिक संख्या में योग संगम कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। डीपीएम नरेंद्र कुशवाहा ने अपने स्तर से अब तक हुई तैयारियों को प्रस्तुत किया। साप्ताहिक कार्यक्रम के क्रम में आज का मुख्य कार्यक्रम सुमेर सिंह किला पर आयोजित किया गया। प्रकृति के बीच यमुना नदी के किनारे जिला इटावा की ऐतिहासिक धरोहर सुमेर सिंह किला पर कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी एसडीएम सदर विक्रम राघव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संचालक डॉ अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि योग हरेक व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर राजस्व कर्मियों को स्वास्थ्य परामर्श डॉ कमल कुमार कुशवाहा के द्वारा दिया गया। तथा योग प्रोटोकॉल को योग प्रशिक्षक शिल्पी गुप्ता के द्वारा किया गया।इस अवसर पर ध्रुव तिवारी, उपेंद्र यादव, अर्जुन चैहान, राजवीर सिंह, आशीष कटारिया लेखपाल उपस्थित रहे।

## योग स्वस्थ रहने का है मूल मंत्र : डॉ. ज्योति

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर श्री सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान ने आवास विकास कॉलोनी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। संस्थान की सचिव डॉ. ज्योति वर्मा ने कहा कि योग स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है। सभी लोगों को निरोग रहने के लिए योग करने की आदत हर हाल में डालनी ही चाहिए। प्रधानाध्यापिका शिखा पाल ने कहा कि योग वैदिक काल से भारत वर्ष में किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र चैहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था के सदस्यों ने हर दिन योग, नहीं रहेगा कोई रोग। तन, मन स्वस्थ बनाएं, योग को अपनाएं। योग अपनाओ रोग भगाओ। योग है जीवन की ढाल,स्वस्थ रहो हर हाल। करें योग रहें निरोग लिखे नारों के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक करते हुए 21 जून को योग करने की अपील की। कार्यक्रम में मनीष कुमार, अमित सेंगर, विजय कुमार, मुनिराज, गुलशन कुमार, अमृषा पटेल शामिल रहीं।

## गृह क्लेश से परेशान युवक ने खाया सल्फॉस, मौत

जसवंतनगर, इटावा। नगर से सटे केस्त गांव के रहने वाले एक युवक ने गृह क्लेश के चलते गुरुवार दोपहर सल्फॉस खा लिया, जिसकी इलाज के दौरान शुक्रवार को सैफई मेडिकल कॉलेज में मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान आदित्य पाण्डेय (38 वर्ष) पुत्र प्रकाश पाण्डेय के रूप में हुई है, जो वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शिवपाल सिंह महाविद्यालय में लिपिक पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक विवाद से आहत होकर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।हालत बिगड़ने पर उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां शुक्रवार दोपहर को उन्होंने अंतिम सांस ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।आदित्य की मौत से उनके घर में कोहराम मचा हुआ है। वे अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। पिता प्रकाश पाण्डेय, मां मनोरमा पाण्डेय, बहन मधु पाण्डेय, पत्नी प्रियंका पाण्डेय, पुत्र और पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल है। विद्यालय प्रबंधक विश्वनाथ प्रताप सोनू यादव, एसपीएस स्कूल के एमडी आशुतोष टोनू यादव, लिपिक योगेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, गुरुवचन सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने शोक जताया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## नगर क्षेत्राधिकारी से व्यापार मंडल ने की मुलाकात



इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद बंसल गुट के जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान के नेतृत्व में व्यापारियों ने नवागंतुक सीओ सिटी अभय नारायण राय से औपचारिक मुलाकात की शहर के व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की आगामी मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में साफ सफाई एवं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था खड़ी की जाने की बात की। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने सीओ सिटी अभय नारायण राय का स्मृति चित्र एवं तिरंगा पट्टी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चैहान जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी यामीन चैधरी रिंकू वसीम राईन आकाश वर्मा सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी**
**सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान- यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।

**प्रबन्धक**
**पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला, गोला रोड,**
**अलीगंज लखीमपुर खीरी**
**मो.- 9452016953,**
**9450175793**

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**हेतु संदर्षित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**सुलतानपुर**
**वाद सं.-टी-202304680406939**
**तारीख पेशी- 24.06.2025**

श्रीमती सुमित्रा

**बनाम**

1. ग्राम सभा द्वारा प्रधान ग्राम सभा पकिया तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर।
2. राम आसरे पुत्र रामखेलावन
3. राम पूरन पुत्र राम सुन्दर
4. राम सिद्ध पुत्र सूर्य नरायन
5. राम चरित्र पुत्र सूर्य नरायन
6. श्रीमती राजदेई पत्नी राममूरत
7. सुनीता पत्नी स्व. सुभाष पाण्डेय
8. निन्कू उम्र 14 वर्ष
9. टिन्कू उम्र 12 वर्ष
10. शीतला प्रसाद पुत्र जय नरायन
11. श्रीमती द्रोपदी पत्नी स्व. जय नरायन
12. रामसूरत पुत्र अम्बिका
13. शम्भूनाथ पुत्र सूर्य नरायन
14. राम सहाय पुत्र जय नरायन
15. अयोध्या प्रसाद पुत्र हौमिला प्रसाद
16. शिवप्रसाद पुत्र हौमिला प्रसाद
17. मनोज कुमार पुत्र हौमिला प्रसाद
18. श्रीमती चन्द्रावती पत्नी स्व. हौमिला प्रसाद
19. काली प्रसाद पुत्र रामकोट
20. पवन कुमार पुत्र रामकोट
21. विनोद कुमार पुत्र रामकोट
22. अरून कुमार पुत्र रामकोट
23. श्रीमती राजकुमारी पत्नी स्व. रामकोट
24. लालजी पुत्र हरिनरायन
25. लालमनी पुत्र हरिनरायन
26. वशिष्ठ नरायन पुत्र हरिनरायन

चूकिं उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 24.06.2025 के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20.06.2024 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

**मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय**
**कोरैया पुरवा - रवहीं, लखीमपुर खीरी**
**(सम्बद्धता-लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)**

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु-
**1.** जन्तु विज्ञान- पाँच पद, **2.** वनस्पति विज्ञान- पाँच पद, **3.** रसायन विज्ञान- पाँच पद, **4.** भौतिक विज्ञान- पाँच पद, **5.** गणित- पाँच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु-
**1.** हिन्दी- दो पद **2.** भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोटः** इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।

**प्रबन्धक**
**डा. घनश्याम लाल**
**7499792149**

**नीलामी हेतु निविदा**

उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-1655/पं./पंचायत भवन/2024-25 दिनांक 24.03.2025 को खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जर्जर पंचायत भवन ग्राम पंचातय रायपुर विकास खण्ड माल जनपद लखनऊ के नीलामी हेतु अधिशासी अभियन्ता निर्माण-2 के मूल्यांकन के उपरान्त दिनांक 25.06.2025 तक सायं 05.00 बजे तक डाक अथवा स्वयं के माध्यम से बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचातय रायपुर विकास खण्ड माल जनपद पर प्राप्त किये जायेंगे। दिनांक-26.06.2025 को नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। आवेदन एवं नियम शर्तें कार्यालय ग्राम पंचातय रायपुर विकास खण्ड माल लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रायपुर**
**विकास खण्ड माल, लखनऊ**

संक्षेप

## सालासर बालाजी एवं खाटू श्याम की प्रतिमाओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा

सीतापुर। बिसवां कस्बे में थाना कोतवाली के पीछे स्थित नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में एक महत्वपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। श्री खाटू श्याम जी और श्री सालासर बालाजी की प्रतिमाओं का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आना शुरू हो गया था। हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर श्याम बाबा के दर्शन की प्रतीक्षा करते दिखे। प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा के बाद जब बाबा के पट खोले गए, तो पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। मंदिर में भजनों की धुन से माहौल भक्तिमय हो गया। श्श्याम बाबा तेरे दर पे आया हूं और तेरे चरणों में अरदास लाया हूं जैसे भजनों ने वातावरण को और भी पावन बना दिया। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।. मुख्य यजमान भूमिदाता शिवकुमार खेतान और मुख्य जजमान नरेश खेतान ने बताया कि सायंकाल श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदीप शर्मा दिल्ली, सौरभ अग्रवाल नैमिषारण्य, कुमार वैभव बहराइ, सोनू गुप्ता बहराइच, आकाश गुप्ता फतेहपुर के द्वारा श्री श्याम जी के कीर्तन प्रस्तुत किये जायेंगे।

## पानी की टंकी में आ रहा करंट तो कही खराब पड़ी टोटी

सीतापुर। मिश्रिख ( नगर पालिका की पानी की टंकी में शॉर्ट सर्किट की वजह से करेंट आने की घटना सामने आई है। मिश्रिख के महंत पुलिया में स्थित पानी की टंकी में पिछले कुछ दिनों से लगातार समस्या बनी हुई है। दूसरी तरफ घनवासपारा के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि टंकी के पास मौजूद टोटी में खराबी आ जाने के कारण पानी का उचित बहाव नहीं हो पा रहा है और पानी भी गरम आता है। जबकि कई टंकियों में करेंट आने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार नगर पालिका को इस समस्या के बारे में सूचित किया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। बीते शनिवार को टंकी के पास करंट आने से एक हादसा होने का खतरा भी पैदा हो गया था। लोगों का कहना है कि करंट के चलते किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जानमाल का नुकसान भी हो सकता है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि नगर पालिका जल्दी से जल्दी टंकी की मरम्मत करवाए और सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखते हुए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही इस मामले को लेकर नगर पालिका के विभागीय अधिकारियों से विस्तृत बयान लेने की कोशिश की जा रही है। मिश्रिख में इस समस्या को लेकर नागरिकों में गुस्सा और चिंता बढ़ रही है। अब देखना यह है कि क्या नगर पालिका इस मामले पर शीघ्र कार्रवाई करती है, या फिर इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाएगा।

## मोहर्रम को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

सीतापुर। शुक्रवार को तम्बौर थाना परिसर में पीस कमेटी के दौरान आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता में कस्बा व क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोगों के बीच आगामी मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर चर्चा हुई बैठक में क्षेत्र के प्रधानों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर चैकी इंचार्ज अमित कुमार दुबे, एसएसआई इंद्रजीत सिंह, प्रधान ईशा खान , रामपाल प्रधान, अनवार हुसैन, अरकम बैग, फारुख प्रधान,लतीफ अंसारी, जियाउलहक,सैय्यद मो0 रेहान, साबिर अली, गुड्डू भाइयों, किशोरी मुनीम नाग,शहबाज खान, शानू, आजम बैग, गौरव रस्तोगी, अनुज मिश्रा, सलमान अली, मुहील खान, अलीम पहलवान, मौलाना उस्मान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मूसलधार बारिश के बाद जलभराव से हाहाकार

## अधूरी सर्विस लेन बनी परेशानी का सबब



सीतापुर। गुरूवार रात व शुक्रवार को हुई मूसलधार बारिश ने सिधौली कस्बे की हालत बद से बदतर कर दी। तेज बारिश के चलते कस्बे की विभिन्न गलियां जलमग्न हो गईं और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। विशेष रूप से नेशनल हाईवे की अधूरी पड़ी सर्विस लेन पर जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बारिश के बाद बिसवां चैराहा, निमार्णाधीन ओवर ब्रिज के पास और जामा मस्जिद के सामने की सर्विस लेन व खोदा पड़ा नाला तरह से पानी में डूब गई। बारिश का पानी सड़कों पर इतना भर गया कि राहगीरों और वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो गया। दुकानदारों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह रही कि पानी भर जाने के कारण ग्राहकों का आना-जाना पूरी तरह ठप हो गया। मोहल्ला प्रेम नगर निवासी राधे गुप्ता, कमलेश जायसवाल, उमेश, कौशल, मोनी जायसवाल आदि दुकानदारों का कहना है कि जलभराव सेब उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। लेकिन जिम्मेदार के कान पर जूं नहीं रेंग रही

### प्रभावित मोहल्ले और मुख्य मार्ग

तहसील तिराहे से पकरिया चैराहा और पकरिया से महमूदाबाद चैराहा तक खुदी हुई और अधूरी पड़ी सर्विस लेन में भारी जलभराव हो गया। मोहल्ला गांधीनगर, गोविंद नगर, विवेक नगर, प्रेम नगर (उत्तरी और दक्षिणी) सहित हाईवे के किनारे बसे तमाम मोहल्ले जलभराव की चपेट में आ गए।

### स्थानीय लोगों का आक्रोश

स्थानीय नागरिकों ने इस बदहाली के लिए नेशनल हाईवे निर्माण से जुड़ी एजेंसी को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि करीब तीन महीने पहले सर्विस लेन को खोद दिया गया था, लेकिन आज तक उसका निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। इसी लापरवाही के चलते अब यह जलभराव की बड़ी वजह बन गई है। क्षेत्रीय जनता ने प्रशासन और निर्माण एजेंसी से तत्काल प्रभाव से जल निकासी की उचित व्यवस्था करने, अधूरी पड़ी सर्विस लेन का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने और भविष्य में ऐसी समस्याओं से निजात के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। कस्बा इस समय अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार नजर आ रहा है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में बरसात के मौसम में हालात और भी बिगड़ सकते हैं। प्रशासन और निर्माण एजेंसी को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# लापरवाही से महिला की मौत मामले में माया मिडकेयर हॉस्पिटल सील

## डिप्टी सीएमओ ने की कार्रवाई



सीतापुर सिधौली कोतवाली से कुछ कदम की दूरी पर स्थित माया मेडीकेयर हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत के मामले में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। गुरुवार को डिप्टी सीएमओ देशमणि ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया। गौरतलब है कि मदारीपुर निवासी फूलकुमारी पत्नी वीरेंद्र को दो जून को डिलीवरी के लिए माया मेडीकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन से बच्चे के जन्म के बाद फूलकुमारी की हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों के अनुसार, अस्पताल प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए उसे गंभीर हालत में भी वहीं भर्ती रखा। बाद में जब उसे दूसरे निजी अस्पताल में ले जाया गया तो जांच में पता चला कि ऑपरेशन के दौरान पेट में कोई वस्तु छूट गई थी। जिससे संक्रमण फैल गया और उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने पहले हॉस्पिटल में हंगामा किया, लेकिन उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। आखिरकार 18 जून की देर रात पुलिस ने संबंधित चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक क्राइम राममणि ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और साक्ष्य के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम जब कोतवाली के पास स्थित मुख्य शाखा पर पहुंची, तो पाया गया कि अस्पताल संचालक पहले ही फरार हो चुके थे और अस्पताल बंद कर दिया गया था। इसके बाद टीम मोहल्ला नरोत्तम नगर दक्षिणी स्थित दूसरी शाखा पर पहुँची। जहां पर अचानक छापे की खबर से हड़कंप मच गया। टीम ने मौके पर एक और प्रसूता को पाया जिसे तत्काल सीएचसी सिधौली भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल को सील कर दिया है। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# योग दिवस के पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा शहर के सरोजनी वाटिका पार्क में योग दिवस के पूर्व योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक प्रियंका सिंह ने शरीर की चालन क्रिया, योगासन, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन। बैठकर अभ्यास करने वाले भद्रासन, वज्रासन अर्ध उष्ट्रासन, शशांक आसन, मंडूकासन, वक्रासन। पेट के बल लेट कर अभ्यास करने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन। पीठ के बल लेटकर अभ्यास करने वाले आसन सेतुबंध आसन उत्तानपादासन, अर्धलासन पवनमुक्तासन व कपालभाति क्रिया व अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम ध्यान का अभ्यास कराया। इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने संगठन के सभी पदाधिकारियों से अपील की सभी पदाधिकारी नियमित व अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे परिवार एकजुट होकर योग करे। राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी ने कहा योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने का एक तरीका है वही डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्या ने अपने उदबोधन के दौरान योग को अध्यात्म से जोड़ा।

# नालियों की बदहाली की स्थिति अब नियंत्रण से बाहर

## नगर में टूटा पड़ा नाला और इकट्ठा कूड़ा



सीतापुर। मिश्रिख नगर पालिका की लापरवाही की वजह से मिश्रिख के विभिन्न इलाकों में नालों की हालत दयनीय हो गई है, और सड़क किनारे कूड़े के ढेर जगह-जगह इकट्ठा हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से नगर के कई इलाकों में टूटे हुए नाले और कूड़े के ढेर की समस्या बढ़ गई है, जिससे न सिर्फ गंदगी फैली हुई है। बल्कि स्थानीय निवासियों को भी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी और नालियों की बदहाली की स्थिति अब नियंत्रण से बाहर हो गई है। कई स्थानों पर नालियों के ढक्कन टूटे पड़े हैं। इस वजह से न केवल राहगीरों के लिए परेशानी हो रही है, बल्कि बारिश के मौसम में पानी की निकासी में भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या महीनों से बनी हुई है। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। हमने कई बार नगर पालिका से शिकायत की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। कूड़ा इकट्ठा हो जाता है और नाले टूटकर गिर जाते हैं। इससे न केवल गंदगी बढ़ रही है, बल्कि मच्छरों और अन्य कीड़ों का भी प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय निवासी रौनक तिवारी ने कहा। नगर पालिका के अधिकारियों से इस विषय पर प्रतिक्रिया लेने के प्रयास किए गए, लेकिन फिलहाल कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। हालांकि, कुछ अधिकारी यह मानते हैं कि इस समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। नगर पालिका की लापरवाही पर नागरिकों में गुस्सा और नाराजगी है। अब लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन और नगर पालिका अपने कर्तव्यों को सही तरीके से निभा पाएंगे या शहर को इसी तरह की समस्याओं से जूझना पड़ेगा।

# बदहाल व्यवस्था को झेल रहे मरीज और तीमारदार

## स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी पर नहीं लग रही रोक



उन्नाव। जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं कम नहीं हो रहीं हैं, शिकायतों के बाद भी अस्पताल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे मरीजों को वह सामान्य सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। जो अस्पताल प्रशासन आसानी से उपलब्ध करा सकता है। आलम यह है कि इस भीषण गर्मी से बचाव के लिए वार्ड में कूलर तो लगवा दिए लेकिन उनमें पानी नहीं भरवाया जा रहा है। जिससे वह गर्म हवा दे रहे हैं। मरीज गर्मी से बेहाल है। स्ट्रेचर न मिलने की शिकायत के बाद भी वार्ड ब्वॉय का रवैया सुधर नहीं पा रहा है। तिमारदारों को टिकाकर मरीजों को ले जाना पड़ता है। यही नहीं भोजन वितरण में भी स्वच्छता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सब के बाद भी अस्पताल प्रशासन व्यवस्था में सुधार का दावा करने तक सीमित है। इमरजेंसी में लगे चार कूलरों में सिर्फ एक में पानी चल रहा था। अन्य लगे कूलरों में पानी नहीं था। वह गर्म हवा दे रहे थे। इससे भर्ती मरीज उमस से बेहाल रहे। वार्ड एक और दो में लगे कूलरों में भी पानी नहीं था। इससे वार्ड के मरीज भी गर्मी से परेशान दिखें। नहीं मिली व्हील चेयर मरीज के साथ आए तीमारदारों ने अपनी गोद में उठाकर एक्स-रे कराकर सहारा दे कर हांफते हुए एमरजेंसी वार्ड पहुंचे अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि मरीजों को इमरजेंसी में व्हील चेयर और स्ट्रेचर भी नहीं मिलते हैं। आदर्श नगर निवासी युवक सत्यम शुक्ला का एक्सीडेंट होने पर एक्सरा कराने आया था। एक्स-रे के लिए साथ रहे तीमारदारों ने अपने गोद पर टिकाकर ले जाना पड़ा। इमरजेंसी में स्वास्थ्य कर्मियों ने हांफते हुए जाते भी देखा। पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यह मरीज तो उदाहरण है। दिन में इस तरह की लापरवाही कभी भी देखी जा सकती है। सीएमएस डॉ रियाज अली मिर्जा ने बताया मरीजों को व्हील चेयर और स्ट्रेचर न देने पर वार्ड ब्वाय को सख्त चेतावनी दी जाएगी!

# मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं




सीतापुर। जून माह के किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुये गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बाजार में यूरिया एवं डी०ए०पी० के साथ अन्य सामग्री को टैग करके बेचा जा रहा है, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। इसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार तीन बोरी यूरिया पर एक शीशी नैनों यूरिया किसानों को नैनों यूरिया के प्रति जागरूक करने हेतु दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि कोई भी विक्रेता खाद का विवरण अधिक मूल्य पर या किसी अन्य सामग्री को टैग करके बेचता है, तो उसकी शिकायत विभाग से करें। जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाइयों से वर्तमान में धान की फसल की रोपाई मौसम के अनुकूल के होने के कारण करने की सलाह दी गयी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाईयों को अवगत कराया कि जनपद की समस्त राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर धान की फसल हेतु कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध है। किसान भाई 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि रक्षा रसायन प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं। किसान दिवस में अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त। अध्यक्ष द्वारा शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में किसानों के स्तर से कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई अध्यक्ष द्वारा किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण

उन्नाव। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी तथा राजनैतिक पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रॉग रूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, सुरक्षा गार्ड रूम आदि देखे गए तथा स्ट्रॉग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली गयी। इस मौके पर उन्होने विगत दिनों के सीसीटीवी फुटेज तथा गार्ड रजिस्टर चैक किए तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक कैमरा 24 घण्टे क्रियाशील रहना चाहिए। उन्होने कहा कि कैमरे हाई रिज्योलूशन के लगाए जाए ताकि स्पष्टता रहे। यह भी कहा कि स्ट्रॉग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाए ताकि वर्षा के दृष्टिगत सीलन तथा दीमक आदि कीटों से पूर्णतया सुरक्षित रहे। उन्होने निर्देश दिए कि स्ट्रॉग रूम में सुव्यवस्थित वायरिंग तथा प्रकाश की अच्छी व्यवस्था रखी जाए। सभी जगह अग्निशमन यंत्र चालू हालत में उपलब्ध रहें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से आसानी से निपटा जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पार्टी पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि अन्य देशों की अपेक्षा हमारे देश का निर्वाचन तंत्र बेहतर है। उन्होने अधिकारियों से कहा कि पार्टी पदाधिकारियों से मतदाता सूची संबंधी आवश्यक सुझाव प्राप्त कर अमल में लाते रहे ताकि मतदाता सूची को लेकर किसी भी प्रकार का मतभेद न रहे। उन्होने गार्ड रजिस्टर अवलोकित करने के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अत्यन्त संवेदनशील जगह है इसलिए यहां की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिन गार्डस की यहां पर ड्यूटी लगायी जाती है वह निर्धारित अवधि में वहां रूकते है या नहीं, यह भी सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोडा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चन्द्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर सोनम सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण एवं विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

## मनरेगा से लगायी जा रही फर्जी हाजिरी के मामले में टीम गठित, होगी जांच

सीतापुर। विकासखंड सकरन में मनरेगा से लगाई जा रही फर्जी हाजिरी के मामले में डीसी मनरेगा ने ग्राम पंचायतों की जांच कर टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण की बात कही। मनरेगा में लगाई जा रही फर्जी हाजिरी के मामले समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश पर डीसी मनरेगा चंदन पांडेय द्वारा सकरन ब्लॉक की लखनियापुर, सरैंयाकलां, ताजपुर सलौली, जमलापुर, मानपुर सिकरी, गठिया कलां आदि समेत 17 ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी कर स्थलीय जांच के आदेश दिए थे। बुधवार को मामले की जांच करने ब्लाक पहुंचे डीसी मनरेगा चंदन पांडेय ने सभी ग्राम पंचायतों के दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने बताया ग्राम पंचायतों में मजदूरों के किए जाने वाले एनएमएमएस तकनीकी हाजिरी आईटी सेल रिफेंटेड साप्टवेयर द्वारा लगाई जाती है। जिसमें किसी एक एंगिल से फोटो खींचने पर कम लोग दिखते हैं। मजदूरों की सही एंगिल से फोटो खीचने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में ग्राम पंचायतों में किए जाने वाले एनएमएमएस एपीओ मनरेगा की देखरेख में अपलोड़ होंगे। लालाबों व पोखरों में पानी भरवाने के कारण जनपद में वाटर लेवल बढ़ा है। वाटर हार्वेस्टिंग के मामले में जनपद का नाम टाप टेन सूची में है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों की स्थलीय जांच के लिए खंड विकास अधिकारी के नेत्रत्व में पांच सदस्सीय टीम गठित कर जांच करवाई जाएगी। ब्लाक में हर रोज लगाई जा रही मजदूरों की फर्जी हाजिरी के बारे में मीडिया द्वारा सवाल पूंछे जाने पर डीसी मनरेगा चन्दन पांडे ने बताया कि आप लोगों की खबर प्रकाशन पर संज्ञान लिया गया और ग्राम पंचायत को नोटिस जारी कर दी गई है। खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पांच अधिकारियों की टीम गठित की जा रही है। ग्राम पंचायत की जांच करवाकर दोषी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## चार दिन पूर्व गायब हुई बच्ची संदिग्ध तरीके से गन्ने के खेत में मिली हड्डियां

सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व गायब हुई बच्ची की संदिग्ध तरीके से गन्ने के खेत में हड्डियां मिली। बीते 17 जून को दिन में करीब 11 बजे जिकरा पुत्री जाकिर उम्र 5 वर्ष निवासी बजरंगगढ़ थाना थानगांव गांव से ही अचानक संदिग्ध तरीके से गायब हो गयी थी। देर तक जब बच्ची घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। देर शाम तक बच्ची के न मिलने पर परिजनों ने थानगांव पुलिस को जानकारी दी। जिस पर थानगांव पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी का मुकदमा लिखकर तलाश शुरू कर दी। सीओ महमूदाबाद शैलेन्द्र श्रीवास्तव व थानाअध्यक्ष थानगांव अतुल शुक्ला ने लगातार घटना के दिन से आसपास के खेतों में सर्च ऑपरेशन करते रहे। गांव में लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आज दिन शुक्रवार सुबह गांव से करीब 200 मीटर दूर जगमोहन निवासी बभिया के गन्ने के खेत में मनुष्य की कुछ हड्डियां ग्रामीणों द्वारा देखी गयी। जिसकी सूचना थानगांव पुलिस को दी गयी। मिले अवशेषों में खोपड़ी, दोनों हाथ की हड्डियां, कॉलर बोन, निचली जबड़ा, इधर-उधर पड़ा मिला। साथ ही काले रंग की चड्ढी भी मिली। चड्डी से परिजनों ने गायब हुई जिकरा के होने की शिनाख्त की। मौके पर सीओ महमूदाबाद शैलेन्द्र श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष थानगांव अतुल शुक्ला मय हमराही और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। अवशेषों को पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस, परिजन और ग्रामीण प्रथम द्रष्टया किसी जंगली जानवर द्वारा घटना को अंजाम देने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। सीओ महमूदाबाद शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अवशेषों को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपार्ट में ही घटना स्पष्ट हो पाएगी। परिजनों द्वारा बच्ची की शिनाख्त की गई है लेकिन ऐतिहातन डीएनए जांच भी कराई जाएगी। जिससे स्पष्ट जानकारी हो सके। वन विभाग को भी सूचना दी गयी है। वहीं बीते चार दिन में पास गाँव के ही कलीमुल्ला निवासी बेररा का बकरा 17 जून को जंगली जानवर उठा ले गया था। वहीं बजरंगगढ़ गांव के रहने वाले मुनीर का बकरा भी कल दिन में जंगली जानवर उठा ले गया था।

संक्षेप

## रसूख के चलते लघु सिंचाई के जेई नहीं हुए रिलीव

**बांदा।** लघु सिंचाई विभाग में तैनात अवर अभियंता को शिकायतों के बाद शासन के आदेश पर 5 जून को ललितपुर स्थानांतरित किया गया है लेकिन रसूक के चलते वह लगातार यहीं डटे हुए हैं। स्थानांतरण आदेश में एक सप्ताह में स्वतः कार्य मुक्त होने के निर्देश दिए गये थे लेकिन अवर अभियंता जगतपाल ने रसूक और धन बल के चलते अधिकारियों से घालमेल कर रिलीव नही हुए और तबादला आदेश के 15 दिन बाद भी वह विभाग में धड़ल्ले से कार्य कर रहे हैं। इस मामले पर विभाग में कर्मचारी दबी जुबान से यह कह रहे हैं कि आखिर अवर अभियंता शासन के निदेर्शों के बावजूद रिलीव क्यों नही हुए। सूत्रों का कहना है कि तमाम ऐसे विभागीय कार्य हैं जो स्थानांतरित जेई जगतपाल के माध्यम से करवाए जा रहे हैं और इनमें बड़े पैमाने पर घालमेल हो रहा है। इस बारे में अधिशाषी अभियंता प्रेमनारायण से बात की गयी तो उन्होने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उन्हे इस तरह की कोई जानकारी ही नही है।

## तीस जून तक केवाईसी करायें अपडेट

**ललितपुर।** इस माह की तीस तारीख तक प्रत्येक उपभोक्ता अपने निकटवर्ती उचित दर विक्रेता (राशन की दुकान) पर पहुंच कर केवाईसी अपडेट करा लें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित होना पड़ सकता है। यह बात पत्रकारों को संबोधित करते हुये जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि केवाईसी अपडेट का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन कई राशनकार्ड धारक ऐसे हैं, जो शहर के बाहर रहकर कार्य करते हैं या फिर किन्हीं कारणोंवश उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर अपना केवाईसी अपडेट नहीं करा रहे हैं। ऐसे राशन कार्ड धारकों से उन्होंने आह्वान किया कि जो लोग ललितपुर से बाहर रहकर कार्य करते हैं, वह वहां रहकर भी पास की किसी भी उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर अपना केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। इसके अलावा जो लोग किन्हीं कारणों वश अपना केवाईसी अपडेट नहीं करा रहे हैं, वह जुलाई माह से खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ललितपुर जिले में केवाईसी अपडेट के कार्य को गति से किया जा रहा है, इसमें जो भी लोग तीस जून तक केवाईसी अपडेट नहीं कराते हैं, वह जुलाई माह से खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित रह सकते हैं।

# विकास कार्यों को तेजी से करायें पूराः डीएम

जिला संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के तहत विकास कार्यों, निमार्णाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गति लाते हुए कार्य शीघ्र पूरा कराएं।

उन्होने बांदा ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्य प्रत्येक दशा में गुणवत्ता के साथ राजकीय निर्माण निगम को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने काम में देरी करने पर कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि उपकेन्द्र बबेरू के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराएं और उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए कि पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल तथा मेडिकल कालेज में 100 बेड के ट्रिपिकल केयर ब्लाक का निर्माण कार्य, कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा बिसंडा, बबेरू एवं अतर्रा में वाटर सप्लाई कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। राज्य सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग झांसी-मानिकपुर रेल सेक्शन, नरैनी कालिंजर मार्ग को झांसी-मिजार्पुर मार्ग को जोड़ने के लिए नये बाईपास के निर्माण, फोर लेन उपरगामी का निर्माण, यूपी सिडको परिवहन विभाग के बबेरू बस स्टेशन का निर्माण कार्य सहित जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीएनडीएस के अधिकारियों को छोड़कर सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा बिना बताए मुख्यालय छोड़ने पर स्पष्टीकरण मांगा। निर्देश दिए कि शासन से रिलीज धनराशि को समय से खर्च किया जाए। जिलाधिकारी ने गौरा बाबा मंदिर पर्यटन विकास कार्य, कालिंजर किले के पास पर्यटन सुविधा केन्द्र की समीक्षा की और इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिशाषी अभियंता केन कैनाल को यमुना नदी की कटान रोकने के कार्य को पूरा करने और आयुष विभाग के प्रशासनिक भवन, ऑडोटोरियम निर्माण कार्य व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, जिला विकास अधिकारी, डीसीएनआरएलएम, प्रभागीय वनाधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां पूरी

**ललितपुर।** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक आवश्यक बैठक श्री जगदीश मंदिर धर्मशाला में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष राजीब बबेले सप्पू ने की। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष रथयात्रा में इस्कॉन मंदिर वृदावन के देशी और विदेशी भक्तों का संकीर्तन मंडल, अशोक डोंगरा सांस्कृतिक दल हरियाणा और पंजाब का श्री राधा कृष्ण के भक्ति नृत्य, भगवान शंकर के नृत्य, उज्जैन महाकाल परिवार के ढोल तांसे एवं भीषण गर्जना करने वालीं बंदूकें, बुन्देली छटा का प्रदर्षित करतीं मध्यप्रदेश के ढपला रमतूला, कल्यानपुरा का सैरा नृत्य, दिल दिल घोडी, ढपला रमतूला, जनपद की अनेक प्रभातफेरी मंडली, नागिन बैंड, श्री रामराजा व्यायामशाला आदि अपना प्रदर्शन करेगें। बैठक में जनपद के समस्त मंदिरों से महंत गर्भ गृह से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र जी की प्रतिमा रथों पर स्थापित कराएगें। रथ यात्रा के अवसर पर पूरे नगर को सजाने की व्यवस्था रथ यात्रा पर भारी पुष्पवर्षा, यात्रा के समापन पर वैदिक विद्वत परिषद द्वारा भव्य एवं दिव्य आरती की जाएगी। सम्पूर्ण नगर में अनेकों स्वागत द्वार लगाने का निर्णय लिया गया।

# पुलिस की नौकरी जॉब नहीं, बल्कि लोगों की सेवा हैः एसपी

जिला संवाददाता



- रिक्रूट आरक्षियों से एसपी ने किया संवाद
- अनुशासन का पालन करने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में उ.प्र. पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। जेटीसी प्रशिक्षण के लिये आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान आरक्षियों को ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए अनुशासन, अच्छा आचरण, सोशल मीडिया पॉलिसी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। एसपी ने कहा कि अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली बेहतर मूलभूत सुविधाये प्रदान करने के सम्बन्ध में पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को लेकर आवश्यक जानकारी दी। ट्रेनिंग के दौरान दैनिक दिनचर्या के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अभ्यर्थियों को वर्तमान में टैक्नोलाजी का सदउपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने हेतु प्रेरित किया। पुलिस के आचरण जैसे रूढिवादी सोच, गैर पक्षपात पूर्ण कार्य, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराते हुये पुलिस को ईमानदारी पूर्वक जाति, धर्म व राजनैतिक बातो से परे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु अवगत कराया गया। उ.प्र. पुलिस के गौरवमयी इतिहास में आने वाले अगले 35 से 40 वर्षों तक बदलते हुए समय को देखते हुए एक बीट आरक्षी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है।

आरक्षी पद से ही हमारी पुलिस प्रणाली मजबूत होती है तथा अपराधियों व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलती है, के सम्बन्ध में अवगत कराया। ट्रैनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अनुशासन में रहने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सोशल मीडिया पॉलिसी के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात अभ्यर्थियों को महिला सम्बन्धी सुरक्षा व शासन द्वारा महिलाओं के सम्बन्ध में संचालित अभियानों के सम्बन्ध में बताया। शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान आउटडोर में होने वाली क्रियायें जिनमें पीटी, योगासन, खेलकूद आदि के महत्व के सम्बन्ध में कराया। सभी अभ्यर्थियों को बेसिक पुलिसंग के बारे में जानकारी देकर, अपनी ड्यूटी को सेवा भाव के रूप में करने के सम्बन्ध में बताया। अभ्यर्थियों को एक आरक्षी के कर्तव्य व दायित्वों के सम्बन्ध में जानकारी दी। अभ्यर्थियों को पुलिस मुख्यालय से दिये गये आदेशो-निर्देश का पालन करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को सभी से मधुर व्यवहार रखने हेतु दिशा-निर्देश दिये।

## चकबंदी विभाग के कई अधिकारी सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी जसजीत कौर की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन राजस्व विभाग, लखनऊ एवं चकबन्दी आयुक्त उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की मासिक प्रगति संबंधी बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बिजनौर के चकबन्दी प्रक्रियाधीन सभी 21 ग्रामों की धारावार समीक्षा की गई। चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत धारा-7 भूचित्र संशोधन के स्तर पर केवल 01 ग्राम पुण्डरी खुर्द शेष रह गया है, जिसमें जिलाधिकारी ने तीव्र गति से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। अन्य सभी ग्राम अगली विभिन्न धाराओं में प्रचलित है। सभी ग्रामों का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

ग्राम कस्बा झालू, हल्दौर व भागूवाला में अन्तिम अभिलेख तैयार कर लिये गये हैं, स्थल पर कब्जा सत्यापन की कार्यवाही प्रचलित है, जिलाधिकारी द्वारा माह जुलाई 2025 में अनिवार्य रूप से इन ग्रामों का कार्य पूर्ण कराकर धारा 52 का प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। कब्जा परिवर्तन का अवशेष कार्य भी 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि चकबन्दी का कार्य एवं जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया गया तथा क्षेत्रीय अधिकारी अधीनस्थ के कार्य की समुचित समीक्षा करते रहे, किसी भी स्तर पर शिथिलता एवं लापरवाही परिलक्षित होने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगा। ग्राम नूर मौ0पुर ए0 तहसील नगीना, जिला बिजनौर का कब्जा परिवर्तन गत माह में पूर्ण किया गया है, इस ग्राम में सराहनीय कार्य करने के लिए वीरेन्द्र पाल सहायक चकबन्दी अधिकारी, बाबर जैदी, चकबन्दीकर्ता एवं विनय कुमार, विपिन कुमार, अंकित कुमार चकबन्दी लेखपालगण को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## विकसित भारत संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम कालः अजीत

जिला संवाददाता



**बांदा।** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूरा होने पर प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी अजीत सिंह पाल ने कहा कि यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धी का स्वर्णिम काल है।

बीते 11 वर्ष की यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी ने अकेले नही बल्कि खुद को तपाकर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को परवाज देते हुए की है। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 के पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टीकरण की बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नही पहुंचते थे और बिचैलिए खा जाते थे लेकिन अब पैसे सीधे जनता के खाते में पहुंच रहे हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि पहले इलाज के लिए सोंचना पड़ता था लेकिन अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज हो रहा है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जब से देश में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है तब से घोटालों का अंधेरा दूर हुआ है और सुशासन का प्रकाश फैल रहा है। 11 वर्ष हमारी महान संस्कृति के पुनरूद्धार और धार्मिक जागरण के रहे हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल देखने को मिलते हैं। मोदी है तो मुमकिन है, केवल नारा नही बल्कि जमीनी सच्चाई है। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक त्रिपाठी जीतू, लवलेश सिंह, अखिलेश नाथ दीक्षित, विवेकानंद गुप्ता, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ममता मिश्रा, प्रेमनारायण द्विवेदी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, लखन राजपूत, दुर्गा प्रसाद चैरसिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, अमित सेठ भोलू, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षक, चिकित्सक व व्यापारी उपस्थित रहे।

## मृतका की मां को राज्यमंत्री ने सौंपा चेक



**बांदा।** चिल्ला थानाक्षेत्र के एक गांव में 3 जून की शाम बच्ची के अपहरण के बाद उसके साथ दुराचार कर जंगल में फेंक दिया गया था। पुलिस ने 4 जून को ही मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। बच्ची को नाजुक हालत में कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन 4 दिन बाद उसकी मौत हो गयी। शुक्रवार को रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं जिलाधिकारी जे0 रीभा ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक मां मनीषा देवी को बालिका के साथ हुए जघन्न अपराध की क्षतिपूर्ति के तहत दिया। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा, जिला प्रोवेशन अधिकारी मीनू सिंह की मौजूदगी में पीड़िता की मां को राज्यमंत्री ने चेक सौंपा।

## परिषदीय स्कूलों का एकीकरण छोड़ सरकार नये पदों पर निकाले भर्तीः चंद्रहास सिंह

**बिजनौर।** ऑल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद के कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज करना सरकार का खेदजनक कदम है। चंद्रहास सिंह ने कहा कि विद्यालयों के पेयरिंग (एकीकरण) से शिक्षा व्यवस्था में नवाचार एवं सुधार के अपार संभावनाएं वह भौतिक संसाधन बढ़ेंगे आदि सपने दिखा कर प्रदेश के 2700 से अधिक विद्यालयों को मर्ज कर सरकार गरीबों से शिक्षा छिन्ने का काम कर रही है साथ प्रदेश के योग्य डिग्रीधारी बेरोजगारों को रोजगार से दूर कर रही है। सरकार को यह आदेश वापस लेना चाहिए और बेसिक शिक्षा विभाग में नए पदों की भर्ती निकालनी चाहिए जिससे प्रदेश में बेरोजगारी का ग्राफ काम होगा। सरकार को बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के पेयरिंग (एकीकरण) के शासनादेश को वापस लेते हुए शिक्षा व्यवस्था को हुए और सुदृढ़ करने के लिए और अच्छे संसाधनों को देना चाहिए।

## योग को जीवन का अंग बनायेंः सदर विधायक



**बांदा।** शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज में बीते 5 दिनों से चल रहे योगाभ्यास कार्यक्रम में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार, नोडल अधिकारी डॉ राजेश राजपूत, और जिला कार्यक्रम प्रबंधक अपूर्वा सोनी मौजूद रहे। योग शिक्षक बिन्दु कुमार सिंह, पूर्व सूबेदार ने एनसीसी कैडेट्स और छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया। इसमें शिथिलीकरण, ताड़ाशन, वृक्षाशन, पादहस्ताशन, वज्राशन, ससकाशन, त्रिकोणाशन, मकराशन, कपालभाति, अनुलोम विलोम व भ्रामरिक अभ्यास कराया। एनसीसी कैडिटों, छात्रों के साथ मुख्य अतिथ व विशिष्ट अतिथियों ने योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने सभी से अपील की, कि योग को जीवन का अंग बनाएं और इसके प्रति मित्रों, परिजनों तथा सभी को प्रेरित करें। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य निमिशा रंजन, लेफ्टिनेंट प्रत्यूष मिश्रा, लेफ्टिनेंट रामप्रसाद, केयरटेकर कमलेश कुमार, देशराज सिंह, शिक्षिकाएं और छात्र मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद ने किया।

# जल भराव के कारण दुर्घटना घटित हुई तो संबंधित का उत्तरदायित्व किया जायेगा निर्धारितः अंकुर



- वर्षा ऋतु के पूर्व की तैयारियों के लिए एडीएम ने ली बैठक

**ललितपुर।** वर्षा ऋतु के पूर्व नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था, नाला नालियों की साफ-सफाई एवं बारिश के पानी की निकासी के उचित प्रबन्धन किये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जल संस्थान, जन निगम और अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि पेयजल समस्याओं के सम्बन्ध में विकास भवन में कन्ट्रोल रूम संचालित है, जिसमें प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गए। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र की 44 शिकायते तथा नगरीय क्षेत्र की 13 शिकायतें अभी भी लम्बित है, जिनका निस्तारण जलनिगम द्वारा नहीं किया जा रहा है। उपस्थित अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि लम्बित शिकायतों का एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करके अवगत कराये तथा भविष्य में कन्ट्रोल रूम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी निकाय में जल संस्थान के कोई भी कर्मचारी उपलब्ध नही रहते है, जिस कारण पाइप लाइन की मरम्मत आदि कार्यो को कराने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, इस सम्बन्ध में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल संस्थान को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अवर अभियंता को निर्देशित करें कि वह नगर पंचायतों से सूचना प्राप्त होने पर तत्काल नगर पंचायत से सम्पर्क स्थापित कर समस्या का निस्तारण करायें।मानसून आने से पूर्व नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नाला-नालियों की साफ-सफाई कराये जाने एवं बारिश के पानी की निकासी का उचित प्रबन्धन किये जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी, नागर निकाय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी प्राप्त की गयी, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि नगरीयध्ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले समस्त नाला-नालियों की साफ-सफाई करायी जा रही है तथा बारिश के पानी की निकासी हेतु उचित प्रबन्धन किये जा रहे है ताकि बारिश के समय कहीं भी पानी एकत्रित न हो और जनमानस को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगरीय क्षेत्र के समस्त नाला-नालियों की साफ-सफाई अभियान चलाकर पूर्ण करा ली जाये व जल निकासी हेतु भी उचित प्रबन्धन किया जाये, ताकि बारिश का पानी कही भी एकत्रित न हो तथा ऐसे स्थलों जहॉ पर बारिश का पानी एकत्रित होने की सम्भावना हो, उन स्थानों पर मिट्टी आदि से पुराव करा दिया जाये। इसी प्रकार जिला पंचायत राज अधिकारी अपने स्तर भी ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।एडीएम ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निगम द्वारा सड़क खोदकर पाइप लाइन बिछायी जा रही है। प्रायः देखा जा रहा है कि पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त पाइपों को केवल मिट्टी से ढक दिया जा रहा है, सड़क को सी0सी0 या डामर के द्वारा पुर्नस्थापित नही किया जा रहा है, बड़ी संख्या में सड़के खुदी हुयी पड़ी है, तेज बारिश होने के कारण पाइप लाइन पर पड़ी मिट्टी बहने एवं धसने के कारण दुर्घटना होने की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता। इस सम्बन्ध में शासन से निर्देश प्राप्त हुये है कि सड़को पर गड्ढो में जल भराव के कारण होने वाली दुर्घटनाओं या जनहानि, पशुहानि के सम्बन्ध में सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। जलनिगम के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि वह सम्बन्धित ठेकेदार से ऐसी समस्त सड़को के रेस्टोरेशन का कार्य एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह वह भी अपने स्तर से नगरीय क्षेत्र का भ्रमण कर जिन सड़को के रेस्टोरेशन का कार्य अपूर्ण है, उन्हें जल निगम के माध्यम से पूर्ण कराये।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक

**बहराइच।** बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अभियोजन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विभिन्न न्यायालयों में योजित गम्भीर धाराओं में अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित मुकदमों पर विशेष चर्चा करते हुए ट्रायल को गति देने के निर्देश दिये गये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि जिन प्रकरणों में दोष मुक्ति हुई है उनकी विशेष समीक्षा कर अपील में जाने योग्य वादों में समयबद्ध रुप से अपील कर प्रभावी पैरवी की जाय।

बैठक का संचालन करते हुए संयुक्त निदेशक अभियोजन राजेन्द्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि मा. सत्र न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर कुल 18 मामलों में सजा दिलायी गयी, जिसमें 08 मामले महिला अपराध से संबंधित है।

पाक्सों अधिनियम के 7 मामले में सजाई करायी गयी, जिसमें 04 मामलों में 20 वर्ष का कारावास, 02 मामलों में 10 वर्ष का कारावास व 01 मामले में 03 वर्ष के कारावास की सजा करायी गयी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अधीनस्थ न्यायालयों में कुल 3324 भा.द.स. एवं बीएनएस के मामले एवं 1339 अन्य अधिनियम के मामलों में प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्तों को मा. न्यायालय द्वारा दण्डित कराया गया।

बैठक में एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा एवं ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, डीजीसी क्रिमिनल गिरीश चन्द्र शुक्ला, संत प्रताप सिंह विशेष शासकीय अधिवक्ता, अभियोजन अधिकारी निर्मल कुमार यादव, एपीओ आकाश अरूण, तबस्सुम, प्रमोद कुमार, एसपीपी पाक्सो संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह एडीजीसी क्रिमि., प्रेम प्रकाश मिश्रा, सुनील कुमार जायसवाल उपस्थित रहे।

# प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने से सीएम डैशबोर्ड की प्रगति और अधिक बेहतर होगीः डीएम



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें जिससे कार्य प्रगति को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पिछले माह की अपेक्षा इस माह में जिले को अच्छी रेंक प्राप्त होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कार्य प्रगति को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन विभाग को विभागीय योजना के सापेक्ष पौधों की संख्या, गड्डा खुदाई की प्रगति तथा बड़े-बड़े भू-भागों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों की संख्या अधिक है, उन ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर मछली पट्टे दिए जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने सीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निर्माण कराई जा रही परियोजनाओं की समीक्षा में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करते हुए समय से संबंधित विभागों को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी, धर्मवीर सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मॉक ड्रिल का आयोजन कर चीनी मिल में इमरजेंसी में आग बुझाने की दी जानकारी

**बिजनौर।** किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉक ड्रिल के मौके पर मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों को एमरजेंसी के समय आग बुझाने की जानकारी दी। नजीबाबाद के कोटद्वार मार्ग स्थित चीनी मिल में बीती शाम मिल प्रधान प्रबंधक सुभाष चन्द प्रजापती के निर्देश पर अग्निशमन प्रभारी के0एस जादौन, फायरमैन सुधीर कुमार, मुजम्मिल खान, संजीव कुमार, नीरत, हिमांशु गौतम, अजीत कुमार, शुभम, चालक तेज सिंह ने चीनी मिल के केन यार्ड में क्रत्रिम आग को बुझाने का अभ्यास किया। जैसे ही सायरन बजा तो मिल में हड़कंप मच गया। दौड़े दौड़े पहुंचे अधिकारी व कर्मचारियों को एमरजेंसी के समय आग बुझाने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर नीरज पांडेय, मुख्य अभियन्ता, प्रमोद कुमार मुख्य रसायन विद, राधेश्याम गुप्ता, मुख्य गन्ना अधिकारी आकाश तिवारी, उप मुख्य अभियन्ता पंकज रावत, उप मुख रसायन विद आलोक गुप्ता, सुरक्षा प्रभारी सहायक अभियन्ता विवेक यादव, अशोक वर्मा, जितेन्द्र चैहान, अजीत यादव, राजेन्द्र सिंह, रोहित, सुधीर सिंह, कपिल आदि सुरक्षा गार्डों ने मॉक ड्रिल में सहयोग किया।

# मानवता के लिए योग

मानवता के कल्याण, विश्व शांति और विश्व बंधुत्व के भाव के विस्तार एवं विकास के लिए अब तक इस धरती पर ज्ञात सभी चीजों में योग सबसे वैज्ञानिक तौर-तरीका है। कई बार हमारे आग्रह-दुराग्रह मनो मस्तिष्क पर इतनी प्रबलता के साथ हॉवी हो जाते हैं कि हम सब कुछ जानते, समझते हुए भी सच को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। यह बात योग के साथ भी है। योग हमारे स्वास्थ्य के लिए, जीवन में आनन्द के लिए, प्रकृति के साथ सामंजस्य के लिए और बीमारियों को कम करने के लिए वेलनेस केयर के तौर पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग हमे स्वस्थ भी रखता है, सानन्द भी रखता है और हमारे मनोमस्तिष्क को शांति भी प्रदान करता है। इसे हर कोई जानता है, लेकिन फिर भी कोई न कोई सिरफिरा, शातिर और धर्मांध हर साल सामने आ जाता है और योग को एक खास धर्म से जोड़ कर दूसरे धर्म के लोगों को इससे बचने की बात करने लगता है। अगर हम इस संकीर्णता से ऊपर उठकर योग को उसके सही परिप्रेक्ष्य में देखें तो योग ही है जो दुनिया को शांति, सौहार्द, आनन्द और लंबे जीवन के मार्ग पर आगे ले जाने में सक्षम है। आर्थिक



प्रगति परस्पर प्रतिस्पर्धा, युद्ध और अतिशय भोग-विलास को जन्म देती है। प्रगति ने ही पर्यावरण को इस हद तक गड़बड़ कर दिया है कि अब वैज्ञानिक भविष्यवाणी करने लगे हैं कि अगले कुछ दशकों में हमे आर्कटिका में बर्फ के दर्शन नहीं होंगे। ग्लोबल वार्मिंग के भयानक परिणाम के रूप में ध्रुवीय क्षेत्र के बर्फ पिघलकर समुद्र में मिल जायेंगे और समुद्र का बढ़ा हुआ जल स्तर एक अरब से अधिक लोगों को विस्थापित कर देगा और कई देश समुद्र में विलीन हो जायेंगे। इन सब परिस्थितियों से बचने के लिए, प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय राज्यों की बढ़ती महत्वाकांक्षा जनित तनाव, युद्ध और बम-बारूद पर बैठी दुनिया को 'हीलिंग टच' देने का सबसे प्रबल उपाय योग है। शायद इसीलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का केन्द्रीय विचार रखा है 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग'। निश्चय ही योग से मानवता का कल्याण हो सकता है। संपूर्ण मानवता आज जिस प्रतिस्पर्धा जनित तनाव, युद्ध और विध्वंस की आशंका और पीड़ा के बीच जीने को अभिशप्त है, उसके जीवन में गुणात्मक सुधार योग के जरिए आ सकता है। इसलिए किसी को भी योग को धर्म के संकीर्ण नजरिए से देखने के बजाय इसे मानवता के कल्याण के नजरिए से देखना चाहिए। योग संपूर्ण स्वास्थ्य का विज्ञान है। योग से तन-मन प्रफुल्लित रहता है। हमाने मनोमस्तिष्क को शांति और आनन्द का अहसास होता है। तमाम बीमारियां योग करने से दूर ही रहती हैं और हमे एक लंबा और स्वस्थ जीवन योग के वरदान के रूप में मिलता है। इसलिए इतने कल्याणकारी योग को अगर धर्मांधता की संकीर्णता से देखा जायेगा तो प्रकृति के इस बड़े उपहार से करोड़ों लोग वंचित रहेंगे। जहां तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बात है, तो संयुक्त राष्ट्र संघ में 177 देशों ने योग को स्वीकार करते हुए इसे अपनाने और वैश्विक स्तर पर प्रसार की बात को स्वीकार करते हुए ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की स्वीकृति दी है। आज योग सिर्फ भारत का नहीं बल्कि पूरी दुनिया की बहुमूल्य धरोहर है। जहां तक भारत की बात है तो भारत का यह दायित्व है कि योग को पूरी दुनिया में पहुंचाये। इसलिए भारत को अच्छे योग प्रशिक्षक तैयार कर पूरी दुनिया में भेजना चाहिए और देश में तो हरेक गांव में योग और व्यायाम शाला खोलनी चाहिए।

---

विचार

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

# क्रियात्मक विज्ञान के रूप में योग का महत्व



ब्रजेश कुमार मिश्र

> भारतीय परंपरा में योग सिर्फ शरीर और मन को स्वस्थ रखने हेतु की जाने वाली क्रियाओं के समूह का नाम ही नहीं है बल्कि यह पुरुषार्थ चतुष्टय - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि का महत्वपूर्ण साधन भी है। योग साधना है, योग एकाग्रता है,योग सांसों की निरंतरता है,योग आत्मा से परमात्मा का मिलन है, योग कर्मों की कुशलता है, योग इंद्रियों पर नियंत्रण है, योग शरीर की शुद्धता है,योग ऋषि मुनियों की आराधना है, योग चित्त वृत्तियों का अवसान है।

शून्य, दशमलव, आयुर्वेद, अध्यात्म और योग- ये पांच ज्ञान-विज्ञान वैश्विक बिरादरी के लिए भारत की अनुपम देन है जो 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'सर्वभूतहिते रताः' का उदघोष करते हुए मानव मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने में लगे हुए हैं। आत्मज्ञान के लिए योग, ध्यान और साधना की आवश्यकता भारत के सभी धार्मिक सम्प्रदायों ने मुक्त कंठ से स्वीकार किया है। आस्तिक (सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा एवं वेदांत) एवं नास्तिक (जैन और बौद्ध) - सभी दर्शनों में योग की उपादेयता सर्वमान्य है। सविकल्प बुद्धि को निर्विकल्प प्रज्ञा के रूप में परिणित करने के लिए योग शास्त्र की महत्ता सर्वविदित है। भारतीय चिंतनधारा में योग के कई रूपों का वर्णन मिलता है जैसे - ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग, राजयोग, ध्यानयोग एवं हठयोग। सामान्य भाषा में योग का अर्थ है जीवात्मा और परमात्मा का मिलन।

योग मात्र एक शारीरिक व्यायाम नहीं अपितु एक सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान है, एक जीवन दर्शन है और एक सम्पूर्ण आध्यात्मिक विद्या है। योग एक गंभीर दार्शनिक चिंतन तथा एक सरल संतुलित जीवन शैली है। योग आत्म दर्शन कर विश्वात्मा को स्व में आत्मसात् करने व ऋतम्भरा प्रज्ञा की प्राप्ति का मार्ग है। योग मन से पार चेतना के अज्ञात क्षेत्र में प्रवेश कर असीम आनंद व अवर्णनीय अलौकिक सुख तथा अनिर्वचनीय शान्ति प्राप्ति की शाश्वत ऋषि परम्परा है। भारतीय परंपरा में योग सिर्फ शरीर और मन को स्वस्थ रखने हेतु की जाने वाली क्रियाओं के समूह का नाम नहीं है बल्कि यह पुरुषार्थ चतुष्टय - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि का महत्वपूर्ण साधन भी है। योग साधना है, योग एकाग्रता है,योग सांसों की निरंतरता है,योग आत्मा से परमात्मा का मिलन है, योग कर्मों की कुशलता है, योग इंद्रियों पर नियंत्रण है, योग शरीर की शुद्धता है,योग ऋषि मुनियों की आराधना है, योग चित्तवृत्तियों का अवसान है। भारत में योग की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसकी उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले हुई थी। योग विद्या में शिव को ''आदि योगी''तथा ''आदि



गुरू'' माना जाता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में योगेश्वर कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतञ्जलि ने अपने ग्रन्थ ''योगसूत्र'' में इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। योग के इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया। योग से सम्बन्धित सबसे प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त वस्तुएं हैं जिनकी शारीरिक मुद्राएँ और आसन उस काल में योग के अस्तित्व के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उपनिषदों, महाभारत, त्रिपिटक और भगवद्गीता में योग के बारे में बहुत चर्चा हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भगवद्गीता में ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्मयोग का विस्तृत उल्लेख किया गया है। गीतोपदेश में भगवान श्रीकृष्ण स्वयं अर्जुन को योग का महत्व बताते हुए कर्मयोग, भक्तियोग व ज्ञानयोग का वर्णन करते हैं। गीता में कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि -

**इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।**
**विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्॥**
*श्रीमदभगवद्गीता (4/1)*

अर्थात्-हे अर्जुन! मैंने इस अविनाशी योग का वर्णन सूर्य से किया था, सूर्य ने अपने पुत्र वैवस्वत मनु से किया और मनु ने अपने पुत्र राजा इक्ष्वाकु से इसका वर्णन किया। इस प्रकार योग की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। भगवद्गीता में योग को परिभाषित करते हुए योगेश्वर कृष्ण कहते हैं -

**योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।**
**सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥**
*गीता (2/48)*

अर्थात- हे धनंजय! आसक्ति को त्याग कर तथा सिद्धि और असिद्धि में समभाव होकर योग में स्थित हुये तुम कर्म करो। यह समभाव ही योग कहलाता है। इस श्लोक में योग की परिभाषा दी गयी है कि सिद्धि और असिद्धि में समभाव 'योग' कहलाता है। इस योग में दृढ़ स्थित होने पर ही निष्काम कर्म किये जा सकते हैं एक कर्मयोगी के लिये केवल इतना पर्याप्त नहीं कि समभाव में रहकर वह कर्म करे परन्तु इस नित्य परिवर्तनशील जगत में रहते हुये इस समभाव को दृढ़ करने का सतत् प्रयत्न करना चाहिए। योग साधक का चित्त सुख- दुःख में, लाभ - हानि में, जय- पराजय में, शीत- उष्ण में तथा भूख- प्यास आदि सभी द्वन्दों में समान बना रहता है। बुद्धि का यह समभाव ही योग है। श्वेताश्वतर उपनिषद में कहा गया है कि योग की दिव्य शक्ति से युक्त शरीर जिसे प्राप्त होता है उसे कोई रोग नहीं होता है, न ही उसको बुढ़ापा आता है और मृत्यु भी नहीं होती है अर्थात ऐसा व्यक्ति मृत्युंजयी हो जाता है। योग सिद्ध हो जाने पर भौतिक विषयों के प्रति अनुराग समाप्त हो जाता है।

वास्तव में योग जीवन का सबसे बड़ा आश्रय है। कर्मयोग का सिद्धांत सम्पूर्ण वैश्विक समाज का आधार है सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों और किसी को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो, यही तो भारतीय जीवन दर्शन का ध्येय वाक्य है। अंततः सम्पूर्ण विश्व ने हमारे योग के महत्त्व को स्वीकार किया और 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने के लिए मान्यता प्रदान की। योग की अग्नि से बना हुआ शरीर जो व्यक्ति प्राप्त कर लेता है उसे कोई रोग नहीं होता न बुढ़ापा आता है और न ही मृत्यु होती है। इसीलिए श्वेताश्वतर उपनिषद में कहा गया है कि -

न तस्य रोगो न जरा न मृत्यु,
प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्
*श्वेताश्वतर उपनिषद (2/22)*

महर्षि पतंजलि कृत ''योग सूत्र'' में योगशास्त्र का विस्तृत वर्णन मिलता है। पतंजलि के योग सूत्र में चार पाद हैं - पहला, समाधिपाद, इसमें समाधि के स्वरुप एवं भेदों तथा चित्त वृत्तियों का विस्तृत वर्णन है। दूसरा, साधनापाद है जिसमें क्रियायोग, क्लेश और उसके दूर करने के उपाय तथा योग के बहिरंगों का वर्णन है। तीसरा, विभूतिपाद है जिसमें योग के अंतरंगों तथा योगशक्ति से उत्पन्न विभूतियों का वर्णन है और चौथा, कैवल्यपाद है जिसमें समाधिसिद्धि तथा कैवल्य आदि का वर्णन है। जब सारी वृत्तियों और संस्कारों का सर्वथा निरोध होकर अविद्यानिवृत्ति हो जाती है तो चित्त निरुद्ध होकर अविद्या में विलीन हो जाता है। यह मोक्ष की अवस्था है। इन पञ्च चित्तभूमियों में प्रथम तीन योग के लिए सर्वथा अनुपयुक्त है और केवल दो भूमियाँ एकाग्र एवं निरुद्ध ही समाधि के लिए उपयोगी हैं। चित्तवृत्तियों के पूर्ण निरोध के लिए महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में आठ सीढ़ियों का वर्णन किया है जिन्हें अष्टांगिक योग साधन कहा जाता है जो इस प्रकार है - यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि समाधि की अवस्था में योग के साधक को अष्टसिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। जैसे वह अणु से भी छोटा होकर अदृश्य हो सकता है, लघु रूप धारण कर सकता है, बड़ा से बड़ा रूप ग्रहण कर सकता है, किसी भी चीज को प्राप्त कर सकता है, किसी को भी अपने वश में कर सकता है, आदि।

**(लेखक आईपीएस अधिकारी हैं)**

---

सोशल मीडिया



दिव्या देशमुख को विश्व टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप, लंदन में ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व के नं. 1 खिलाड़ी को हराने पर बधाई और भविष्य की शुभकामनाएं। पीएम मोदी.

# आस्था का अवलंबन

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

# प्रकृति के साथ सामंजस्य ही योग है

अरविन्द जयतिलक



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर विशेष

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। दुनिया के सभी देश योग दिवस को पूरी तन्मयता से मना रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज करोड़ों लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से प्रत्यक्ष-परोक्ष रुप से जुड़ेंगे। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसलिए कि योग विज्ञान की उत्पत्ति भारत में हुई है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि योग भारत की देन है। भारतीय ग्रंथों में योग परंपरा का विस्तृत उल्लेख है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी कहा गया है। भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। योग शब्द की उत्पत्ति जन्म संस्कृत शब्द युज से हुआ है। इसका अर्थ है स्वयं के साथ मिलन। महर्षि पतंजलि को योग का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने अपने योगसूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कुटबद्ध किया। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।

सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरुप में अवस्थित होना ही योग है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिल नही योग है। भगवद्गीता के अनुसार दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र और शीत-उष्ण इत्यादि द्वंदों में समभाव रखना ही योग है। कर्तव्य कर्म बंधक न हो इसलिए निष्काम भावना से उत्प्रेरित होकर कर्तव्य करने का कौशल योग है। आचार्य हरिभद्र के अनुसार मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग हैं। आधुनिक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का कहना है कि योग सिर्फ व्यायाम या आसन नहीं है। यह भावनात्मक एकीकरण और रहस्यवादी तत्व का स्पर्श लिए हुए एक आध्यात्मिक ऊंचाई है। प्रसिद्ध संवाद योग याज्ञवल्क्य में जो कि बृहदारण्यक उपनिषद में वर्णित है, में याज्ञवल्क्य और शिष्या ब्रह्मवादी गार्गी के बीच कई सांस लेने संबंधी व्यायाम, शरीर की सफाई के लिए आसन और ध्यान का उल्लेख है। गार्गी द्वारा छांदोग्य उपनिषद में भी योगासन के बारे में कहा गया है। अथर्ववेद में उल्लिखित संन्यासियों के एक समूह वार्ता द्वारा शारीरिक आसन जो कि योगासन के रुप में विकसित हो सकता है पर बल दिय गया है। यहां तक कि संहिताओं में भी उल्लिखित है कि प्राचीन काल में मुनियों, महात्माओं और विभिन्न साधु और संतों द्वारा कठोर शरीरिक आचरण, ध्यान और तपस्या का अभ्यास किया जाता है। महाभारत के शांतिपर्व में भी योग का विस्तृत उलेख है। भारत में उपलब्ध उपषिदों और योग वशिष्ठ में भी योग के बारे में जानकारी मिलती है। योगऋषि पतंजलि के उपरांत अन्य-अनेक भारतीय ऋषियों एवं योगाचार्यों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म संसद सम्मेलन में अपने ऐतिहासिक भाषण के जरिए संपूर्ण विश्व को योग की महत्ता से सुपरिचित कराया। महर्षि महेश योगी, परमहंस योगानंद और रमण महर्षि जैसे अनेक पुरोधाओं ने भी योग से पश्चिमी दुनिया को प्रभावित किया। यह योग की बड़ी उपलब्धि है कि उसके शास्त्रीय स्वरुप, दार्शनिक आधार और सम्यक स्वरुप को किसी अन्य धर्म ने नकारा नहीं है। यहां तक कि संसार को मिथ्या मानने वाले अद्वैतावादी भी योग का समर्थन किए हैं। अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी योग का अनुमोदन करते हैं। बौद्ध ही नहीं मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ योग का सामंजस्य किए हैं। सच तो यह है कि




योग का किसी धर्म विशेष से संबंध नहीं है। यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा-सा प्रायोगिक विज्ञान है जो जीने की कला सीखाता है। इसे एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति के रुप में भी देखा जाता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने एक स्थान पर कहा है कि योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है।

गीता में कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग की विशद् मीमांसा की गयी है। बौद्ध धर्म में कहा गया है कि कुशल चितैकग्गता योगः अर्थात कुशल चित की एकाग्रता ही योग है। दूसरी शताब्दी के जैन पाठ तत्वार्थसूत्र के अनुसार योग मन, वाणी और शरीर सभी गतिविधियों का कुलयोग है। भारतीय दर्शन में, षड् दर्शनों में से एक का नाम योग है। भारत में योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण-पूर्व एशिया और श्रीलंका में फैला। सूफी संगीत के विकास में भारतीय योग अभ्यास का काफी प्रभाव है, जहां वे दोनों शारीरिक मुद्राओं आसन व प्राणायाम को अनुकूलित किया है। प्राचीन काल में योग की इतनी अधिक महत्ता थी कि 11 वीं शताब्दी में भारतीय योगपाठ अमृतकुंड का अरबी व फारसी भाषाओं में अनुवाद किया गया। आज दुनिया के सभी देशों में योग की स्वीकार्यता बढ़ी है। चीन, सिंगापुर से लेकर अमेरिका तक में लाखों की संख्या में लोग योगासन कर रहे हैं। चीन में हाल के वर्षो में योग बड़े पैमाने पर लोकप्रिय हुआ है। चिकित्सकों की मानें तो योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर हो रहा है बल्कि मन व मस्तिष्क को शांति भी पहुंच रही है। योग के जरिए दिमाग और शरीर की एकता का समन्वय होता है। योग संयम से विचार व व्यवहार अनुशासित होता है। योग की सुंदरताओं में से एक खूबी यह भी है कि बुढे.या युवा, स्वस्थ या कमजोर सभी के लिए योग का शारीरिक अभ्यास लाभप्रद है। योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति में वृद्धि होती है। त्वचा पर चमक बनी रहती है और शरीर स्वस्थ, निरोग व बलवान रहता है तथा अंतश में शांति का उद्भव होता है।

भारतीय योग और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्व है। सच कहें तो आध्यामिक उन्नति या शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता एवं महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत से स्वीकार किया है। चूंकि योग एक वैज्ञानिक व प्रमाणिक पद्धति है इसलिए न तो अत्यधिक साधनों की जरुरत पड़ती है और न ही अत्यधिक धन खर्च करना पड़ता है। इसके अलावा आधुनिक युग में योग की बढ़ती स्वीकार्यता का एक कारण यह भी है कि लोगों के जीवन में व्यस्तता एवं व्यग्रता का विस्तार हुआ है। अंग्रेजी दवाओं के इस्तेमाल से शरीर में कई किस्म की बीमारियां फैल रही है। जबकि दूसरी ओर योगाभ्यास से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना नगण्य है। भारत के लिए गर्व की बात है कि योग को संयुक्त राष्ट्र संघ के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने भी अपनी प्रतिष्ठित अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल कर लिया है। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों के दायरे में मौखिक परंपराओं और अभिव्यक्तियों, प्रदर्शन कलाओं, सामाजिक रीतियों-रिवाजों और ज्ञान इत्यादि को रखा जाता है। चूंकि अभी तक योग को खेल की विधा माना जाता था, इसलिए इसे अब तक इस सूची में शामिल होने का मौका नहीं मिला था। लेकिन जब भारत सरकार द्वारा योग को दुनिया भर में स्थापित करने का प्रयास तेज हुआ और संयुक्त राष्ट्र को योग की सार्वभौमिक महत्ता से जुड़े प्रमाणिक दस्तावेज भेजा गया तो इथियोपिया के अदिस अबाबा में हुई संयुक्त राष्ट्र की इंटरगवर्नमेंटल समिति ने भारत के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। उल्लेखनीय है कि योग से पहले भारत की 12 धरोहरें यूनेस्कों की सूची में शामिल हो चुकी हैं-जैसे छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध भिक्षुओं का मंत्रोच्चारण, संकीर्तन-मणिपुर में गाने-नाचने की परंपरा, पंजाब में ठठेरों द्वारा तांब व पीतल के बर्तन बनाने का तरीका और रामलीला इत्यादि।

आज अगर योग को लेकर दुनिया का आकर्षण बढ़ा है और उसके सामर्थ्य और उपयोगिता को पहचाना गया है तो निःसंदेह यह योग की वैज्ञानिक महत्ता का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि 21 जून 2015 को पहली बार योग दिवस मनाया गया। याद होगा कि 27 सितंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया को योग की महत्ता को समझाया और 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।

## आप की बात

### पश्चिम एशिया संकट

पश्चिम एशिया में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से स्पष्ट है। भारत फिलिस्तीनियों के लिए राष्ट्र के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन साथ ही इजराइल पर हुए आतंकी हमले की भी कठोर निंदा करता है। आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसलिए किसी भी देश को आतंकवाद के साथ खड़े नहीं होना चाहिए। जरा सोचिए कि भारत जिस आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित रहा है, ठीक उसी तरह के आतंकवाद का अगर वह विरोध न करे तो क्या करे? क्या भारत सात अक्टूबर के उस भयावह दृश्य के साथ खड़ा जो जाये, जो हमास ने पूरी दुनिया को दिखाया। महिलाओं और बच्चों का कत्लेआम करना, निर्दोष लोगों को हिंसा, बारूद और अग्नि के हवाले कर देना, महिलाओं, बच्चों को बंधक बनाकर उनको ह्यूमन शील्ड की तरह इस्तेमाल करना, क्या भारत इस बर्बरता का समर्थन करे? जिस तरह देश में कुछ सियासी जमातें, धार्मिक संगठन और लोग बर्ताव कर रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि उनको मानवीय पीड़ा से कोई विशेष लेना-देना नहीं है। यह तो बस अपनी सियासत चमकाने के लिए, लोगों की निगाह में आने के लिए ऊल-जलूल हरकत की तर्ज पर ऐसा 'एब्नॉर्मल विहेव्यिर' कर रहे हैं ताकि लोगों की नजरों में आ जायें। दुर्भाग्य से टीवी चैनल अपनी टीआरपी के लिए व सोशल मीडिया में अधिक से अधिक लाइक, कमेंट और व्यू पाने के लिए ऐसी ही हरकतें की जा रही हैं। आज अगर ईरान और इजराइल के बीच भीषण युद्ध चल रहा है, तो इसके पीछे भी आतंकवाद ही है। ईरान ने हूती, हमास, हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठनों के जरिए इजराइल पर हमला कराया। इन आतंकी संगठनों को खत्म करने के लिए इजराइल ने युद्ध शुरू किया जो बढ़ते-बढ़ते ईरान तक पहुंच गया। अब इस युद्ध का एक ही समाधान है कि इजराइल युद्ध रोके, फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में स्वीकर करे और ईरान हूती, हमास, हिजबुल्ला से रिश्ता खत्म करे और परमाणु बम का सपना छोड़े। यही वह बिन्दु हैं जहां पर युद्ध विराम होने का संभवना है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर पूरे देश में और दुनिया के अनेक देशों में योग के अभ्यास आयोजित होंगे। योग मानवता के कल्याण का एक अद्भुत विज्ञान है। इसको अपनाकर हम शांति और आनन्द का अनुभव कर सकते हैं। आज जिस तरह से बीमारियां बढ़ रही हैं और देश की स्वास्थ्य सेवा दबाव बढ़ा है, उसके मद्देनजर भी यह जरूरी है लोग योग को अपनायें।

**संजय कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## भाकपा का राज्य सम्मेलन मथुरा में

**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 21,22 व 23 जून को मथुरा में आयोजित हो रहा है जिसमें अयोध्या जिले से तीन प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी राजा करेंगे। तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन में देश और प्रदेश की मौजूदा राजनैतिक परिस्थितियों तथा पार्टी व जनसंगठनों को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जनसंघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाने, मेहनतकश जनता की एकता को मजबूत करने और शोषणमुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के इस निर्णायक दौर में, भाकपा उत्तर प्रदेश राज्य सम्मेलन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।मथुरा की ऐतिहासिक धरती से उठने वाली लाल आवाज मेहनतकशों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के अधिकारों की नई लड़ाइयों को दिशा देगी, इसी विश्वास के साथ भाकपा का यह राज्य सम्मेलन आयोजित हो रहा है। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, सहायक जिला सचिव आदि उपस्थित रहे।

# एनसीसी से बढ़ता है आत्मविश्वासः डॉ. बिजेंद्र

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की 65- यूपी बटालियन की 68वीं कंबाइंड वार्षिक एनसीसी कैंप को कुलपति व एनसीसी अधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, अयोध्या बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एम.के. सिंह, डिप्टी कैंप कमांडेंट गौरव सूद, मेजर जी.शुक्ला, सूबेदार मेजर बहादुर सिंह, डीएसडब्ल्यू डा. डी.नियोगी ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। दोपहर बाद योगाभ्यास के लिए पहुंचीं। मुख्य अतिथि कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि एनसीसी एकता व अनुशासन की सीख देता है। अनुशासन व प्रतिबद्धता जीवन को दर्शाता है।एनसीसी का उद्देश्य कैडेटों में साहस, सहनशक्ति, आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करना है।कर्नल बिजेंद्र ने कहा कि कोई कार्य कठिन नहीं है। मन में जज्बा, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ उद्देश्यों की तरफ आगे बढ़ना चाहिए। सकारात्मक सोच इंसान की जीवनशैली को बदल देता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कड़े अनुशासन की परीक्षा लेती है, जिससे आप जीवन में

- 65-यूपी बटालियन की 68वीं कंबाइंड वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

एनसीसी प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर यू. एस. कंदील भी पहुंचे। उन्होंने कैंप का निरीक्षण किया और विश्वविद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं की सराहना की।विश्व योग दिवस के अवसर पर सुबह-सुबह एनसीसी कैडेटों व विवि के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं सहित लगभग दो हजार लोगों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर कुलपति की पत्नी मीना सिंह भी एक नए उंचाईयों पर पहुंच सकेंगे। कुलपति ने कहा कि जीवन में कुछ सीखना है तो अपने अंदर निरंतर बदलाव लाने की जरूरत है। औपचारिक शिक्षा का महत्व हमारे जीवन में बहुत कम है। ट्रेनिंग से आपके जीवन में एक अमूलचूल परिवर्तन होगा।छात्रों के प्रगति के रास्ते में मोबाइल बाधक बना हुआ है।बच्चों को खाली समय में मोबाइल का प्रयोग करना चाहिए।65 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एम.के सिंह ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण के लिए विवि महत्वपूर्ण स्थान है और यहां पूरा सहयोग मिलता है जो सरहनीय है। कर्नल ने कहा कि विवि में नियमित एनसीसी प्रशिक्षण करवाने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने एनसीसी कैडेटों को विवि की उपलब्धियों से भी अवगत कराया। बताया की कड़ी मेहनत व परिश्रम से विवि के स्वरूप में तेजी से बदलाव आया है।विवि ने नैक मूल्यांकन में उच्च ग्रेड हासिल किया। कहा कि कड़ी मेहनत व लगन से जीवन में सबकुछ संभव है।उन्होंने कैडेटों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर रहें।डीएसडब्ल्यू डा. डी.नियोगी ने कहा कि विवि में एनसीसी नहीं थी लेकिन कुलपति के अथक प्रयास से पहले हाफ कंपनी और उसके बाद एनसीसी की फुल कंपनी स्थापित की गई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गीत जन गण मन को सभी ने एक साथ मिलकर गाया। लेफ्टिनेंट डा. नवीन कुमार सिंह के संयोजन में एनसीसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने किया। मेजर जी.शुक्ला ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, बटालियन के जूनियर कमीशन एवं नॉन कमीशन अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद में आयोजित होगा भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

**बहराइच ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को स्थानीय इंदिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृहत योग संगम का कार्यक्रम प्रातः 06:00 बजे जन प्रतिनिधियों व शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द प्रसाद अग्रवाल के सान्निध्य में सम्पन्न होगा।

यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशानुसार समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी स्वयं अपने स्टाफ के साथ योग संगम में प्रतिभाग करेंगे जिसमें विभिन्न विद्यालयों, स्पोर्ट्स स्टेडियम के बच्चे भी सम्मिलित होंगे।

डॉ. वर्मा ने बताया कि प्रातः 06.30 बजे पर मोदी जी का लाइव उद्बोधन के पश्चात योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही पुलिस लाइन, मरीमाता मंदिर, वृद्धाश्रम, जिला कारागार, शिक्षण संस्थानों, समस्त ब्लॉकों, समस्त तहसीलों व समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि पर योगा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## एपीके फाइल भेज मोबाइल हैक कर उड़ायी रकम, साइबर सेल टीम ने 3,71,000 रुपए करवाये वापस



**बाराबंकी।** ठगी करने वाले लोगों को फंसाने के लिए साइबर अपराधी नए-नए तरीके खोजकर लाते हैं। जिसमे साइबर ठगो द्वारा अब एपीके फाइल के माध्यम से लोगो को शिकार बनाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला थाना रामसनेहीघाट क्षेत्रान्तर्गत मालिनपुर निवासी पीड़ित आमोद कुमार सिंह पुत्र दुखहरन ने एपीके फाइल रिमोट शेयरिंग ऐप से मोबाइल हैक कर यूपीआई से 10 लाख रुपये साइबर फ्रॉड किये जाने की शिकायत की। शिकायत के बाद जनपद के साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, उ0नि0 सत्येंद्र पांडेय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, जितेंद्र, आरक्षी सुधाकर, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, मनोज कुमार, आरक्षी पंकज सिंह, आरक्षी अनुराग सिंह, अंकित कुमार, आरक्षी मधु भारती, म0आ0 मोहिनी तिवारी की संयुक्त टीम ने पत्राचार कर 3,71,000 रुपए पीड़ित के खाते में वापस करवाये।

## आज प्रभारी मंत्री सुरेश राही योग दिवस में करेंगे प्रतिभाग

**बाराबंकी।** राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद प्रभारी मंत्री/कारागार मंत्री सुरेश राही प्रातः 7 बजे प्रतिभाग करेंगे।विशिष्ट अतिथि के रुप मे जिला पंचायत अध्यक्षा, विधायकगण, समेत भाजपा जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी प्रतिभाग करेगे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की स्थिति जांचने कार्यक्रम स्थल पहुंचे डीएम



**बाराबंकी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियो को लेकर राजकीय इण्टर कालेज आडिटोरियम का जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, मंच की साज-सज्जा, प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा विद्युत आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। तथा योग दिवस के आयोजन में कोई भी कमी न रहने तथा समुचित व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने, प्रतिभागियों की सुविधा हेतु पर्याप्त मात्रा में मैटिग, चिकित्सा सहायता, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था और आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी बिंदुओं का विशेष ध्यान रखने, योगाभ्यास सत्र में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप ही कार्यक्रम का संचालन सुनिश्चित किये जाने को लेकर सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने बताया कि जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों, ब्लॉकों एवं नगरीय निकायों में भी योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें आम जनमानस, छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवी संस्थाएं भाग लेंगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, ईओ नगर पालिका नवाबगंज संजय शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डबल इंजन की सरकार की योजनाओं ने बदल दी है गांवों की तस्वीरः चन्द्रभानु पासवान




**अयोध्या।** मोदी सरकार के 11 वर्ष तथा योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर विधायक चन्द्रभानु पासवान के कुचेरा के अलीपुर खजुरी में जनचैपाल लगाई। चैपाल में विधायक ने सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों से चर्चा किया।इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने गांवों की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में हुए विकास को देश व प्रदेश के हर नागरिक ने महसूस किया है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार संकल्पित है।इसी को ध्यान में रख कर सरकार योजनाएं बनाती है। मौके पर जिपंस अशोक मिश्रा, पाण्डेय, बीपी शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# अयोध्या में सुरक्षा कर्मियों की सुविधा पर विशेष ध्यान

जिला संवाददता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक आवासीय भवन न सिर्फ सुविधाजनक प्रशासनिक संचालन को सुनिश्चित करेंगे, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाएंगे। योगी सरकार की अगुवाई में अयोध्या को की सुरक्षा में लगे कर्मियों के लिए एक अत्याधुनिक आवासीय भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस परियोजना के तहत 150 कमरों वाला भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, मेस, स्टोर और मल्टीपर्पज हॉल जैसी सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं, जो कर्मियों के जीवन को और सुगम बनाएंगी।लोक निर्माण विभाग द्वारा 22 करोड़ रुपये

- आरजेबी परिसर में बन रहा आधुनिक आवासीय भवन
- 150 कमरों के भवन के अलावा ट्रांजिट हॉस्टल, मेस व स्टोर का भी चल रहा निर्माण
- 22 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग कर रहा तैयार



एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। बल्कि यहाँ तैनात सुरक्षा कर्मियों की सुविधाओं और कल्याण को भी प्राथमिकता दे रही है। इस दिशा में श्रीराम जन्मभूमि ( आरजेबी ) परिसर की लागत से निर्मित इस भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार प्रगति पर है। परियोजना को 14 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में भवन का स्ट्रक्चरल कार्य पूरा हो चुका है और प्लास्टर, पेंटिंग व अन्य फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहे हैं। यह परियोजना अयोध्या में सुरक्षा कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस भवन के निर्माण से आरजेबी परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में काफी सहूलियत होगी। पहले कर्मियों को आवास के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की बबार्दी होती थी। नए भवन के तैयार होने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी।ट्रांजिट हॉस्टल की सुविधा उन कर्मियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी, जो अस्थायी तैनाती पर अयोध्या आते हैं।

मेस और स्टोर की व्यवस्था से कर्मियों को भोजन और अन्य आवश्यक सामानों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी।मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण इस परियोजना का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सुविधा कर्मियों के बीच आपसी समन्वय और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देगी, जिससे उनका मनोबल और कार्यक्षमता बढ़ेगी।

## छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए 10 जुलाई से आवेदन कर सकते हैं छात्र-छात्राएं

**बहराइच ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उ.प्र. के मूल निवासी समान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति ( शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति ) भुगतान हेतु समय-सारणी का निर्धारण कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए प्रक्रियात्मक कार्यवाही के लिए निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 10 जुलाई से 20 दिसम्बर 2025, छात्र द्वारा फाईनल प्रिन्ट आउट निकालने की कार्यवाही 12 जुलाई से 23 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कर वांछित संलग्नकों सहित हार्ड कॉपी शिक्षण संस्था में जमा करने हेतु अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

# मोहर्रम से जुड़ी समस्याओं पर अपर नगर आयुक्त से की चर्चा

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर नगर निगम में ताजिया दारान कमेटी व मोहर्रम कमेटी का प्रतिनिधि मण्डल ताजिया दारान कमेटी के सचिव मोनू मिर्जा के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त से मिला मोहर्रम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कमेटी अध्यक्ष हैदर मेहंदी नें बताया कि बारिश का सीजन शुरू हो गया है कई स्थानों पर जल भराव हो जाता है स्ट्रीट लाइटें खराब हैं और जल निकासी की व्यवस्था भी दयनीय है। वही कमेटी के सचिव मोनू मिर्जा ने बताया कि शहर के कई इलाकों में सड़कों की हालत खराब है और गड्ढों



में पानी भर जाने के कारण ताजिया निकालने और दफनाने में परेशानी होती है।

विशेष रूप से जहां ताजिया दफन किया जाता है, वहां भी भारी जलभराव की स्थिति रहती है जिससे धार्मिक परंपराएं निभाने में कठिनाई होती है आज अन्य समस्याओं को लेकर अपर नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान की मांग की गयी है उन्होंने बताया कि अपर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि मोहर्रम से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सम्मानपूर्वक मनाया जा सके इस अवसर पर ताजिया दारान कमेटी मोहर्रम कमेटी के सदस्य में मिर्जा सादिक हुसैन मिर्जा राशिद हुसैन उपाध्यक्ष वसीम हैदर हैदर पार्षद नौशाद अहमद तोहिद सलमान दिलशाद मकसूद अहमद मौजूद रहे।

# नार्को को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

**बहराइच।** बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को.आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। डीएम ने कहा कि सभी एजेन्सियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो सभी सम्बन्धित एजेन्सी सूचनाओं को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हुए तत्काल प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई कर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निदेर्शों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने अपराध निरोधक एजेन्सियों को निर्देश दिया कि किसी भी कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स और ड्रग्स की जब्त की गयी मात्रा तथा उस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाय। डीएम ने औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर प्रतिबंधित नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाने का ब्योरा प्रत्येक बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा प्रस्तुत किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि युवा पीढ़ी विशेषकर छात्र.छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए संयुक्त रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियान्वित भी कराएं। अपराध निरोधक एजेंसीज को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यशाला का निरन्तर आयोजन कर तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज कल्याण अधिकारी को नशामुक्ति एवं पुनर्वास कार्यक्रम संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि नशे की आदत से रास्ते पर लाने हेतु मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराये जाने की पहल की जाय। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा पुलिस एवं आबकारी व औषधि प्रशासन विभागों की संयुक्त टीम को मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

## जनपद सिंचाई बंधु की बैठक 24 को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 24 जून 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक 25 को

**बहराइच ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 25 जून 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## योग सकारात्मक सोच के विकास में सहायकः कुलपति

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के परिप्रेक्ष्य में आज 20 जून को कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के नवीन परिसर शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योग विज्ञान संस्थान के योग विभाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए भारत सरकार एवं आयुष मंत्रालय द्वारा निर्देशित योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास हुआ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के तहत राजभवन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में दस बिंदुओं के अंतर्गत प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। प्रार्थना के साथ योग प्रारम्भ करते हुए सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों के क्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, कटिचक्रासन, उत्कटासन,वज्रासन, भद्रासन, शशांकासन, भुजंगासन मकरासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन प्राणायाम में नाड़ी शोधन,भ्रामरी शीतकारी एवं ध्यान का अभ्यास किया गया। साथ ही सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का भी अभ्यास कराया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति कर्नल डॉ.बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि योग मन भाव को प्रसन्न एवं एकाग्रचित करने में सहायक होता है। योग से सकारात्मक सोच का विकास होता है। प्रेम और सद्भावना से जीवन जिए यह सीख हमें योग से मिलती है। संघर्ष और अपने अंदर का आत्मबल बहुत कुछ जीवन में देता है। 21 जून के कार्यक्रम लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक साथ योग करने से आत्मीयता एवं राष्ट्रीयता की भावना का विकास होता है। योग का पूर्व अभ्यास एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस यही प्रेरणा देता है कि प्रसन्न व आनंदित मन से किया गया योग अभ्यास शरीर में स्फूर्ति, स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग प्रोटोकॉल के अभ्यास का संचालन योग शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी एवं आलोक तिवारी ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीलम पाठक, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो.हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की गवाह बनी स्वच्छ जल धारा

**बहराइच।** मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ( वन्यजीव प्रभाग ) भारत सरकार श्री भूपेन्द्र यादव ने प्रदेश के मा. राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री के.पी. मलिक, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, महानिदेशक वन एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार सुशील कुमार अवस्थी व अपर महानिदेशक (वन्यजीव) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रमेश कुमार पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष वन विभाग उ.प्र. सुनील चैधरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कतर्नियाघाट की लाईफ लाइन गेरूआ नदी में नौका विहार किया तथा घड़ियाल के एक वर्षीय बच्चों को नदी की जल धारा में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।

वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। वनों और वन्यजीवों से पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखमय बनाते हैं। भारत में विभिन्न प्रजातियों के कई वन्यजीवों का वास



है। वन्यजीव भी प्राणी हैं। उन्होंने कहा कि दुधवा टाईगर रिजर्व के भ्रमण के दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कन्जर्वेशन के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों तथा वन क्षेत्रों के आस-पास स्थित ग्रामवासियों के साथ बैठके की है जिसमें 25 से 30 सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्राप्त हुए सुझावों को शामिल करते हुए वन एवं वन्यजीवों के विकास एवं संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की जायेगी ताकि मानव व वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी लायी जा सके।

वन मंत्री श्री यादव ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विजन है की समुदाय आधारित विकास हो और लोग हेल्दी इन्वायरमेंट में स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि नाना प्रकार पर्यावर्णीय समस्याओं के सरल समाधान के रूप में हमें अधिक से अधिक पौध रोपित करने होंगे। श्री यादव ने लोगों का आहवान किया कि एक पेड़ के नाम अवश्य लगायें। घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग पर फैले कतर्नियाघाट को अत्यन्त सुन्दर व अद्वितीय स्थान बताते हुए कहा कि यहां का अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है।

उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के ऐसे स्थानों के विकास के लिए प्रदेश सरकार व मा. मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श करेंगे। कतर्नियाघाट अच्छी कनेक्टिविटी व अनोखे हैबीटेट के कारण प्राकृति प्रेमियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय स्थान है।

वन मंत्री ने कहा कि बाघ, हाथी व गैंगटिक डॉल्फिन इत्यादि वन्यजीवों के संरक्षण के पूर्व से परियोजनाएं संचालित है। गेरूआ नदी में घड़ियाल के बच्चों को छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। श्री यादव ने आमजन से अपील की कि वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। श्री यादव ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि मुआवजे से सम्बन्धित प्रकरणों समयबद्ध कार्यवाही करें ताकि पीड़ित पक्ष को सहायता मिलने में विलम्ब न होने पाये। कतर्नियाघाट के भ्रमण के दौरान वन मंत्री श्री यादव ने इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में स्पेशल टाईगर प्रोटक्शन फोर्स के जवानों के संवाद कर संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा जंगल गश्त हेतु किट का वितरण किया।इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा, सहायक महानिदेशक, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार राकेश कुमार जोगनिया, संयुक्त निदेशक आदि उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा पास कर छात्र अखिल ने बढ़ाया जनपद का मान

बाराबंकी। कहते है कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस प्रेरणादायक पंक्ति को साकार करने मे मेधावी छात्र अखिल कुमार गौतम ने कठिन मेहनत से नीट परीक्षा मे आल इड़िया केटगरी मे 4529 रैक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। बताते चले कि पिता विनोद कुमार गौतम सहयोगी आर0बी0पी0जी कालेज खुशहालपुर मे शिक्षक है। छात्र अखिल ने बताया कि पिता एंव गुरुओ के मार्गदर्शन, कठोर परिश्रम और पढ़ाई के प्रति समर्पण ने यह मुकाम दिलाया है। तो वही इस उपलब्धि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर अधीक्षक डॉ0 जगदीश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 कामिनी, बंशराज, रामनयन, सहयोगी आर0बी0पी0जी कॉलेज प्रबंधक इंजीनियर अरुण कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष आनंद वर्मा, मोहनलाल वर्मा पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा0एच0एन चैधरी, रमाशंकर, अनुज वर्मा, सौरभ चैधरी, नीलम कुमारी, चंदा देवी, अजीत कुमार, शुभम चैधरी, शरद चैधरी, आराध्य गौतम, असित कुमार ने छात्र को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ई-ऑफिस व आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा बैठक 23 को

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 23 जून 2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से आईजीआरएस संतुष्टि, ई-ऑफिस, आई गॉट पंजीकरण तथा अपरान्ह 05:00 बजे से सी.एम. डैश बोर्ड में बी., सी., डी. ग्रेड वाले विभागों की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये हैं।

संक्षेप

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर गांव में बकरी चराने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक इब्राहिम अंसारी की शुक्रवार को लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। दोपहर बाद उसका अंतिम संस्कार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया। मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव दफनाने से इनकार कर दिया था। सीओ कादीपुर विनय गौतम के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हुए। सीओ ने बताया कि नामजद आरोपी आशाराम और सौरभ दुर्गाप्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना 12 दिन पहले तब हुई थी जब इब्राहिम गांव के पास स्थित बाग में बकरी चरा रहा था। उसी दौरान दानूपट्टी निवासी आशाराम और सौरभ पेड़ से आम तोड़ रहे थे। इब्राहिम ने उन्हें गिरने की चेतावनी दी, जिससे नाराज होकर दोनों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मोहम्मद रियान ने बीच-बचाव कर इब्राहिम को बचाया। गंभीर रूप से घायल इब्राहिम को पहले बिरसिंहपुर, फिर सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज और अंततः लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल भेजा गया। सिर में गंभीर चोट के कारण ऑपरेशन जरूरी था, लेकिन गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सड़क दुघर्टना में सब इंस्पेक्टर की मौत

**अमेठी।** अमेठी कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर मंजीत सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष की शुक्रवार की सुबह लगभग छः बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे उन्नाव जनपद में कार बस की टक्कर में मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर मंजीत सिंह अपनी टीम के साथ राजस्थान घर फरार एक लड़की व लड़का को बरामद करने के लिए गये थे वापस अमेठी आ रहे थे कार में छ लोग सवार थे कार को मंजीत चला रहे थे कार में सवार एक उप निरीक्षक को गंभीर चोटें आई हैं वहीं अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।

## ट्रक चालकों में मारपीट

**डलमऊ, रायबरेली।** शुक्रवार की सुबह दो ट्रक चालकों के बीच आपस में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मौके पर मौजूद लोगों की माने तो मुराई बाग रेलवे क्रॉसिंग के पास दो ट्रक ड्राइवर किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए और लाठी डंडा निकाल कर एक दूसरे पर वार करने लगे जिसमें दोनों ट्रक ड्राइवर को गंभीर चोटे भी आई हैं। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर किसी तरह मामले को शांत कराया इस दौरान वहां पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई ।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घायल भट्ठा मजदूर का नहीं हो रहा इलाज

**डलमऊ, रायबरेली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई गोलाबारी में घायल भट्ठा मजदूर पति का इलाज न कराये जाने से परेशान महिला ने भट्ठा मालिक एवं मिस्त्री के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर पति के इलाज कराने की गुहार लगाई है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के संतपुर गांव की रहने वाली रेखा पत्नी सोहनलाल ने थाना डलमऊ में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि कोतवाली क्षेत्र के कटघर गांव निवासी भट्ठा मिस्त्री कौशल उसके पति सोहनलाल को बीते मार्च महीने में भट्टे में काम करने के सिलसिले में 17000 प्रतिमाह के भुगतान पर जम्मू कश्मीर ले गया था और उसने पति के रहने खाने दवा इलाज की सारी जिम्मेदारी भी ली थी।

# ग्रामीण शिक्षा में नयी क्रांति का सूत्रपात

## सदर विधायक और डीएम ने किया सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन



**रायबरेली।** उप्रकी योगी सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना के तहत जिले के हमीरमऊ मजरे बेला-भेला में सदर विधायक अदिति सिंह और डीएम हर्षिता माथुर ने विद्यालय का भूमि पूजन किया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को भी कम करना है। शिक्षा में समानता की ओर एक कदम के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मॉडल के तहत कुछ चुनिंदा जनपदों को चिन्हित किया है, जिनमें सर्वप्रथम प्रयोग के तौर पर रायबरेली को चुना गया है। प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय को छोड़कर शेष 57 जनपदों में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के नवीन उन्नत विद्यालय का निर्माण किया जाना है। इस विद्यालय में प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं होगी जिसमें लगभग 1500 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर सकते हैं। विद्यालय में कक्षाओं की संख्या 30 होगी जो लगभग 6 एकड़ में बनाया जाए। विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्यिक, कला वर्ग की शिक्षा दी जाएगी। साथ ही प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों कर्मचारियों के लिए आवास की भी व्यवस्था होगी। इसकी अतिरिक्त प्रार्थना स्थल, क्रीडा स्थल, ओपन जिम, सामान्य एवं दिव्यांग शौचालय, झूले, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, इंसीनरेटर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास एवं प्रयोगशालाएं भी बनेगी। इस विद्यालय निर्माण की कार्यदाई संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उप्र जल निगम) है। बेलाभेला में सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा किए गए भूमि पूजन के अवसर पर बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ गौरी सिंह राठौड़, बीईओ बृज लाल वर्मा, ग्राम प्रधान विनय यादव, प्राथमिक षिक्षक संघ राही अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, रमेष सोनकर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ग्रामीण अंचलों को मिलेगी उच्च शिक्षा की सौगात

इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जा रहे इस अभिनव प्रयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल विद्यालय ग्रामीण अंचलों में भी अब उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुलभ कराएगा, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण विभाजन कम होगा। यह कदम उन अभिभावकों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आएगा, जिन्हें अक्सर निजी विद्यालयों की मनमानी फीस और अन्य शुल्कों से जूझना पड़ता है।

### निजी संस्थानों पर लगेगी लगाम

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना का एक प्रमुख लक्ष्य निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा अभिभावकों की जेब पर डाले जा रहे डाके पर लगाम कसना भी है। सरकारी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होने से अभिभावकों के पास एक व्यवहार्य और गुणवत्तापूर्ण विकल्प मौजूद होगा, जिससे उन्हें महंगे निजी स्कूलों की ओर देखने की मजबूरी नहीं रहेगी। यह योजना निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखती है, जिससे हर बच्चे को, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, अच्छी शिक्षा का अवसर मिल सकेगा।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, 3 घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर भट्ठा के पास दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में एक किशोरी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि घटना में एक 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 23 वर्षीय युवक को मृत घोषित करते हुए घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर भट्ठा के पास दो बाइक सवार आमने-सामने से टकरा गए। एक बाइक पर सवार रवि शंकर (23) पुत्र दिलीप कुमार निवासी माझगांव की दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उनकी 16 वर्षीय बहन रुपा पुत्री दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने रूपा का प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति में सुधार होता ना देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, किंतु जिला अस्पताल पहुंचने पर वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। उधर दूसरी बाइक पर सवार बलजीत (22) पुत्र राजेंद्र कुमार और उनके साथ पीछे बैठा अजय कुमार (13) पुत्र राम विशुन निवासी पुरे भीख मजरे माझगांव भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत, तीन घायल



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर मोड़ पर शुक्रवार की सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन पर दो तेज रफ्तार बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के अनुसार, दिलीप कुमार (22), जो अपने दो साथियों प्रिंस (18) और कृष्णा (20) के साथ अंबेडकर नगर से रिश्तेदारी के लिए सहगिया आ रहा था, दूसरी बाइक से आ रहे जितेंद्र (25) से भिड़ गया। जितेंद्र जनकपुर से अपनी भाभी के घर लौट रहा था। हादसे में दिलीप और जितेंद्र दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, दिलीप के साथी प्रिंस और कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अजीत यादव ने कहा, ष्अगर दोनों बाइक सवार हेलमेट पहने होते तो शायद यह हादसा टल सकता था। पुलिस और स्वास्थ्यकर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोस्तपुर थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुल्तानपुर भेज दिया। पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बंद हो रहे प्राथमिक विद्यालयों का एसएफआई ने जताया विरोध

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने और एक-दूसरे में विलय करने की नीति के खिलाफ स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने तीखा विरोध दर्ज किया है। संगठन ने इसे गरीब और वंचित तबके के बच्चों को शिक्षा से दूर करने की साजिश बताया है। एसएफआई ने कहा कि गोरखपुर सहित कई जिलों में प्राथमिक विद्यालयों को बंद या मर्ज करने का आदेश जारी कर राज्य सरकार ने न सिर्फ शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 का उल्लंघन किया है, बल्कि लाखों प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं जिन्होंने डीएलएड, बीएड या बीटीसी किया है। उनके लिए संभावित नौकरियों के रास्ते भी बंद कर दिए हैं। राज्य अध्यक्ष पार्थ सारथी द्विवेदी और राज्य सचिव अब्दुल वहाब ने कहा कि यह सरकार की साफ तौर पर छात्र और शिक्षक विरोधी सोच को उजागर करता है। एसएफआई इन नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और जनवादी संगठनों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। एसएफआई ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह प्राथमिक विद्यालयों को बंद या विलय करने की प्रक्रिया पर रोक लगाए, शिक्षक पदों पर नियुक्ति करे, युवाओं के रोजगार के अवसर खत्म करना बंद करे, शिक्षा का बजट बढ़ाए और स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए। एसएफआई ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने शिक्षा और रोजगार विरोधी नीतियां नहीं रोकीं, तो पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन चलाया जाएगा।

## दुकानदार व उसके घर वालों पर घर में घुसकर महिला की पिटाई करने का आरोप

**लंभुआ, सुलतानपुर।** दो दिन पूर्व घर के बगल ही स्थित दुकान से बच्चों के लिए सामान खरीदने गई महिला को मामूली विवाद के चलते दुकानदार व उसके घर वालों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल कराया और सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी सुनील कुमार की पत्नी अनीता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व रात में लगभग नौ बजे गांव में ही घर के बगल स्थित रामू की दुकान पर बच्चों के साथ सामान लेने गई थी। सामान लिया और फुटकर पैसा देने लगी। तब रामू की पत्नी ने कहा कि भिखारी की तरह फुटकर पैसे मत लाया करो, सामान लेना है तो नोट लाया करो। अनीता ने जब यह कहा कि जिसके पास जो रहेगा वही तो लाएगा। तब दुकानदार रामू की पत्नी को गाली देने लगे। विरोध करने पर रामू का भाई मुन्नालाल, मोहन, दुर्गेश उसके ऊपर टूट पड़े। जान बचाकर किसी भागी तब वहां भी उक्त लोग आ गए और घर में घुसकर बुरी तरह से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। जिससे पीड़िता को गंभीर चोटे आ गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## योग दिवस की तैयारियों का डीएम ने किया नरीक्षण

**अमेठी।** जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में 21 जून 2025 को प्रातः 6बजे से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम संजय चौहान ने आज कार्यक्रम स्थल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य के उचित बैठन व पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, सीएमओ को योग स्थल पर स्वास्थ्य कैंप लगाने को कहा साथ ही बारिश के दृष्टिगत नवोदय विद्यालय के हाल में भी तैयारी पूर्ण रखने के निर्देश दिये।

# मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 21 जून को मनाया जायेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बनाई गई कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, इसके साथ ही विभिन्न विभागों और संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन जनपद मुख्यालय में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील, ऐतिहासिक स्थल, विद्यालय और महाविद्यालय में भी कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना, लोगों को स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाने के लिए योग को बढ़ावा देना है।

### आरेडिका में योग दिवस 21 को

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के गोमती क्रीडांगन में विशाल योग शिविर का आयोजन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में होने जा रहा है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 का विषय ह्लएक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व है। जिसमें सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ रखने का भाव निहित है। इस भाव को बढाने के लिए आरेडिका प्रशासन द्वारा लगातार निम्न प्रयास किये जा रहे हैं। डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ियों पर जिंगल बजाकर लोगों को योग के लिए प्रोत्साहित किया।

## प्रभारी मंत्री योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सुलतानपुर के प्रभारी मंत्री व उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर शुक्रवार को रात 08:45 बजे सुलतानपुर के सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। वह 21 जून को प्रातः 6.30 बजे सीताकुंड स्थित पर्यावरण पार्क में आयोजित 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होंगे। भाजपा के मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 21 जून को अपने सभी 26 मण्डलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाएंगी। भाजपा नगर मण्डल, आर्ट आफ लिविंग, गायत्री परिवार एवं गोमती मित्र मंडल का संयुक्त योगाभ्यास कार्यक्रम तिकोनिया पार्क में प्रातः 6.00 बजे आयोजित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा अन्य संगठनों के लोग तिकोनिया पार्क में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## गीता राणा बनीं बारा समाज प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने सामाजिक प्रतिनिधित्व को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए ह्लबारा समाज प्रकोष्ठह्व का गठन किया है। इस नए प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में गीता राणा को नियुक्त किया गया है। लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय, पार्क रोड पर आयोजित एक विशेष बैठक में यह घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद राजभर ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी सामाजिक न्याय, भागीदारी और समता के सिद्धांतों पर काम करते हुए हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है। गीता राणा की नियुक्ति पर बारा समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया। नवनियुक्त अध्यक्ष गीता राणा ने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी और अगले दो महीनों में पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार करेंगी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी पतिराम राजभर, राष्ट्रीय प्रवक्ता पीयूष मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मंच हेमंत सिंह, प्रदेश महासचिव पूर्वांचल रविकांत प्रजापति, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद आलम, सुलतानपुर जिला अध्यक्ष विनीत सिंह, संतोष राणा, पंकज, ऐजाज अहमद सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रबंधक ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्री विश्व नाथ ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स कलान में शुक्रवार को कमचारी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में संस्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, प्राचार्यों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ.वेद प्रकाश सिंह ह्राराजू भइयाह्व मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कर्मयोगियों की निष्ठा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यही समर्पण संस्थान को लगातार नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने सभी को बेहतर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, चरित्र निर्माण और संस्था की निरंतर प्रगति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी अतुल सिंह, सभी संस्थानों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह और सम्मान का विशेष वातावरण देखने को मिला।

## गबन के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार

**रायबरेली।** जिले में नगर पालिका परिषद रायबरेली के खाते से 3.17 करोड़ रुपये के गबन के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सगे भाई विक्रम शर्मा और जसवंत शर्मा हैं, जो शाहजहांपुर जिले के थाना पुंवाया क्षेत्र के ग्राम पकड़िया हाकिम के निवासी हैं। पुलिस ने तकनीकी सहयोग के आधार पर न केवल इन दोनों को गिरफ्तार किया और गबन की गई पूरी राशि 3.17 करोड़ रुपये भी बरामद कर ली है। नगर पालिका परिषद, रायबरेली के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नगर पालिका के खाते से 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के गबन की शिकायत दर्ज की थी। इस शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली नगर में धारा 66 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रायबरेली के पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर और अपराध शाखा की संयुक्त पुलिस टीम ने इस मामले की गहन जांच शुरू की। तकनीकी सहयोग से मिली सफलताविवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी सहयोग का उपयोग करते हुए गबन की गई राशि का पता लगाया और लगभग 3.17 करोड़ रुपये की पूरी रकम बरामद कर ली। जांच में यह भी सामने आया कि इस घोटाले में विक्रम शर्मा और जसवंत शर्मा मुख्य आरोपी हैं। विक्रम शर्मा पूर्व में नगर पालिका परिषद में एडहॉक पर कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था, जिसके कारण उसे नगर पालिका के वित्तीय लेन-देन की जानकारी थी। 20 जून 2025 को थाना कोतवाली नगर और अपराध शाखा की संयुक्त पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं 409, 419, 420, 467, 468, और 471 भारतीय दंड संहिता (भा.द.वि.) जोड़ी गई हैं ।

## अवैध अतिक्रमण चला बुलडोजर

**गौरीगंज,अमेठी।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज के माधोपुर वार्ड नं. 13 में दो दिन पहले राजस्व विभाग की टीम पर हुए हमले के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवा दिया। उक्त कार्रवाई एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और राजस्व टीम की मौजूदगी में की गई। घटना विगत बुधवार की है जहां राजस्व विभाग की टीम सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंची थी, जहां दबंगों ने एसडीएम समेत टीम व विपक्षी पर हमला कर दिया था। बुधवार की देर रात लेखपाल की तहरीर पर पांच लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा गौरीगंज कोतवाली में दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया था। वहीं डीएम के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर शुक्रवार को अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## सेवारत, भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक 26 को

**अमेठी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमान्डर अखिलेश पाण्डेय (अ0प्रा0) ने बताया कि जनपद के सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्यायें यथा-भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान तथा सैनिकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम संजय चौहान की अध्यक्षता में 26 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के समस्त सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय से बैठक में अपनी समस्या का निराकरण करा सकते है।

# पांच दुकानदारों को सौंपे लोन के चेक

जिला संवाददाता (vol)



**डलमऊ, रायबरेली।** भारत सरकार संचालित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में सरकारी आंदोलन को मजबूत करने तथा किसानों की समस्या को समझने हेतु एक विशेष पहल की जा रही है। किसानों की समृद्धि और उनकी समस्याओं को जानने समझने के लिए शुक्रवार को बीपैक्स घुरवारा, रायपुर, टप्पा हवेली, बराराबुजुर्ग एवं साईं समिति में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने कृषकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी एवं कृषको को आ रही कठिनाइयों के संबंध में संवाद भी किया। सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में प्रदेश की पहली रेहडी पटरी सरकारी ऋण समिति लिमिटेड घुरवारा का उद्घाटन भी चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह द्वारा किया गया। अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रायबरेली द्वारा रेहडी पटरी ऋण समिति लिमिटेड घुरवारा का शुभारंभ करते हुए रेहडी पटरी व्यवसाय करने वाले समिति के पांच सदस्यों को 20-20 हजार रुपए का चेक वितरित किया गया जिससे सरकार से समृद्ध योजना अंतर्गत सहकारिता के क्षेत्र में रेहडी पटरी पर आश्रित सदस्यों को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सुशील शर्मा उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रायबरेली, कुंवर बहादुर सिंह, देवेंद्र बहादुर सिंह, कौशलेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, प्रेम नारायण मिश्रा, विनोद प्रताप सिंह, अजय सिंह, गजेंद्र सिंह पूर्व संचालक, ओम दत्त सिंह, अरुण सिंह, दिनेश बहादुर सिंह, उत्तम सिंह, मनोज सिंह, मोती सिंह समिति अध्यक्ष, राम सागर चैरसिया, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता जनपद रायबरेली, बृजेश विश्वकर्मा सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रायबरेली रवि शंकर, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, अजय कुमार उप महाप्रबंधक, रंजय सिंह, अनुराग अधिकारी आई0टी0, शैलेंद्र कुमार अनुभाग अधिकारी प्रशासन, अजय कुमार तिवारी, राघवेंद्र सिंह समिति सचिव एवं भारी संख्या में कृषकगण मौजूद रहे।

## गौरव एग्रो एजेंसी के संचालक पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** दो दिन पूर्व बीज भंडार पर काफी मात्रा में एक्सपायरी दवा मिलने के मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने गौरव एग्रो एजेंसीज के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। लंभुआ में चैकिया रोड पर स्थित गौरव एग्रो एजेंसीज पर बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिदम आनंद तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी दीपचंद चैरसिया की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया था। लगभग ढाई घंटे चले निरीक्षण के दौरान काफी मात्रा में एक्सपायरी दवा पाई गई थी और उस पर अलग से स्टीकर लगाकर डेट बढ़ाई गई थी। एजेंसी संचालक द्वारा किसानों के साथ छल करने का मामला प्रकाश में आते ही जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने नाराजगी जाहिर की थी और एक्सपायरी दवाओं को जप्त कर कोतवाली में जमा करा दिया था और डीएम की अनुमति के लिए रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। डीएम की अनुमति मिलने के बाद जिला कृषि रक्षा अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने एक्शन लिया और गौरव एग्रो एजेंसीज के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री चैरसिया ने बताया कि किसी भी बीज भंडार पर अगर नकली व एक्सपायरी दवाएं पाई गई तो उसके खिलाफ तत्काल विधिक कार्रवाई की जाएगी।

- बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम ने किया था निरीक्षण

संक्षेप

## वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के बीच सटोरियों के अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव शुक्रवार को 79 रुपये चढ़कर 6,370 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 79 रुपये यानी 0.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,370 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 9,030 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि मजबूत वैश्विक रुख के बीच प्रतिभागियों के अपने सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का भाव 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.00 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि ब्रेंट कच्चा तेल 2.93 प्रतिशत फिसलकर 76.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## मीडियाटेक का डायमेन्सिटी 8450 मोबाइल प्लेटफॉर्म पेश

नई दिल्ली। मीडियाटेक ने मीडियाटेक इंडिया डायमेन्सिटी समिट में एक प्रीमियम 5जी स्मार्टफोन चिप मीडियाटेक डायमेन्सिटी 8450 लांच किया है। यह चिप असाधारण निष्पादन, दक्षता और कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस समिट में टेक उत्साहियों और प्रशंसकों के समुदाय मीडियाटेक कनेक्ट की पहली वर्षगांठ भी मनाई गई जहां मीडियाटेक डायमेन्सिटी डिवाइसों का उपयोग कर एक गेमिंग टूर्नामेंट में लोगों ने आनंद उठाया। इस कंपनी ने सभी ब्रांडों में अग्रणी, प्रीमियम और प्रवेश स्तरीय स्मार्टफोन में लगी डायमेन्सिटी 5जी चिपसेट पोर्टफोलियो को भी प्रदर्शित किया।

## जीरो-शुगर थम्स अप एक्सफोर्स लॉन्च

नई दिल्ली। थम्स अप का नया अवतार –थम्स अप एक्सफोर्स – जीरो-शुगर ड्रिंक्स की दुनिया में तहलका मचा रहा है। युवाओं के लिए खास तौर पर तैयार किया गया यह शुगर-फ्री ड्रिंक लॉन्च से पहले ही सुर्खियों में था। एक लाख से ज्यादा प्री-बुकिंग और मार्च में लॉन्च के बाद 25 लाख से ज्यादा यूनिट केस की रिकॉर्ड बिक्री के साथ, थम्स अप एक्सफोर्स अब भारत की डाइट और लाइट बेवरेज कैटेगरी में नंबर वन ब्रांड बन गया है। पचास साल बाद भी थम्स अप का जोश कम नहीं हुआ है। एक्सफोर्स उन लोगों के लिए है जो अपने नियम खुद बनाते हैं, जोखिम उठाने से नहीं डरते और हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। इसका बोल्ड स्वाद, जबरदस्त फिज और ऑल थंडर वाला जोश, वो सब कुछ देता है जो थम्स अप को खास बनाता है अब बिना शुगर और बिना कैलोरी के।

## लेनोवो ने किया अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार

नई दिल्ली। लेनोवो ने उत्तर भारत में 15 नए और नवीनीकृत स्टोर्स की शुरूआत कर अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत किया है, जिससे इस क्षेत्र में एक मार्केट लीडर के रूप में उसकी स्थिति और सुदृढ़ हुई है। रीवा, इंदौर, ग्वालियर, नई दिल्ली, मथुरा, बिजनौर, श्रीगंगानगर और बुलंदशहर जैसे रणनीतिक स्थानों पर स्थित ये स्टोर्स ग्राहकों को एक आकर्षक और समृद्ध खरीदारी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से खोले गए हैं। लेनोवो की स्मार्टर टेक्नोलॉजी फॉर ऑल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन नए स्टोर्स के माध्यम से हम ग्राहकों को एक बेहतरीन, प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ अपने अभिनव उत्पाद पोर्टफोलियो को अधिक व्यापक दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं।

## मॉनसून में बालों की भी देखभाल जरूरी

नई दिल्ली। लगातार बारिश के पानी और नमी के संपर्क में आने से बाल रूखे, उलझे, गंदे और कमजोर हो सकते हैं। हालांकि मौसम को बदलना हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन सही हेयर केयर रूटीन अपनाकर बालों को इन प्रभावों से बचाया और सुधारा जा सकता है। इस बारे में डॉ. शिल्पा वोरा, नियमित रूप से बालों में तेल लगाने की सलाह देती हैं। इससे बालों को मजबूती मिलती है, नमी बनी रहती है और रूखापन कम होता है। तेल लगाने से फ्रिज कम होता है और बाल आसानी से सुलझते हैं, जिससे कंघी करते समय टूटने की संभावना भी घटती है। बाजार में कई तरह के हेयर ऑयल उपलब्ध हैं, लेकिन अपने बालों की जरूरत के हिसाब से सही तेल चुनना जरूरी है।

# सेंसेक्स में 1046 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया।

वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी के चलते शुक्रवार को बाजार में तेजी आई। कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1046.30 अंक यानी 1.29 प्रतिशत उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह।,132.62 अंक यानी 1.39 प्रतिशत बढ़कर 82,494.49 पर पहुंच गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 319.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1484 शेयरों में गिरावट आई और 147 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1289.57 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़ा। ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत होने की उम्मीद के कारण पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और तत्काल सैन्य कार्वाई का जोखिम कम होने से शेयर बाजार में तेजी आई। इस घटनाक्रम के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को लाभ मिला और विदेशी निवेशकों की धारण मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि वित्त, वाहन और रियल्टी जैसे ब्याज दर को लेकर संवेदनशील और उपभोक्ता आधारित क्षेत्रों में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.20 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.55 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73 प्रतिशत, रियल्टी में 2.22 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 1.42 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 1.17 प्रतिशत, बैंक में 1.15 प्रतिशत, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 प्रतिशत और धातु में 1.10 प्रतिशत की तेजी आई। ईरान-इजराइल संघर्ष में नरमी आने के संकेत मिलने वाली खबरों के बाद बाजार की धारणा में सुधार हुआ। अमेरिका ने किसी कार्वाई में देरी का संकेत दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें घटीं।

# सोना 600 रुपये टूटकर 99960 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 2000 रुपये फिसली



नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 99,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100,560 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 550 रुपये टूटकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये लुढ़क कर।,05,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बृहस्पतिवार को यह।,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी हाल के उच्च स्तर से फिसलकर एक सप्ताह के निम्न स्तर के करीब पहुंच गई है और तीन सप्ताह में पहली बार साप्ताहिक गिरावट की ओर बढ़ रही है। सप्ताह की शुरुआत में तेज उछाल के बाद यह 35.70 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। यह गिरावट तब आई जब निवेशकों ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अन्य जगहों पर घाटे की भरपाई के लिए सर्राफा में अपने सौदों का निपटान किया। कलंत्री ने कहा कि बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी बृहस्पतिवार को अपनी मौद्रिक नीति बैठकों में ब्याज दर स्थिर रखीं, जिससे कीमती धातुओं की बढ़त सीमित रही। हालांकि, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष और रुपये में कमजोर रुख से भी घरेलू बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों को समर्थन मिल रहा है।

# आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मई में घटकर 0.7 प्रतिशत पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7 प्रतिशत रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में दर्ज की गई थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत थी। इस साल अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में आठ प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले कम है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.9 प्रतिशत थी।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर बंद



मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86.59 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत प्रदर्शन और एफआईआई लिवाली ने स्थानीय मुद्रा को और समर्थन दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.65 पर खुला और 86.55-86.67 के सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। रुपया कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की बढ़त के साथ 86.59 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 30 पैसे टूटकर दो महीने के निचले स्तर 86.73 पर बंद हुआ था। आज (शुक्रवार) को रुपये में तेजी आई, लेकिन इस महीने अब तक इसमें एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई है। अधिकांश गिरावट पिछले शुक्रवार को इजराइल के ईरान में हमला करने के बाद आई। हमलों ने वैश्विक तेल आपूर्ति में व्यवधान को लेकर चिंताएं पैदा कीं, जिससे वायदा बाजार में ब्रेंट क्रूड तेल पांच महीने के उच्चतम स्तर 79 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में गिरावट से शुक्रवार को स्थानीय मुद्रा को राहत मिली। अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अगले दो हफ्तों में फैसला करेंगे कि क्या अमेरिका इजराइल-ईरान युद्ध में शामिल होगा या नहीं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.60 पर था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 2.36 प्रतिशत टूटकर 76.99 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 934.62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# एडीबी, विश्व बैंक बांग्लादेश को 1.5 अरब डॉलर का कर्ज देंगे

ढाका। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक ने बांग्लादेश को अपने बैंकिंग क्षेत्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और अन्य परियोजनाओं में मदद के लिए 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। शुक्रवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

एडीबी ने 90 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है, जिसमें से 50 करोड़ डॉलर देश के बैंकिंग क्षेत्र में सुधार लाने और उसे मजबूत बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे, जबकि शेष 40 करोड़ डॉलर जलवायु परिवर्तन की चुनातियों से निपटने और समावेशी विकास पहल को बढ़ावा देंगे। एडीबी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि 50 करोड़ डॉलर के नीति-आधारित ऋण का उद्देश्य बांग्लादेश की बैंकिंग प्रणाली की संचालन और परिसंपत्ति की गुणवत्ता को मजबूत करना है। इसके अलावा, एडीबी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, समावेशी विकास कार्यक्रम (सीआरआईडीपी) के दूसरे चरण के लिए 40 करोड़ डॉलर के ऋण को भी मंजूरी दी। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश के प्रयासों का समर्थन करना है।

# एयर इंडिया की बुकिंग 20 प्रतिशत घटी, किराया 15 प्रतिशत सस्ता



नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह विमान दुर्घटना के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया की उड़ानों की बुकिंग में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान एयरलाइन के औसत किराए में आठ से 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर कुछ भी कहने से मना कर दिया। पिछले सप्ताह 12 जून को 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। शहर के मेघाणीनगर क्षेत्र में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान एक मेडिकल कॉलेज परिसर पर गिर गया। इसमें विमान में सवार एक व्यक्ति को छोड़कर सभी की मौत हो गई, जबकि जमीन पर मौजूद लगभग 29 लोगों की भी मौत हो गई। गोसाईं ने इस हादसे के बाद हमने बुकिंग में, खासकर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में अस्थायी गिरावट देखी है। हालांकि, सटीक प्रतिशत मार्ग के अनुसार अलग-अलग है, लेकिन हमारे अनुमानों से पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में लगभग 18-22 प्रतिशत की गिरावट आई है और तत्काल बाद घरेलू स्तर पर 10-12 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, यह एक अल्पकालिक धारणा आधारित प्रतिक्रिया लग रही है, क्योंकि आम तौर पर समय के साथ चीजें ठीक हो जाती है। आईएटीओ अध्यक्ष ने बताया कि एयर इंडिया के प्रमुख मार्गों पर किराए में मामूली समायोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि औसतन, घरेलू क्षेत्रों में टिकट की कीमतों में आठ से 12 प्रतिशत की कमी आई है, जहां एयरलाइन सीधे इंडिगो और अकासा जैसी किफायती कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर, विशेष रूप से यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया के लिए, किराए में 10-15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या यात्रा संचालकों के माध्यम से बुक की गई एयर इंडिया की उड़ानों के लिए यात्रियों ने टिकट रद्द किए हैं, आईएटीओ अध्यक्ष ने कहा, हां, हमने रद्दीकरण में, विशेष रूप से कॉरपोरेट और उच्च श्रेणी के छुट्टियां मनाने वाले यात्रियों द्वारा उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जिन्होंने वैकल्पिक वाहकों को चुना है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 698.95 अरब डॉलर पर



मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 जून को समाप्त सप्ताह में 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 698.95 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले छह जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, छह जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.74 अरब डॉलर बढ़कर 589.43 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 86.32 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.76 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.45 अरब डॉलर हो गया।

## पेज एक का शेष

### यूपी : सड़क

भी सवार थे। हादसे में उपनिरीक्षक मंजीत सिंह की मौत हो गयी, जबकि हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी के सिर में चोट लगी है, जिन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाया गया है।

सुलतानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर शुक्रवार सुबह दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की हुई टक्कर में उनपर सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक यह सड़क दुर्घटना मदनपुर मोड़ पर हुई है। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय दिलीप कुमार और 25 वर्षीय जितेंद्र के तौर पर हुई है। वहीं, बिजनौर में उत्तर प्रदेश रोडवेज बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों की मौत हो गई। अफजलगढ़ थाना प्रभारी सुमित राठी ने बताया कि दुर्घटना बृहस्पतिवार रात जिकरीवाला बाईपास के पास हुई, जब गोवर्धनपुर नवका गांव के निवासी शाकिर के बेटे अरमान (22) और फहीम (23) मेला देखने जा रहे थे।उनकी मोटरसाइकिल रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में घायल हुए अरमान और फहीम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जबकि मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र में सिरसागंज मार्ग पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई और उनकी चचेरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतकों की पहचान फिरोजाबाद जिले के नारखी निवासी आकाश (24) और उसके छोटे भाई राहुल (18) के रूप में हुई है जबकि उसकी चचेरी बहन लक्ष्मी (20) घायल है।

### एअर इंडिया के

के अनुसार, दिल्ली-नैरोबी मार्ग पर प्रति सप्ताह चार उड़ानें हैं, जबकि अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) मार्गों पर प्रति सप्ताह तीन उड़ानें हैं। इसके अलावा, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और सुदूर पूर्व के शहरों को जोड़ने वाले 18 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम की जाएगी। उत्तरी अमेरिका के जिन मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम होगी, उनमें दिल्ली-टोरंटो, दिल्ली-वैंकूवर, दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को, दिल्ली-शिकागो और दिल्ली-वाशिंगटन शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी

का अनावरण किया जिसे लोगों के जवाब के बाद तैयार किया है। इसमें 2036 में भाषाई राज्य के रूप में ओडिशा के गठन की शताब्दी और 2047 में भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने के मद्देनजर राज्य के विकास लक्ष्यों का खाका है। इस दृष्टि दस्तावेज का लक्ष्य ओडिशा को 2036 तक 500 अरब डॉलर और 2047 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है।

प्रधानमंत्री ने बारापुत्र ऐतिहासिक ग्राम योजना की भी शुरुआत की जो ओडिया महापुरुषों के जन्मस्थानों को स्मारकों में बदलने की पहल है। इससे सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और विरासत को संरक्षित किया जा सकेगा। मोदी ने कुछ लखपति दीदी समेत राज्य भर की कुछ सफल महिलाओं को भी सम्मानित किया। लखपति दीदी ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक पहल है, जो स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य स्थायी आजीविका प्रथाओं को अपनाकर उन्हें एक लाख रुपये से अधिक की वार्षिक घरेलू आय प्राप्त करने में मदद करना है। देश में 16.60 लाख लखपति दीदी बनाने के मामले में राज्य शीर्ष पर है।

### गोरखपुर लिंक

बीमारू राज्य से एक्सप्रेस वे प्रदेश में बदल दिया है। यह लिंक एक्सप्रेस वे आजमगढ़, अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे पटना से दिल्ली तक की यात्रा आसान होगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले सड़कों पर गड्ढे थे, और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का शिलान्यास तो हुआ था, लेकिन जमीन तक नहीं खरीदी गई थी। डबल इंजन सरकार ने इसे 11,800 करोड़ रुपये में 120 मीटर चौड़ा बनाकर पूरा किया।

सीएम योगी ने विपक्षी सरकारों पर डी-कंपनी और दाऊद गिरोह से साझेदारी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने आजमगढ़ को आतंक का गढ़ बनाया था। उन्होंने 2007-08 में शिवली नेशनल कॉलेज में अजीत राय की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि अब ऐसा दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल और एयर स्ट्राइक का उदाहरण देते हुए कहा कि अब सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए यमराज का टिकट तैयार रहता है।

सीएम ने महाकुंभ, अयोध्या, काशी, और विंध्यवासिनी धाम जैसे धार्मिक स्थलों के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज संस्कृति की पहचान को मजबूत कर रहे हैं। सीएम ने 60,244 पुलिस भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि बिना भेदभाव के हर जाति-संप्रदाय के युवाओं को, जिसमें 12,045 बेटियां शामिल हैं, नौकरी मिल रही है। उन्होंने एक्सप्रेस वे किनारे औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की योजना का जिक्र किया, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। सीएम ने कहा कि आजमगढ़ की साड़ी, ब्लैक पॉटरी, और हरिहरपुर के संगीत घराने को नई पहचान मिली है। उन्होंने 16 एयरपोर्ट और फोरलेन कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब नई ऊंचाइयों पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में विश्वनाथ धाम, चित्रकूट में चित्रकूट धाम एवं विन्ध्य धाम का विकसित होना उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिला रहा है। हम सबको अपने इतिहास, विरासत एवं परम्परा को विस्मृत नही होने देना चाहिए। उत्तर प्रदेश के नौजवानों को रोजगार, नागरिकों को सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि अभी जल्द ही हमारी सरकार ने 60244 पुलिस नौजवानों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नौकरी उपलब्ध करायी है, जिसमें 12045 बेटियां शामिल हैं।

प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा सुलतानपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी और अयोध्या के अतिरिक्त आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का संचालन किया जा रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के बन जाने से गोरखपुर, अम्बेडकर नगर, संत कबीर नगर एवं आजमगढ़ सहित अन्य जिले के लोग लाभान्वित होंगे। एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, दिल्ली तक त्वरित एवं सुगत यातायात कॉरीडोर से जुड़ जायेगा। एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर जनपद गोरखपुर तथा जनपद अम्बेडकरनगर में इन्डस्ट्रीयल हब बनाने की तैयारी है, जिससे क्षेत्र में निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन व स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गोरखपुर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।

### जाति और धर्म

की दशा का उल्लेख करते हुए कहा कि तब उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर थी, यहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव था। गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिलता था। परम्परागत उद्यम बंदी के कगार पर थे। एक जिला एक माफिया पिछली सरकारों की देन थी। तब विकास की योजनाओं में बंदरबांट और माफिया का वर्चस्व था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2017 के बाद का उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त राज्य बन चुका है। अब यह देश में पर्यटन और निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी में यह पता ही नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, पर अब यह प्रदेश एक्सप्रेसवे के नए संजाल से अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के सामने अब पहचान का संकट नहीं है। पांच दिन पूर्व गृह मंत्री अमित शाह की मौजदूगी में 60 हजार से अधिक युवाओं को पुलिस में नियुक्ति का पत्र दिया गया। इसमें 12045 बेटियों की भर्ती हुई है। आजादी के बाद 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ दस हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी, अब यह संख्या 40 हजार से अधिक हो चुकी है। अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं होते। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उत्तर प्रदेश अब युवा ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बिना दो नेताओं का नाम लिए कहा कि पुलिस सहित सरकारी भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती।

### भारतीय संस्कृति

अभियान के माध्यम से, जो एक सुलभ भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर जोर देता है, सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समान भागीदारी के लिए प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। उन्नत प्रौद्योगिकी की मदद से दिव्यांग व्यक्ति भी मुख्यधारा में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान समावेशी शिक्षा प्रणाली और नवीनतम तकनीकी संसाधनों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दे रहा है। समाज को जीवन के हर क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

ज्ञातव्य है कि देहरादून में राजपुर रोड पर स्थित राष्ट्रपति तपोवन, हिमालय की तलहटी में बसा 19 एकड़ का राष्ट्रपति भवन है, जो आध्यात्मिक विश्राम और पारिस्थितिकी संरक्षण पर जोर देता है। देशी वनस्पतियों से समृद्ध एक घना जंगल, तपोवन में 117 पौधों की प्रजातियां, 52 तितलियां, 41 पक्षी प्रजातियां और 7 जंगली स्तनधारी हैं, जिनमें कुछ संरक्षित प्रजातियां भी शामिल हैं।

### इजराइल-ईरान

विदेश मंत्री मार्को रुबियो और दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। जिनेवा के लिए उड़ान भरने से पहले अराघची ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर कहा कि उनका देश तब तक किसी के साथ बातचीत नहीं करना चाहता जब तक कि इजराइल के हमले जारी रहेंगे। उन्होंने अमेरिका पर इजराइल का साथी और सहयोगी होने का भी आरोप लगाया और कहा कि ट्रंप ईरान पर हमलों के बारे में बात करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट और साक्षात्कारों में नियमित रूप से हम शब्द का इस्तेमाल करते हैं।

### यूपी में अंतर्राष्ट्रीय

में गुलाब पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं।

### अल्टीमेट ग्रीन

शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर शहरों में हरित पहलों को बढ़ावा देते हुए ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बगीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा।




# भारत का स्कोर 322 रन पर

## पहला टेस्ट-बतौर कप्तान गिल का पहला शतक, ऐसा करने वाले 5वें भारतीय बने

लीड्स। भारत और इंग्लैंड के बीच आज लीड्स में पहले टेस्ट की शुरूआत हो चुकी है। भारतीय टीम इस दौरे की शानदार शुरूआत करने के इरादे से उतरी है। रोहित-कोहली की अनुपस्थिति में गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है। भारतीय टीम ने पहली पारी में तीन विकेट पर 322 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल 103 और ऋषभ पंत 42 रन पर नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। कप्तान शुभमन गिल 98 और ऋषभ पंत 31 रन पर नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। भारत को यशस्वी के रूप में तीसरा झटका लगा जो शतक लगाकर आउट हुए। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत गिल का साथ देने उतरे और दोनों के बीच अब तक 21 रनों की साझेदारी हो गई है। यशस्वी जायसवाल शतक लगाकर पवेलियन लौट गए हैं। यशस्वी और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी हुई जिसे बेन स्टोक्स ने यशस्वी को आउट कर तोड़ा। दूसरे सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए थे, लेकिन तीसरे सत्र की शुरूआत में ही उन्हें यशस्वी का विकेट मिला। यशस्वी 159 गेंदों पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए।



भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के शुरूआती दिन के तीसरे सत्र का खेल शुरू हो गया है। दूसरा सत्र पूरी तरह भारत के नाम रहा था और अब तीसरे सत्र में गिल और यशस्वी की नजरें इस लय को बरकरार रखने पर टिकी होंगी। भारत का स्कोर अब तक 200 रन के पार पहुंच गया है। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल की साझेदारी से पहले टेस्ट मैच के शुरूआती दिन का दूसरा सत्र पूरी तरह भारत के नाम रहा है। भारत ने लंच ब्रेक से ठीक पहले दो विकेट गंवाए थे और दूसरे सत्र में यशस्वी का साथ देने के लिए गिल उतरे थे। गिल और यशस्वी ने इस सत्र में इंग्लैंड को कोई सफलता हासिल नहीं करने दी जिससे भारत ने चायकाल तक दो विकेट पर 215 रन बनाए। यशस्वी ने इस दौरान अपना शतक पूरा किया, जबकि गिल ने अर्धशतक लगाया। यशस्वी और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए अब तक 123 रनों की साझेदारी हुई है। जायसवाल (नाबाद 100 रन) ने अपना पांचवां शतक पूरा करने के लिए 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गिल 74 गेंद में 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक बनाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से तुरंत पहले केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रिस वोक्स की गेंद पर ऑफ-ड्राइव के बाद एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जायसवाल ने जल्द ही ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया और हवा में उछलकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले उन्होंने इस गेंदबाज पर प्वाइंट और कवर पर लगातार चौके लगाए। सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42 रन) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का डटकर सामना करते हुए पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई। पर पहले सत्र के अंतिम क्षण में राहुल के आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में मूवमेंट और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके।

# राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला हैः नायर



लीड्स। लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे। नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा कि मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा कि राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा कि जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा कि टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही। मुझमें भूख बनी रही और यही बात मुझे प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलना था। हर दिन, हर सुबह मैं यह सोचता था कि मुझे उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए क्या करना चाहिए। उस विश्वास को कभी नहीं खोना और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दृढ़ संकल्प होना, ऐसी चीज थी जिसने मेरी मदद की।

संक्षेप

## बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

पासाडेना (अमेरिका)। बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैम्पियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंदी एटलेटिको मैड्रिड को 40 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली। बोटाफोगो की तरफ से इगोर जीसस ने 36वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। पीएसजी ने इस तरह से तीन मई के बाद पहली बार किसी मैच में हार का स्वाद चखा। यही नहीं पीएसजी ने 17 मई के बाद पहली बार किसी मैच में गोल खाया। बोटाफोगो की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह ग्रुप में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।

## अब खेलों में प्रतिभाओं की तलाश के लिए मोबाइल ऐप

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की तलाश को जन भागीदारी से जोड़ते हुए जल्दी ही एक खास मोबाइल ऐप लांच करेगा जिस पर नागरिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के वीडियो डाल सकेंगे और खेलो इंडिया की क्षेत्रीय समितियां उनका आकलन करेगी। पिछले कुछ अर्से में सोशल मीडिया पर असाधारण प्रतिभा के धनी कई अनजान युवा खिलाड़ियों (खासकर क्रिकेट, एथलेटिक्स, तीरंदाजी में) के वीडियो वायरल हुए हैं जिन्हें ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां शुक्रवार को मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अब तक प्रतिभाओं की तलाश का जरिया स्कूल, आयुवर्ग स्पर्धायें, खेलो इंडिया, खेल महासंघ, अस्मिता लीग या कीर्ति योजना रहे हैं लेकिन अब एक विशेष मोबाइल ऐप लांच किया जायेगा जिस पर कोई भी नागरिक ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों के प्रदर्शन की वीडियो अपलोड कर सकेंगे। इसके बाद खेलो इंडिया के तहत क्षेत्रीय प्रतिभा चयन समितियां इनका आकलन करेंगी। इन समितियों में विशेषज्ञ कोच, पूर्व खिलाड़ी और खेल विशेषज्ञ होंगे। यहां से चुने गए खिलाड़ियों को खेलो इंडिया केंद्रों के लिये चुना जायेगा जहां उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण, खेल विज्ञान सहयोग, आहार संबंधी मार्गदर्शन और मेंटोरशिप मिलेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि देश के सुदूर इलाकों से भी हर प्रतिभा को मंच मिल सके और सही अवसर भी। यह राष्ट्रीय खेल रिपॉजिटरी प्रणाली का ही एक हिस्सा होगा।

# इंग्लैंड में सफल हो सकता है जायसवालः अजिंक्य रहाणे

मुंबई। भारतीय टीम से बाहर चल रहे सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि इंग्लैंड दौरे पर यशस्वी जायसवाल अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने में सक्षम हैं।

पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होगी। रहाणे ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं यशस्वी जायसवाल को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि इंग्लैंड में पारी का आगाज करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि उसके पास अच्छा कौशल है। वह एक छोर पर विकेट बचाकर रख सकता है और जरूरत पड़ने पर आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकता है। इसलिए मैं इंग्लैंड में जायसवाल का प्रदर्शन देखने के लिए वाकई उत्सुक हूं। अप्रैल में ऐसी खबरें आई थीं कि पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में जम्मू-कश्मीर से हार के बाद मुंबई के खिलाड़ियों जायसवाल और रहाणे के बीच मतभेद पैदा हो गए थे। रहाणे ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच दो साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, जबकि



जायसवाल जुलाई 2023 में कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से टीम के पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज रहे हैं। रहाणे ने इसके साथ ही कहा कि मैं मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को भी अच्छा प्रदर्शन करते देखना चाहता हूं, क्योंकि सीनियर खिलाड़ी होने के कारण उन पर आक्रमण का नेतृत्व करने और टीम के लिए विकेट लेने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि बुमराह कितने शानदार गेंदबाज हैं और उन्होंने विकेट लेने में महारत हासिल की है, लेकिन मैं उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी लेते हुए और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से टीम को बाहर निकालने में मदद करते हुए देखना चाहूंगा, क्योंकि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतना हमेशा बहुत खास होता है।

# हॉकी खिलाड़ियों को पहली बार टॉप्स के तहत 25000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

नयी दिल्ली। भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25000 रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है।

मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा, हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये आउट आफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) दिया जायेगा जो टॉप्स योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य यही है कि खिलाड़ी प्रदर्शन पर फोकस करे और देश के लिये पदक जीतें। टॉप्स के तहत कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल खिलाड़ियों को 25000 रूपये प्रतिमाह ओपीए दिया जाता है। वहीं टारगेट



एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल खिलाड़ियों को 50000 रूपये प्रतिमाह ओपीए मिलता है। इसके लिये हॉकी इंडिया हर महीने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को 80 खिलाड़ियों की सूची सौपेगा जिसके मायने है कि इसमें बदलाव की भी गुंजाइश होगी। इसमें मूल रूप से सीनियर कोर ग्रुप में शामिल खिलाड़ी और जूनियर खिलाड़ी भी होंगे जो नियमित रूप से राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले मनोबल और बढ़ेगा। हम मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहते हैं जिसने यह अहम फैसला लिया। हमारे खिलाड़ियों को विश्व कप, ओलंपिक और एशियाई खेल जैसे अहम टूर्नामेंट खेलने हैं और उनका मनोबल इस पहल से काफी बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी का ग्राफ ऊपर की ओर बढा है। तोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता जबकि महिला टीम ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक बरकरार रखा। वहीं ग्वांग्झू एशियाई खेलों में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। हॉकी खिलाड़ियों को अपने नियोक्ताओं से वेतन मिलता है जबकि क्रिकेट की तर्ज पर ग्रेड के आधार पर अनुबंध व्यवस्था शुरू करने पर हॉकी इंडिया पिछले कुछ साल से विचार कर रहा है। इसके अलावा ओलंपिक और एशियाई खेलों समेत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कार राशि मिलती है।

# डोपिंग में भारत में पॉजिटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाये जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है लेकिन हमें यह मानना होगा कि हमारी टेस्टिंग काफी पारदर्शी है और हर साल नमूनों की संख्या बढ रही है। हम युद्धस्तर पर जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं और अगले दो साल में यह आंकड़ा कम हो जायेगा। वैश्विक स्तर पर, 2023 में 204,809 परीक्षण किए गए, जिनमें से 1820 प्रतिबंधित दवाओं के लिए सकारात्मक आए, जबकि भारत का हिस्सा 214 था जो डोप टेस्ट में नाकाम रहे कुल खिलाड़ियों की संख्या का 11 प्रतिशत से अधिक है। यह आंकड़ा किसी भी देश के लिए सबसे अधिक है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि खेल मंत्रालय युद्धस्तर पर इससे निपटेगा। हम मासिक तौर पर जागरूकता कार्यक्रम चलायेंगे। इसके अलावा दवाओं और पोषक आहार सप्लीमेंट की गांधीनगर और दिल्ली में विशेष लैब में जांच होगी। वहां से हरी झंडी मिलने पर ही खिलाड़ी उनका सेवन करेंगे। अधिकांश समय खिलाड़ी जानकारी के अभाव में या सरकारी नौकरी पाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की ललक में डोपिंग की चपेट में आ जाते हैं। हम उन्हें यह समझायेंगे कि डोपिंग निरोधक नियमों का पालन नहीं करने पर वे अधिक नुकसान में रहेंगे।

# पांच फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज, नौ पदकों के साथ किया समापन

सिंगापुर। भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया।

रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व



तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की। भारत ने अपने दोनों स्वर्ण पदक इस वर्ग में जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर अपनी प्रतिष्ठा को सही साबित किया। भारत को इस स्पर्धा में कांस्य पदक भी मिला, जिसमें 10वें वरीय सचिन चेची ने चौथे वरीय हिमू बछाड़ को कड़े मुकाबले में 148-146 से हराया। महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक सुनिश्चित था क्योंकि इसके फाइनल में मुकाबला जो भारतीय खिलाड़ियों के बीच था जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे ने पहली वरीय बुड्डे को 146-144 से हराया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष कम्पाउंड टीम को तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान ने 231-235 से हरा दिया।महिलाओं की कम्पाउंड टीम 232-232 से बराबरी पर रहने के बाद निचली रैंकिंग वाली मलेशिया से शूट-ऑफ में हार गई। शानमुखी और दलाल की मिश्रित कंपाउंड टीम को कजाकिस्तान से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

# लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर, स्मिथ भी नहीं खेल पायेंगे पहला टेस्ट

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ दूसरे टेस्ट के लिए फ़िट होने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि किशोर सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बेली ने कहा कि हमने स्टीव और मार्नस की जगह जोश और सैम को मौका देने का निर्णय लिया है। हम उन्हें मौका देकर उत्साहित हैं। लाबुशेन का 104 टेस्ट पारियों में औसत 46.19 है, जिसमें 11 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट शतक 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में लगाया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्हें पारी की शुरुआत करने का मौका मिला, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना पाए। बेली ने कहा कि अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मार्नस इस टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य हो सकता है। वह समझता है कि उसका प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच बुधवार से खेला जाएगा।

# 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज

## स्वास्थ्य क्षेत्र की समस्याओं पर समग्र दृष्टिकोण से ध्यान दिया मोदी सरकार नेः अमित शाह

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विश्वविद्यालय (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि हमारे नेता और प्रधानमंत्री मोदी ने कई साल पहले गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मैं आज गर्व के साथ कह सकता हूं कि मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य की समस्या पर समग्र दृष्टिकोण से ध्यान दिया है, जिसमें फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा करीब 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल शामिल हैं। एक तरह से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी नागरिक मां के गर्भ से लेकर पूरा नागरिक बनने तक बीमार नहीं पड़े और यदि व्यक्ति अस्वस्थ हो जाता है तो वह बिना अधिक कीमत चुकाए इलाज कराए। शाह ने कहा कि देश में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए बड़े प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में देश



में सात एम्स थे, आज 23 एम्स हैं, वहीं मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। उन्होंने कहा कि तब (2014 में) 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज इनकी संख्या।,18,000 है, वहीं पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। अदिचुन्चानागिरी मठ और गांवों में स्वास्थ्य क्षेत्र में इसके संस्थानों के कार्यों की प्रशंसा करने के साथ ही शाह ने निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी की मठ की 1800 साल पुरानी परंपराओं को कायम रखने के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी तथा केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे। वहीं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश के भीतर सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे एकसमान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) की तरफ से आयोजित एक सहकारिता सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा, हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाने का भी काम किया।

# राष्ट्रपति को उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित तमाम हस्तियों ने दी जन्मदिन की बधाई

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को 67 वर्ष की हो गईं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए उनके कार्यों की सराहना की।

राष्ट्रपति मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज के उपरबेड़ा गांव में हुआ था। उन्होंने 25 जुलाई 2022 को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लीअ इसी के साथ वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्राध्यक्ष बन गईं। राष्ट्रपति वर्तमान में उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने दृष्टिबाधित व्यक्तियों के एक संस्थान का दौरा किया। मुर्मू में संस्थान में आयोजित समारोह में कहा कि सरकारी नीतियां दिव्यांग लोगों को सशक्त बनाने और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने के लिए बनाई गई हैं। राष्ट्रपति ने दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए गीत गाए जाने के बाद कहा कि कि भारत का इतिहास दया और समावेशिता के उदाहरणों से भरा पड़ा है। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के माध्यम से सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी आंखों से तो पानी रोके नहीं रुका। मुझे लगता है कि वे गले से नहीं गा रहे थे, वे अपने ह्रदय से गा रहे थे। जैसे सरस्वती उनके गले में



बैठकर गा रही थीं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर उन्होंने सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की असाधारण यात्रा तय की है जो सादगी, विनम्रता और गरिमा का प्रतीक है और हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। धनखड़ ने कहा कि एक विधायक, राज्यपाल और अब विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने सार्वजनिक सेवा में हमेशा सर्वोच्च मानदंड स्थापित किए हैं, जो अनुकरणीय हैं।

संक्षेप

## भाजपा विधायकों ने किया बहिर्गमन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में शुक्रवार को नेताजी सुभाष खेल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पर आधे घंटे तक चली हंगामेदार बहस के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। हंगामा तब शुरू हुआ, जब शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु द्वारा विधेयक पेश किये जाने के तुरंत बाद भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष उसपर बोलने के लिए खड़े हुए। मंत्री बाबुल सुप्रियो ने घोष को टोकते हुए सवाल किया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों को उनकी बात क्यों सुननी चाहिए, जब वह (घोष) और भाजपा के अन्य सदस्य पिछले दिन प्रश्नकाल के समय मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के जवाब के दौरान सदन से चले गए थे। सुप्रियो का समर्थन करते हुए 100 से ज़्यादा तृणमूल विधायक अपनी जगह पर खड़े हो गए, जबकि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने घोष को अपना भाषण जारी रखने की अनुमति दी। कल मुझे आपके और दूसरे भाजपा विधायकों के बयान हटाने पड़े, क्योंकि मंत्री के जवाब देने के दौरान आप चले गए थे। यह सदन का अपमान था, लेकिन मैं चाहता हूं कि सदन चले, इसलिए मैं चाहूंगा कि आप बोलें। अक्सर विपक्षी विधायक किसी प्रस्ताव पर अपना भाषण खत्म करने के बाद अपने स्थान से चले जाते हैं।

# भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें।

उन्होंने यह भी कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं - जंजीरें तोड़ने का औजार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है।

# चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य के पार कई लड़ाकू विमान भेजे



ताइपे (ताइवान)। चीन ने बृहस्पतिवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया। चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज एचएमएस स्पी के एक दिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा कि एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था। चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया।

# एर्दोआन ने लिया मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प



अंकारा। इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके।

एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है। इजराइल के साथ तुर्किये के तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद विश्लेषकों और अधिकारियों को इस संघर्ष के नाटो-सदस्य तुर्किये तक फैलने का तत्काल खतरा नहीं दिखता। फिर भी, कुछ लोग एर्दोआन के इस कदम को संकेत मानते हैं कि इजराइल-ईरान युद्ध संबंधित क्षेत्र में हथियारों की नयी दौड़ को जन्म दे सकता है। सीधे तौर पर इस लड़ाई में शामिल नहीं होने वाले देश भविष्य के संघर्षों की आशंका के चलते अपने सैन्य प्रयासों को बढ़ा सकते हैं। एर्दोआन ने सोमवार को कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि हम अपने मध्यम और लंबी दूरी के मिसाइल भंडार को उस स्तर तक लाने के लिए उत्पादन योजना बना रहे हैं जो हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर प्रतिरोध सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से, निकट भविष्य में हम इतनी मजबूत रक्षा क्षमता तक पहुंच जाएंगे कि कोई भी हमारे प्रति सख्त कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं कर पाएगा।

# गंगा नदी की सफाई बना सिर्फ चुनावी जुमला : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में गंगा नदी की सफाई सिर्फ एक चुनावी जुमला बनकर रह गई है और यह विषय हर चुनाव से पहले अचानक याद आ जाता है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि राज्य में डबल इंजन की सरकार आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बिहार के सिवान जिले में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की 28 विकास परियोजनाओं का शुक्रवार को उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, विज्ञापन-जीवी प्रधानमंत्री एक बार फिर बिहार के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री चाहे जितनी फर्जी घोषणाएं कर लें, चाहे जितने फीते काटकर मुफ्त का विज्ञापन कर लें, सच्चाई यही है कि बिहार में डबल इंजन की सरकार आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह नाकाम



रही है। उन्होंने आरोप लगाया, बिहार में वंचित वर्गों के खिलाफ उत्पीड़न चरम पर है, कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है, अपराधी बेलगाम हो चुके हैं और आम नागरिक बेबस। हर दिन हत्या, लूट और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। युवाओं के पास राज्य में कोई रोजगार नहीं है और वे मजबूरी में बिहार से पलायन कर रहे हैं। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मां गंगा के प्रदूषण को लेकर चुनावी चिंता भी जताएंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले 11 वर्षों में गंगा सफाई सिर्फ एक चुनावी जुमला बनकर रह गई है, जो हर चुनाव से पहले अचानक याद आ जाती है। बिहार ही नहीं, पूरे देश में मां गंगा पहले से ज्यादा प्रदूषित हो चुकी हैं। गंगा स्वच्छता अभियान के नाम पर चलाई गई ज्यादातर योजनाएं भ्रष्टाचार का ब्लैक होल साबित हुई हैं। पटना और बिहार में गंगा प्रदूषण की जो भयावह स्थिति है, उसकी पोल खुद राष्ट्रीय हरित अधिकरण खोल रहा है। नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार ने न तो-बाढ़ नियंत्रण की ओर कदम बढ़ाया और न ही गंगा का पानी पीने योज्ञ बनाया। यहां तक कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बिहार सरकार पर 50 हजार रुपए का जुर्माना तक लगाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में थे। वह भ्रमण का कार्यक्रम बनाकर, भ्रामक घोषणाओं की झड़ी लगाते हैं, लेकिन आज हम एक चौंकाने वाला खुलसा करने जा रहे हैं। बिहार में जद (यू) और भाजपा सरकार नमामि गंगे योजना लाई थी, जिसमें उन्होंने वादा किया था कि हम गंगा जी के पानी को शुद्ध करेंगे और भारत के लोगों को साफ पानी देंगे।

## रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये

कीव। रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर अपने संदेश में लिखा, यह हमला दुनिया को यह दिखाता है।

इंटरटेनमेंट...

# आमिर की फिल्म देखकर रो पड़े जावेद अख्तर

मुम्बई। आज शुक्रवार को आमिर खान की फिल्म ह्यसितारे जमीन पर रिलीज हो चुकी है। गुरुवार को मुंबई में इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई जिसमें सलमान, शाहरुख खान से लेकर कई बॉलीवुड हस्तियां नजर आईं। हाल ही में आमिर खान की तरफ से स्क्रीनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। इसमें कई सेलेब्स फिल्म को लेकर अपना रिव्यू देते नजर आए।

गुरुवार को आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर की स्क्रीनिंग पर बॉलीवुड सितारों के अलावा उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए। इस स्क्रीनिंग से जुड़ा एक वीडियो आमिर खान प्रोडक्शन के इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। वीडियो में स्क्रीनिंग के यादगार पल कैद हैं। साथ ही कई स्टार्स आमिर की फिल्म को लेकर अपना रिव्यू भी देते नजर आए हैं। जावेद अख्तर,



जूही चावला, हिमेश रेशमिया, मोना सिंह, आशुतोष राणा, आशुतोष गोवारिकर, जैकी श्रॉफ और वरुण ग्रोवर जैसे कई नामी सेलेब्स फिल्म ह्यसितारे जमीन परह्न की स्क्रीनिंग पर नजर आए। जावेद अख्तर बोले, ह्यकमाल की फिल्म है, मेरी आंखों में अभी तक आंसू है। जूही बोलीं, आमिर ने बहुत ही बेहतरीन फिल्म बनाई। आशुतोष राणा भी फिल्म की तारीफ करते नजर आए। वहीं प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने कहा, आपके दिल में जितना प्यार है, उतना इस फिल्म का दीजिए। आमिर की ही फिल्म ह्यतारे जमीन पर के चाइल्ड आर्टिस्ट रहे दर्शील सफारी भी स्क्रीनिंग पर आए, वह बोले, फिल्म देखकर मेरे गाल दुख रहे हैं। भारत में 11 से अधिक मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एमएआई ने कहा कि बड़े पर्दे के प्रति खान की प्रतिबद्धता एक शक्तिशाली संदेश देती है। एमएआई के अध्यक्ष कमल ज्ञानचंदानी ने कहा, आमिर खान हमेशा से ही दर्शकों को प्राथमिकता देने वाले फिल्म निर्माता रहे हैं। सितारे ज़मीन पर को विशेष रूप से सिनेमाघरों में लाने का उनका निर्णय सिनेमाघरों में विश्वास और फिल्म देखने के जादूई अनुभव को साझा करने का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन है।

## 25 जुलाई को रिलीज होगी सन ऑफ सरदार-2

नयी दिल्ली। अजय देवगन और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म सन ऑफ सरदार 2 सिनेमाघरों में 25 जुलाई को रिलीज होगी। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2012 में रिलीज हुई सन ऑफ सरदार का सीक्वल है। अजय देवगन ने बृहस्पतिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह खबर साझा की। उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर साझा किया, जिस पर फिल्म के रिलीज होने की तारीख लिखी है। इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, सरदार की वापसी। सन ऑफ सरदार 2 आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 25 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का प्रोडक्शन देवगन के साथ ज्योति देशपांडे, एन आर पचीसिया और प्रवीण तलरेजा ने किया है।

# फरहान की वजह से फिल्म फायर को आखिर में बदला



नयी दिल्ली। दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने कहा कि बहुत से लोग इस बात को नहीं जानते कि फरहान अख्तर के सुझाव के बाद फिल्म फायर को आखिर में हिंदी से अंग्रेजी में बदल दिया गया था। शबाना ने हाल ही में फायर की निर्देशक दीपा मेहता और फिल्म में उनकी सह-कलाकार नंदिता दास से मुलाकात की थी। समलैंगिक संबंधों पर आधारित यह फिल्म रिलीज के समय विवादों से घिरी हुई थी लेकिन अब इसे भारतीय सिनेमा में एलजीबीटीक्यू कहानियों का आधार माना जाता है। शबाना ने इंस्टाग्राम पर मेहता और दास के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, फायर तिकड़ी। 25 साल बाद। यह फिल्म पूरी दुनिया में संदर्भ बिंदु बनी हुई है। बहुत कम लोग जानते हैं कि फिल्म कुछ अलग थी। युवा फरहान अख्तर की सलाह के बाद आखिर में फिल्म की भाषा को बदल दिया गया। फिल्म में दास ने सीता और आजमी ने राधा का किरदार निभाया था।

# अपनी फिल्म भारत में रिलीज न होने से हूं दुखी

मुंबई। वेब सीरीज पंचायत-4 में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुनीता राजवार ने कहा कि यह निराशाजनक है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा प्राप्त करने के बावजूद उनकी फिल्म संतोष भारत में रिलीज नहीं होगी। संध्या सूरी के निर्देशन वाली यह फिल्म सेंसर प्रमाणपत्र मिलने में बाधा के कारण भारत में रिलीज नहीं हो सकी है। यह 2025 में ऑस्कर में ब्रिटेन की ओर से भेजी गयी आधिकारिक फिल्म थी।

फिल्म में दो महिला अधिकारियों में से एक का किरदार निभाने वाली राजवार ने कहा कि फिल्म में उनकी भूमिका अब तक का सबसे बेहतरीन अभिनय है। उन्होंने कहा मैं दुखी हूं क्योंकि इसमें मेरा बहुत अलग किरदार है, यह एक अच्छी भूमिका है, यह एक बड़ी भूमिका है। हर



कलाकार चाहता है कि सभी उनका बेहतरीन काम देखें। हम उम्मीद करते हैं कि अगर लोग हमारा काम देखते हैं तो आपको उस स्तर के किरदार निभाने का मौका मिलेगा या कुछ अलग तरह के किरदार निभाने की पेशकश मिलेगी। पंचायत-4 की अभिनेत्री ने कहा हम सभी चाहते हैं कि दर्शकों को कम से कम इसे (फिल्म को) देखने का मौका मिले और वह देखें कि हमने इसमें क्या किया है। इस पर पाबंदी है। वे (फिल्म निर्माता) कोशिश कर रहे हैं लेकिन सेंसर बोर्ड बहुत ज्यादा काटछांट के लिए कह रहा है जो कि संभव नहीं है। ग्रामीण उत्तर भारत की पृष्ठभूमि में बनी संतोष युवा हिंदू विधवा शाहना गोस्वामी की कहानी है जिसे सरकार की एक योजना की वजह से पुलिस कांस्टेबल के रूप में अपने पति की नौकरी मिल जाती है। हालांकि, वह खुद को सरकारी व्यवस्था में जड़ जमा चुके भ्रष्टाचार में फंसी हुई पाती है। इस दौरान वह दलित समुदाय की एक किशोरी की निर्मम हत्या के मामले में इंस्पेक्टर शर्मा (राजवार) के साथ काम करती है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com